परमपूज्य श्री कहानजी ऋषीजी महाराजके संप्रदायके
बाल ब्रह्मचारी मुनिश्री अमोलख ऋषिजी रचित
अघोद्धार कथागार का मान पाप उद्धार नामे

सप्तम्मंजिल समाप्तम्





मंजिल आठवां—"माया" पापोद्धार



पूर्वविभाग—"कपट"

दोहा—मांय रही अनर्थ करे । माया ठगारी जान ॥
यह शल्य महा विकराल है। दोनों भव दुःख खान ॥
पंचम अंग पंचम शतक । पंचम उदेशे मांय ॥
माया नाम बखाणीयें । गुण निष्पन्न अर्थ सहाय ॥

चोपाइ

'माया'-मायरहे, 'उवेही' उपाधी। 'वियंडी' विकट वलैये वक्र साधी
'गहणे'-गहन, 'णूंमे'-नीचो करे। 'कक्के'-कर्कस, 'कुरुपो' रूप हरे २॥
झिमो विछेडे किंव्वीसे कलसुख। आमरणा यो छिपो त्रगुण दुःखी
'गुहणैया'-गुप्त, 'वंचणयैा'-ठगाइ। माया के तेरे नाम कहाइ ॥४॥
तीन शाल्य कहे जिनराय। माया प्रथम शाल्य गिनाय॥ ५ ॥
मायाचारी को जिन कहे चोर। देखो उत्तराध्येन सुत्र ओर ॥
तपे नहीं तपस्वी नाम धराय । तपस्या का सो चोर कहाय ॥

तन वृद्ध वयवृद्ध गुणवृद्ध नांय । वय चोर जो वृद्ध बजाय॥
नीच जाती उत्तम रूप संठाण । ऊंचवजेसोरूप चोरजाण॥
अथवा रुपे साधु साहुकार । चोर वो जो सेवे अनाचार॥
अचार लोकोंमें उत्तम बताय।गुप्तकु-कर्मीआचारचोरथाय॥
बगला भक्ति करे जो भक्त।भाव चोर गुन महिमा फक्त॥
यह पांच चोरी महां दुःख कार।मर उपजे किलविषीमझार॥
नीच देव मिथ्यात्वीकुरूप।एलक तिर्यंच होय आगे स्वरूप॥
नरकादि दुर्गति मझार।भ्रमणकरे सो अनंत संसार ॥१०॥

दोहा—ऐसे मायाचारी के।फल हे बहु विकट ॥
चार प्रकार याकेकहे।घटे ज्यों घटा कपट ॥ ११॥

चोपाइ

अनन्तानु बन्धी ज्योंवांशकीगांठ।उम्मर भर नहींछोडेआंठ॥
अप्रत्यां[२] ख्यानी मींढे का श्रृंग।बारह मांस रहे कपटकाढंग॥
प्रत्याख्यानी[३] चलते बेलनीत।चार मांस लग रहेविपरीत
संज्वल[४] माया पतंग रंगजान।रखे कपट एक पक्ष प्रमान
चारों चारों गतिमें लेजाय।चारों चार गुन घात कराय
ज्यों घटावे ज्योंहै सुखकार। सारांश येही हीये धार॥१५

कपट के फल—मनहर छंद

नर करेमाया तो । मरी के सोनारीथाय ।

नारी करी माया मरी नपुंसक थावे है ॥
नपुंसक दगाकार पशु में उप जे मर ।
पशु करे कपट सो विंक्लेन्द्री कहलावे है ।
बिंक्लेन्द्रीकपट करी । एकेंद्री में जावे मरी ॥
एकेन्द्री कपट वश निगोदे उपजावे है
ऐसी नीच मायाचारी। नीचासे नीचो उतारी
नीच नीचा होनाचहावे सो माया पोसावेहैं ॥१६॥
माया वन्तो का तो मन।सदाकरे हैं भ्रमण
रखे जाने कोइ जान । मान म्हारों जावसी ॥
मुख को छीपावे झूटी बातों को बनावे ।
केइ परपंच रचावे । जाने म्हारो दाव फावसी ॥
तोभी कोइ दिन । प्रगटे पाप होवे खिन्न ॥
बर्षों को जमाइ पेठ । क्षीण में गमावसी ॥
पीछे क्रोडोंही उपाव । आवे नही गये भाव ॥
दगाबाज लाज गमा । आखीर पस्तावसी ॥ १५॥
बने साहुकार करे मोटे २ व्यापार ।
मन में सो दगा धार । चोरीही करत हैं ॥
खोटे तोले माप । खोटे खत में जवाप ॥
बनी पोशाख जो साप । कहा पाप से डरत है ॥
दगा से गमाइ परतीत करी लपताइ ॥
न्यायाधीश आगे सोतो कोपे थर थरत हैं ॥

पडे खोडा बेडी, जात धर्म लाज कों वेखेडी ॥
ऐसे दुष्ट जन आगे कुगति सडते हैं ॥ १८ ॥
बने साधु जन पन वसे कन्क नारी मन ॥
सो तो जग को ठगन बग भक्ति ही रचावे है ॥
टीके लगा बने नहार । मोटी २ माल डार ॥
जटा भभूत ललकार । वेद पुरान बचावे है ॥
मांगे बांह को पासार । लेके भग जाय नार ॥
सेवे गुप्त व्यभि चार । वो प्रगट जब थावे है ॥
धर्म गुरु को लजावे । फिर पाखंड फैलावे॥
ऐसे पापी साधु मर कर यम मार खावे हैं ॥१६॥

इन्द्र विजय छंद

माया की छांया पडी सहू जाया । राया वाया नाहीं बचे हैं॥
ज्ञानी ध्यानी जपी तपी खपी । गुणी पुण्यी माया में रचे हैं ॥
चाकर ठाकर लेउ देउ शाह । स्वजन पर जन यामें पचे है॥
जित पेखो तित मायाही माया है । बचे माया से ते बजे कचे है
माया की ओपसी ओपन दूसरी । सबही ओप माया की चडावे
रजत सूवर्ण वासन भूषण। हीर चीर माया से सोभावे ॥
हीरा पन्ना मणी मुक्ता फल । माया की छांया दियां भलकावे
कलजुग में आगे बानीमाया बनी।नहीं माया ऐसोठामकोपावे
गरीब होड करे अमीरों की । नक ली वस्त्र भूषण सजावे ॥
कोडी को माल क्रोडो कों दाब दे ।माया कोप्राक्रम कोनदबावे

गोले भरमावत देख ये भूत को जोहरीयों पाससोमूल्यनपावे॥
हारी वहा माया जग मांया।मायाही होय के गलो कटावे॥

कथा-पंदरवी

माया का फल बातने वाली "पाताल सुंदरी की"

दोहा-इस माया प्रभाव से । दुःखी हुवे हैं अनन्त ॥
पाताल सुंदरी कपट का । कथूं यहां विरतन्त ॥ १ ॥

चोपाइ

विशालापुर नगरी में जान । जयवंत सेन नृप गुन खान ॥
एकदा बैठे शभा मझार । गर्व धरी यों करै उचार ॥ २ ॥
रे से कोइ कला अजान । रही होवे तो करो वयान ॥
तब कहे आप होजी सब जान ।एक कहे त्रिया चरित्रअसमान
तो पूर्ण जाने नहीं कोय । नृपति सुन कर आश्चर्य होय ॥
खे त्रिया के चरित्र अनेक । सती तास मिली नहीं एक
तरा सब नारी से मन । एक उपाव कीया चिंतन ॥
पाताल घर एक ऊंडा बनाय । एकही द्वार उसके सो रखाय
न्म ती सूरूप कंन्या मंगाय । तागेह में तस पालन कराय ॥
य मात्त एक पोषण रखी । विन बोले पोषे शणगारे तखी॥
दर तस अवलोकी काय । पाताल सुंदरी नाम तस ठाय॥
बन वंतीहुइमपरणयोतांय। इच्छितसुखाविलसेतसंगलराय

दोहा-मणी द्वीप का शेठ तब । अनंग देव अनंग नार ॥

क्रियाणा चउ विध लइ । करन आया व्यापार ॥८ ।
धनदे मित्रहुवा राय का । करे इच्छित रोजगार ॥
द्रव्य उपार्जन बहू किय । नित्य जावे नृप द्वार ॥ ९ ।

चोपाइ

काम पताका गणिक वहां रहे । छत्र चमर राजातस दए ॥
अनंग देव तस द्रव्य बहु देय । निज वसमें कर सुख विलसेय।
एकदा शेठ गणिका से पूछंत । नृप का चित भ्रमित क्यों रहंत
। किसीक दिन शभा में आय । क्षणिक ठेहर पीछे चले जाय
पाताल सुंदरी चरी वैश्या कही। नृप मन हरा सदा उसढिग रहे
सुनी शेठ का मन मोहाय । पाताल सुंदरी देखनचहाय ॥१
निज देश के कारीगर बोलाय । निज घर में ससुरंग खोदा
तामसेआयोपातालसुंदरी पास । जब गये नृप शभामें खा
तब आया शेठ सुंदरी पास। देखी रूप पाया अति हुलास ॥
चिन्तोऊभा तहांमन माय । यह भोली मुझ वस कैसे थाय ॥
सुंदरी उसे देख हर्षी अति । तत्क्षण मिली ज्यों ज्युनी प्रीति ।
सुरंग से घर लगदी डोर लगाय । घंटा तस दीनी लटकाय
राजा जब शभा में जाय । सुंदरी अनंग कोलये बोलाय ॥
यों नित इच्छित विलसे सुख । भेदन कोइ जाने मनुख ।१६
एकदा सुंदरीशेठ से कहे । नगर देखन को मुझ मन चहे ॥
किसी मिस नृप तुम घर जीमाय । मैंभी आवुंगीउस वक्त म

में पुरस्पु जीमावूं राजा भणी।देखो कला तुम नारी तणी॥
जो न करो मुझ बचन प्रमाण। तो मैं तुमारे हरंगी प्राण॥
सुनी बचन ये शेठ थरराय। सर्प छिछुंदर न्याय मिलाय॥
बंदर गारुडी हुकम आदरे। त्यों शेठ सुंदरी कहनी करे॥१९॥
शेठ राय से करी अरदास। जीमावा लायो निजघर तास॥
पाताल सुंदरी सूरंगसे आय। राजाकुं पास बैठ जीमाय॥
राजा देख अति विस्मय पाय। ये यहां कैसे आईचलाय॥
के ऐसीही है शेठकी नार।साक्षात् पाताल सुंदरीअनुहार॥
यों चकडोले चडा नरेश। भोजन की रुची नहिंलिवलेश॥
तब सा सुंदरी कहे कर जोड।क्या रही हैं इस अहार में खोड
राज भोजन आप नित्य भोक्ताय। वणिक घर का कैसे भाय॥
सुणी वचन नृप अति विस्माय।अन रुचता कुछ भोजनखाय॥
घृत छांटा गुस डाला तस परी।सूंदरी लखी हसी मनमेंजरी।
जीमीराय शीघ्र गये मेहल माय। सुंदरीभी अंगसाफ कराय॥
शीघ्र आ सुती गइ नींद घेराय।देखी नृप मन वैम विरलाय॥
पाताल सुंदरी हर्षी अतिचित।कला मेरी सब सिद्ध खचित॥

दोहा—एकदा सुंदरी चिंतवे। विन गुन्हे पडीमें केद॥
शिक्षा करुं राजा भणी। पूरुं मेरी उम्मेद॥ २६॥

चोपाइ

अनंग से कहे चालो निज देश।मैं तुम साथही रहूंगी हमेश॥

पहोंचाने राय समुद्र लग आय।ऐसा करो तुम पुक्त उपाय
वायुवेग वाहण सज करो । काम फते करें जरा न डरो
डरतो वाणीयें कहे सो करे । राजा पास जाकर ऊचरे
मेरे पिताश्रीमुझ बोलाय । आप दर्शन की पडे अंतराय
जैसो मान मेरोबढायो आपतैसी एक कृपा ... ।
समुद्र लग मुझ दो पहोंचाय। यह उपकार न कभी भुलाय
महीपतीमानी शेठ की बात।शेठ सव अपनी सजाइ . ज .
राजासेठ और पातालसुंदरी । चाल एकही वाहन चडी
देखी सुंदर राय अतिविस्माय।अरे यहक्या मुझ प्रेमलाजाय
जीमनके दीन की बात याद करी।पीछामानको लियासंवरी
सुंदरी नमन करी तब कहे । आप पसाय हमसुख सबलहे
उपकार आपका हमपर अगाध।खमना हमारा सब अपराध
सेवक की याद कभी कीजीये। ऐसे बचन सुंदरी वहूकिये
राजासेठ दोनों मुग्ध हो रहे ।नारी कपट काअंत कोलहे
सबजन समुद्र कंठलग आय।वायुवेग शीघ्रवाहन सजाय
शेठ सुंदरी नृप को नमीकरी।तत्क्षनगये वाहनमें चडी
आगे जातें सुंदरी चेताय।उवट चलो ज्यों घतानहीं थाय
डरके मारे उलटही चले । सुंदरी मन हर्ष अति फले
नारी चरित्र हैअपरम्पार। देखो इसका आगे व्यभिचार

दोहा—सुकंठ नामे एक था । अनंग देव लघु भ्रात
गायन सुनके सुंदरी । ते साथे लूब्धात ॥ ३९

अनंग देवको न्हाखीयो । कपट करीजल मांय ॥
देखी सुकंठ डर्यो अति । तास हुक्म में रहाय ॥


चोपाइ

नंगदेव कर काष्टज आया।सिंहलद्वीप उतरा मुनिपाया ॥
ीनी दीक्षा ध्यान लगाया।दैव जोग बाहणभी तहांआया
कंठ पाताल सूंदरी संग लेइ । वनक्रीडा को तहां संचेरइ॥
व मुनि सूकंठ शरमाया । करी वंदना अपराध खमाया ॥
ाना संयम करणी कीनी । दोनों गये स्वर्ग मूक्ति ढिगकीनी
ताल सूंदरी भगी वन मझार । तस्कर ग्रही करी निजनार
ााबाज जाणी व्यभिचारीणी।वेचन भणीवजार में आणी
श्या लेगइ रुप निहाली । मार मार तस कला सिखाडी ॥
भक्षभख्यो कियो मदिरापान।कुष्ट रोग प्रगट्यो तन म्यान
क्का देइ तस घरसे निकाली।हुइ भिकारिणी ठीकरो झाली
दोहा—जयवंत सेणजी नरपति । अनंग श्रेष्ठ पहोंचाय ॥
तत्क्षण आये मेहल में।सूंदरी दीठी नाय ॥ ४६ ॥
चौकस चउदिश में करी।पत्तो न मिल्यो लगार ॥
देखी स्त्री चरित्र कों।वैराग्य व्यापा अपार ॥४७॥
दिक्षा ली करणीकरी । घातिक कर्म खपाय॥
सात में दिन केवल लियो । धर्मोपदेश फरमाय ४८

चोपाइ

भो भो भव्यो! सुणो मुझ वीती । कपट कलासे कैसी फजीत
पाताल सुंदरी पाली भूमी मांही। कूड कपट तस कोन पढाइ
मूझ देखत अनंगदेवसाथे गइ। सूकंठ की फिर नारी भइ
दोनों संयम ले गति सूधारी । तस्कर पत्नी हुइ मुझ प्यारी
आगे वैश्याका कर्म कमाया । पाप बांदगी फल प्रगटाया
कुष्ट रोग से तन सडी याइ । होभिकारणी दुःख भुक्त्याइ
संतापे मरी नरक सिधाइ । यमदेव तस गाडी सहाइ ॥
पोलाद पूतला उष्ण बनाइ । ता संग ताको भोग कराइ
भोगी नरक का दुःख अपारो । दुःख भुक्तेगी अनंत संसा
माया कपट ऐसा दुःख कारो। प्रत्यक्ष देखे सो किये उपा
सुनकर भव्य माया छिटकाइ । सो दोनों भव सुख पायाइ
जयवंतसेनजी मुक्तिपाया । कथा अनुसारे यहकहाया

दोहा–पाताल सुंदरी माया करी। पाइ अनंत भव दुःख
योंजाणी माया तजो। ज्योंमिले इच्छित सुख॥५





मंजिल आठवी—"मायापापो द्धार"

उत्तर विभाग—"शरलता"

दोहा—बाह्य अभ्यन्तर एकसा । शुद्धवृत्ति के धार ॥
सोही सरल माया तजी । तस खुले शिवद्वार ॥१॥

❀चोपाइ ❀

रल पनेमें सम्यक्त्व रही । सरल शिव मार्ग शुद्ध पाले सही ॥
नेशल्योव्रती " सूत्रही कहे । सरल ही व्रत धारक सदेह ॥
रल ही हैं जिनाज्ञा धार । सरल ही होते भव सिंधु पार ॥
रल पना ही सुख दे सार । धार धार जीव सरलता धार ॥

सरलता के गुन—मनहर छंद.

कपट निवारी, जिन शरलता धारी ।
होवो साधूया संसारी । सुखी जगके मझारिहै ॥
शरल डरे न लगारी। छिपे नहीं कहां जवामारी ॥
होय जो उचारी, सभा माहे साहूकारीहै ॥
जमे परतीत भारी । माने सब गुण कारी ।
ते तो कार न लाचारि । अन्य करत लाचारीहं ।

ऐसी हितकारी, जानो सरलता सारी।
लेवो हितेच्छूओं धारी ऋषि अमोल उचारी।

सरलता से सूख-इंद्र विजयछंद.

सरल राय प्यारे बने राष्ट्रकोसरल शेठ निजपेठ जमावे ॥
सरल साधू सोही धर्म दीपावतासरल सज्जन को सब चावे
तप, जप ध्यान अधिक फल देवताजो सरलताधरजगत करे
"अंज्जु धम्म गइ तचं" यों सुत्र कृतांगे जिन फरमावे ॥५



कथा—सोलवी

शरलता के फल बताने वाली-"वीमल समलकी"

दोहा—सरल की सुधरे सदा।यह कहवत जग मांय ॥
विमल और समल की।सुनी हुइ कथा कथाय ॥१

चोपाइ

वसंतपुरी नगरी सुख दाय । जितशत्रु राजा कहेवाय ॥
धारणी राणी शील गुन खान । सुबुद्धि नामें तस प्रधान॥
धन्नो शेठ उस पुर में रहे । भद्रानारी गुन की गेह ॥

विमल जिनका पुत्र गुनवंत । रुप कला गुन से सोहंत॥३॥
पढीया धर्मशास्त्र सुचंग । धर्मकरण मन अति उमंग ॥
संपती पायो दान पसाय । यों चिंती दान अधिक कराय॥
समल नाम एक वाणिक पूत । कपटी लोभी निर्लज दूत ॥
दैव जोग विमल के संग । प्रीति जमी उरु की अंतरंग ॥५॥
विमल को दान करंतो देख । समल मन दुःख धरे विशेख॥
कहे अधिक नहीं कीजे दान । धन के साथ गमावोगे मान॥
विमल कहे दान से मान बढे । धन के साथ सुखभी चडे ॥
समल चुगली धन्ना ढिग करी । पुत्र तुमारो धन को अरी ॥
विमल से धन्नो शेठ यों कहे । अति कष्ट हम धन संग्रहे ॥
तूं तो सहज बाबा को लुंटाय । करो कमाइ खबरज थाय ॥
विमल सुणियों तात बचन । प्रणमी तात चला तत्क्षण ॥
समल भी उस के साथे भया । ग्राम छोड बहूत दूर गया ॥
समल कहे देख मित्र मुझबात।नहीं मानी तो दुःख तूं पात॥
चलो पीछा समजावुं शेठ । छोड दान सूखे घर में बैठ ॥
विमल कहे विदेशे धन कमाय।घर आ करुंगा दानसवाय ॥
पुण्य जोगे धनीका पुत्र भयो । घर छोडा पन पूण्य न गयो
समल कहे धर्म सेथेंदुःख लिया।तोभी धर्महट तुझ नहींगयो
विमल कहे धर्मसदा सुखदाय।इस में संशय किंचित्नाय ॥
समल कहे जो तुं मेरा माने नाय।तो पूछें आगे गाम में जाय।
जो कहे लाके पाप से सुख । तो क्या देगा बोल झट मुख॥

तेरे पास का द्रव्य सब लहूं। विमल कहे भले देवुंगा सहु ॥
आगे एक कुग्राम में आय। मूढ बहुत बैठे एक ठाय ॥१४॥
समल पूछे सब जन सत्य कहो। धर्मसेसुख के पाप से लहो ॥
सब कहे पाप किये पावेहैंसुख। धर्मीभाकारी पावे हैं दुःख।
समल हर्षी कहे दे सब धन। विमल निकाल दियावस्त्रभूषण
आगे वली समल कहे भाइ। प्रत्यक्ष धर्म से तूं दुःख पाइ ॥
अब भी छोड धर्म का पक्ष। चालो घर होवो जरा दक्ष ॥
विमल कहे धर्म सदा सुखकार। पूर्व पाप यह दुःख दातार ॥
सलम कहे तेरे कहे क्या होय। अन्य कहे तो बतावो मोय ॥
चलो वली पूछें आगे गाम। जो कहे पाप से सुख तमाम ॥
तो क्या देवेगा मुझे इनाम। विमल कहे मुझ ढिग क्यादाम
समल कहे झूठ जिसकी साख। उसकी तुरत फोडना आँख
सरल विमल यह मानी बात। आगे और एक कूग्राम आत
पूछे सब पापसे सूख बताय। धर्म से दुःख प्रत्यक्ष जनाय॥
दान दिये से धन होवे नाश। शील पाले कुलका है विनाश॥
तपसे तन दुर्बल हो जाय। भाव से संसार चलता नाय॥
विमल कहे यह मिथ्या बचन। दान दिया तो पाये धन ॥
शील से कुल तपसे तन सुख। सुभाव धरेसे जावे दुःख ॥
पण माने नहीं मूढ लगार। समल हर्षा मन में अपार ॥
वन में आये कहे फोडुं आँख। विमल कहे तूझमन जिमराख

पार्पाये फोडीया विमलका नेत्र।कुवामें धक्कादिया तत्र ॥
विमल वृक्ष धरलटका तहां।कर्म फल प्राप्त ये दुःख लहा ॥

दोहा—समल विमल संताप के।हृदय आनंद पाय ॥
कपट से चंपट मिले तुरत।पाप फल प्रगटाय ॥
चोरमिली जरुलूटीयो । मारीअतीहीमार ॥
अंग भंग आइ पड्यो । एक गाम मझार ॥ २५ ॥
मांगी खावे टूकडा । करा कुछ उपचार ॥
अबसरल विमलका । कहूं आगे अधीकार ॥ २६

चोपाइ

विमलमन समरे नवकार । अहोजिनराज थारों आधार ॥
निशासमय दोयक्षतहां आय । वृक्षारुढ हो वातोंवनाय ॥
बात २ में कुरापात भइ।एक एक को अवगन कइ ॥
तुझ सम दुष्ट और कोइ नाय।विचारी राजकन्याकोसताय
अंधी करी पडीरहे मुरछाय । यह पाप भोगे कहांजाय ॥
में जानू हुं तेरा उपाय । कोइ कूप पींपल पत्र लाय ॥
आँखमें आंजे तो खुले पट ।धूनी दिये तूं भागे चट ॥
दूसरा कहे तूं पापी अति।तेरे कुटुंब को तूं घाती ॥३० ॥
क्रोड निन्याणवे द्रव्य दवाय।एकला रहे हवेली माय ॥
उष्ण सरसव तेल छांटे उसजाग।तोतुं वहांसे जावे भाग॥
लडते दोनों यक्ष भगे उस वार।विमल दोनोंवात लीधार।

पत्र तोड रस अमी में मिलाय।आँखो आंजे सूधरे नैन तांय
औषधी संग्रही बाहिर आय।यक्ष कहा उस गाम में जाय॥
ढंढेरा पिटता सुण्या जहांय।राज पूत्री का दूःख जो गमाय॥
उसको राजा अर्ध राज देय । कन्याभी परणावे तेय ॥
सूनी कुमर पढहे ते ग्रह्यो ।झट चट ले राज ढिग गयो ॥
राजा उसे कुमरी ढग लाय । विमल यक्ष को तब चेताय ॥
चुप चाप शीघ्र जावो अब भाइ।नहींतो बहुत बिंटबनापाइ
मस्ती करे ते माने नहीं बात।तब पती ग्रही विमलहाथ ॥
अमी मिला कुमरीके नेत्रलगाय ।यक्ष चिलाइ तबभगजाय
नेत्र खुले कुमरी हुइ होंशार । राजादि तब हर्षे अपार ॥
कुंवरी परणाइ दिया आधाराज।इछित सुख विलसे ते साज
हवेली में उक्ष तेलछिडकाय।उसी यक्ष को दियाभगाय ॥
निन्याणुक्रोड धन कर निज हात उसी जगह में सुखेरहात ॥
करामती सब विमल को जान । राजा प्रजा देवे अतीमान ॥
सरलतासे सब पाये अराम।अब समल का सुनिये काम ॥

दोहा—समल सबल शरीर हो ।इसही पुर में आय ॥
भिकारी के बेश में ।मांगी तन निभाय ॥ ३८ ॥

चोपाइ

विमल फिरन निकले पुरमांय। समलको देख के आश्चर्यलाय
आदर दे निज संग लेजाय।वस्त्रभूषण तस अंगसजाय ॥

विमल एकान्त में पूछेबात।कहो विमल ऋद्धि किम पात ॥
विमल वीतक सब बात सुनाय।ऋद्धी मिली भाइ तुझ पसाय॥
दोहा—कुटिल न तजे कूटिलता।करतें क्रोड उपकार ॥
जिनके पडे स्वभाव जो। मरे भीजावे लार ॥४३॥

चोपाइ

विमल किसकाम को बोहिरजाया।समलजीमनभाभीढिगआय
पुरसा थाल नहीं ग्रास जो लहे।राजपुत्री तव नासीकहे ॥
क्या भोजनमें दोष जनाय।देवर क्यों नहींखावो इसतांय ॥
कपटी कहे कहेतां दुःखलहूं।सच्चीवात में कैसेकहूं ॥४५॥
कुंवरी कहे डरोमतजरा। समाचार कहदो सबखरा ॥
समलकहे यह ढेडकापुत्र।किस विध अहार करुं मैं अत्र ॥
जातछिपावण मुझ आदरकरे। कहो में डूबूंकैसी तरे ॥
राजपुत्री मुरझाइ सुनीअति। अरे भ्रष्टकरीमुझे दुर्गति ॥
नृपति कों जा किया समाचार।नृपति भी कोपा अपार ॥
मारने को गुप्त सुभटवैठाय। भाट हते जमाइ बोलाय ॥
विमल लगेथे जरुरी काम। समलसे कहे जावो नृपधाम ॥
सुभटविमल को आयोजाण। दी तरवार की हननप्राण॥
समल भागा चुकाकेघत। विमलके आगे कही नववात ॥
विमल कोपित हो शैन्यसजाय।श्वसुर को दूत हाथ चेताय ॥
दोहा— विनागुन्हे मुझ मारने। रचा गुप्त परपंच ॥

क्षत्रीहोतो रनमे लडो । डरनवीआणोरंच ॥५१॥

चोपाइ

सचीव पूछे नृपसेकर जोड । यह क्याजुलमअहो महीमोड।
नृप कही पुत्रीकही बात । मंत्री कहे में निर्णयकरुं नाथ॥
गुप्त प्रधान विमल कने आय । रायपुत्री को साथहीलाय॥
समल कही सो बात जनाय। सूनी समल डरके भागजाय।

दोहा—समल धुर्त चितचिंतवे । निशीरही कुपकेमांय॥
करामात कोइ करलगे।तोविमल ने देवुंभगाय ॥
विमल डाला उस कूपमें । पडाआपभी आय ॥
राते आये देवता । कहे आपसे नरमाय ॥ ५५ ॥
फूट भली नहीं भाइयों । दोनों पाये दुःख ॥
अरी रहे इस कुपमें । पूरो इस का मुख ॥ ५६ ॥
कूप पूराजब देवता । दबे समलजी माय ॥
दगा किसीका नही सगा। सोचोदृष्टी लगाय ॥

चोपाइ

समल भगा जानी सबबात।सबी के मनका वैमविरलात।
संतोषे चुपबैठे निजठाम । सरलता जोगसे हुवेसुकाम ।
विमल समल की चौकसकराय।किसी स्थान नहीं पत्ता पाय।
तब बुद्धिसे करा विचार । कुप से लिया सोसब निकार ।

सब से कहा सच्चा विरतंत । दगाबाज यों दुःख पावंत ॥
अपने सज्जन को लिये बोलाय। सबको परतीत हुई सवाय ॥
दान धर्म विमल अधिको करे। बाह्य अभ्यन्तर एकसो संचरे॥
आयुष्य अन्त पायो स्वर्ग । ऐसे क्योनी वरे अपवर्ग ॥

दोहा– श्रोताइस दृष्टान्तसे । समजो सरलता फल ॥
तजी कपट निर्मलबनो । सुखपावो ज्योंविमल ॥६२ ॥
निज पर आतम सुखबरन । माया पापउद्धार ॥
ऋषिअमोलख ने रचा । यहअष्टम अधिकार ॥६३ ॥

परम पूज्य श्री कहानजी ऋषिजी महाराजकी
सम्प्रदायके बालब्रह्मचारी मुनीश्री
अमोलख ऋषीजी महाराज रचित
अघोद्धार कथागार ग्रंथका
माया पाप उद्धारनासे
अष्टम मंजिल
समाप्तम्





मंजिल नवमा—"लोभ पापोद्धार"

पूर्वविभाग—"लोभ"

दोहा—थोभन आवे लोभका । सोही लोभ है पाप
बडे विद्वरों यों कहे । लोभ पाप का बाप
लोभ तृष्णा वस पडे। वो नहीं पावे सुख
लोभ समा इस जगत् में। और नहीं है दुःख ॥
'क्रोध'कपाल' 'मानज' गले' । 'माया 'पेटमे'रेय
लोभ वसे सब अंगमें। सबसे बडा है एय ॥ ३
विवहा पन्नंती सूत्रके। शतक उदेशे पंच ॥
लोभ के नाम जेवरणवे। सो यहा कथुमंरच ॥

चौपाइ

'लोहे[1];लोभ, 'इच्छा[2]; 'मूर्छा[3]जान । 'कंखा[4]; वांछा, 'गोही[5];ग्रधा
'तण्हा[6];तृष्णा। भिज्जा[7]द्रव्य ध्यान।अंभिज्जअभीलाषा करे पुमा
,आसा सेणया[8]आसा करे । 'पत्थणया[10]प्रार्थन अनुसरे ॥

'लाल[११]प्पणया'लालसा अति।'कामा[१२]सा'भो[१३]गासा'जी[१४]वासारतिः
'मर[१५]णासा'मरणसे नहीं डरे। 'नाह[१६]रागेःअनुराग अतिकरे ॥
यह सोल हनाम लोभ के कहे। भगवती सूत्र से सं गृहे ।९ ॥
ठाणांग सूत्रके मझार । लोभके कहे हैं चार प्रकार ॥
अन[१]तानु बन्धी किरमजी रंग । प्राणांते न करे द्रव्य भंग
अप्र[२]त्या ख्यान खंजर का लेप। बार मांस रहे लोभ का चेप
प्र[३]त्या ख्यानी कीचड मेल। चार मांस में लोभ दे ठेल ।९
सं[४]जल लोभ पतंगरंगजान । क्षण में ममत्व घटे भगवान॥
एचारों चउगति में ले जाय । जो कमी करे सोही सुखपाय

लोभसे दुःख-मनहर छंद.

तृष्णा की लाय बडी । लगी है जगत् मांय
कभीन बुजाय जो । खिलाय जग सारो है ।
करे सब भूमीस्वामी। कोश भरे रत्न नामी ।
तोहू नहीं मिटे खामी। आगेही विचारो है ॥
धन सब लगे हाथ । होवे सब पशु नाथ
तोहू मन चावे आथ । मिले परिवारो है
लाभ जैसे वधे लोभ । अब नहीं कभी थोभ ।
अहो अमोल लोभ अति सदा दुःख कारो है
एक वालो दश चावे । दश धणी शंत भावे ।
सहश्र लख क्रोड अरब । बढे विस्तारो है

भट तलार होने खपे । तलार दीवानी ऊपे ॥
दीवान इच्छे राजपद । कैसे होवे म्हारो है ॥
राजा लूंटे अन्य राज । तोही नहीं सीजे काज ॥
यों खपी के जन्म रत्न हारत गींवारो है ॥
लाभ जैसें वधे लोभ । आवे नहीं कभी थोभ ।
अहो ! अमोल लोभ । अति दुःख कारी है ॥ १२ ॥
लोभ के प्रेरेही जीव । भोगत हैं अतिरीव ।
भूख प्यास शीत ताप सही तन सुखावे है ॥
उन्नत गिरी पे चडे ऊंडी खाइ में ऊतरे
वसे रन वन मांय। द्रव्यही वधावे है ॥
करे नीचन की सेव । पूजे पत्थर के देव
एक धनही की हेव । लछी घर आवे है
उदधी उलंघ जाय । गांठडीयों बांधलाय ।
तोही न धपाय यों तृष्णाही सतावे है ॥ १३ ॥

इन्द्र विजय छंद

राज महाराज लडे तृष्णा वस । अनेक नरोंका नाश करावे
शाहा शाहाके विरोधही होवत । आसामी एककीएक फट वे
पटेल पटेल के जूद्ध मचे । जाने मेरेही खेत में ज्यादाथावे ॥
जहां पेखो तहां झगडे हैं लोभके लोभी नर कैसे सुख पावे ॥
लोभ करी राजा राज गमा कर । दास पना भोगव रहे हैं ॥

लोभ उल्लंघी कुल मर्याद को । महाजन नीच के काम यहैं॥
लोभ के वश भये है साधु यती । मान गमाइ विपती सहैं हैं
ऊंच को नीच किये इस लोभने। तोहुं लोभ न तज दहै हैं॥
मरुस्थल से आये मालन दक्खन लक्खन पत कंगाल भयेहैं। ।
कोट्याधिप होवन नित्य खप ,फिरे गामडे शिरपे पोट लयेहैं॥
सूंको खावन पेरन जीरन । नीचन को आश्रय गये हैं
महाजन कर्म करे महायमसे । देखो लोभ अकृत्य किये हैं ॥
त्यागी को लागी तृष्णा की आगी।भांगी त्यागन आनउलंघे
आगे चेला चेली सुख पावेंगे । नाहिंसूधारे ते निज ढंगे ॥
वस्त्र के थान धरे पोट बांधके । पातर के गट लेइ के टंगे ॥
देख यह रीत हटे दातारही वारंवार साधू तब संगे १७॥
क्या कहूं लोभकी गति गहनहै । वडे २ मुनि कों लोभ डिगावे
करी महा कष्ट परिणाम अपूर्व । चढी गुणस्थान इग्यारमें जावे
तहां भी गुप्त रहे यह शत्रुखेंच । के पहिले लाय गिरावे ॥
ऐसे महंतों की ऐसीदशा करे । तोअन्य की गति कहा कथावे

कथा—सतरवी

लोभकेदुर्गुन वताने वाली—कोणीक राजाकी

राज महाराजा मुनि गुनि । लोभ से पावे कष्ट
वरणन् किंचहूता करुं । दिखता यह स्पष्ट ॥ १ ॥

पण जनमन समजावत्रा । कोणिक राय चरित्र
वरणु सूत्र अनुसार से । लोभ का दर्शन चित्र ।२।

चोपाइ

मगधदेश राजग्रहीजान । श्रेणिक महमांडलिक राजान ॥
राणीचेलना सद्गुन खान । महाबुद्धिवंत अभय प्रधान ॥
एकतापस रहे पुरकेबार । मास २ अंतरकरे आहार ॥
राय आमंत्रण पारणाका किया । घर आकर वो भूलीगया॥
दूसरी महीना तापसकीया । स्मरण हूवेराय दुःखलिया ॥
दूसरीवार फिर नोतादिया । राजकाज लग विसर भया॥
तीजा मांस तप तपसीकिया।राजापर आसुरत्त सोभया ॥
पापी मुझे मारना चहाय । मुझकरणीफले मारुं उसतांय॥
नियाणाकर पुत्रपनेऊपना । चेलणालिया सिंहकास्वपना
तीसरे महीने दोहला आय।पतिकालिज मांसखाना चाहाय
अभयबुद्धिसे डोहलापुरीया । नवमास गयेसपुत्रभया ॥
दुष्टजानदिया उकरडेडाल । कूर्कट अंगुली चाबीउसकाल
जानी श्रेणिक लायाउठाय । अंगुलि चूंसी जेहर गमाय ।
राणीसे कहेकीजे संभाल । कोणिक नामरायकर प्रतिपाल
दूसराकुमर चेलनाकेभया । विहल कुंवर नाम उसकाठया।
राजाराणीका उसपरप्रेम । आठ कंन्यापरणाइ देखेम ॥
बंकचूल अठार सरहार । विहल कूं दियाराणीधर प्यार
सीचानक गंधहाथी दियाराजान।विहलरहे उसमेसुखमान

दोहा—पूर्व बैरोदय भया । चिंते कोणिक कुमार
कब नृप मरे कब राज लूं । है तरुण इस वार
मारी सकुं नहीं एकला । वश किये दश भ्रात
राज हिस्सा देना किया । सोभी मानी वात १३

चोपाइ

एकदा कोणिक अवसर पाय।श्रेणिंक को काष्ट पींजरे फसाय
आंप बैठा गादीपर आय । दुवाइ मुलक में दीनी फिराय ।।
[10]दंश भाइ को दंस[10] भाग दिया । भाग इग्यरवा आप रखलिया
तीन सहश्र गज गाजी रथ आय।[3]तीन२कोटी पायक पाय ॥
पग वंदन मात के जाय । चेलना बैठी मुख फेराय ।।
कहे कोणिंक पुत्र पाया राज।माता क्यों तुम हुइ नाराज ॥
चेलणा कहे तूं मुर्ख सही । अरी पूजे सज्जनदुःख दही ॥
जन्म का विरतंत दिया सुनाय।वैर खपागया नरमांय॥१७॥
कहे मासे अभी छोडुं तात । लेकर फरसी शीघ्र सोजात ॥
श्रेणिक देख जाना मारण आय।जेहर मुद्रा खा मरण सोपाय
बाप मरा देख दुःखी अतिभये।मृत्यु कार्य नीती सम किये॥
चेलणा दिक्षा लीनी जाम । कोणिक का जग हुवा बदनाम
छोड राजग्रही चंपापुरी रहाय।विहलकुमर भाइ साथहीआय
रहते दोनों सुख के मांय।लोभ कामनी दुःख उपजाय।।२०॥

दोहा—विमल कुमर हाथी चडी।ले अंते उरी लार ॥

नित्य आइ गंगा सर। रमे सो इच्छा चार ॥२१॥
कोणिक राणी पद्मावती। निसूनी यह वीर तंत ॥
लोभ जग्यो सो लेन को।पतिसे अर्ज करंत ॥२२॥

चोपाइ

पाटवी हाथी राजा ढिग रहे। वंक चूल हार राणीही गहे॥
सो तो विलसे विहल कुमार।बदनाम जिससे होत अपार ॥
कहे कोणिक तात मात दिया।राज भाग नहीं उसका किया
वोभी है राजा का कुमार। सूणी राणी प्रजली उसवार ॥
हार हाथी तो लेवो सोइ। जो पुरुषा तन तुम में होइ ॥
कोणिक कहे अभी लेवुं मंगाय।भट भेजा विहल को बोलाय
हार हाथी मांगे उस पास। वो तब नरमी करे अरदास ॥
मात तात मुझ हाथ से दिया।राज भाग आपेन नहीं किया॥
राज का हिस्सा दे यह लहो। नहीं तो चुप चाप सुखे रहो॥
हट कर कोणिक मांगे दोय। विहल घर आवे चूप होय ॥
यहाँ रहने में नही जाना सार।गये विशालाना नाकेद्वार।
बात चेताइ सुख से रहे॥ कोणिक यह खबर जब लहे ॥
क्रोधातुर हो दूत पठाय। मेरे भाइ कों देना भेजाय ॥
दुत चेडाराज कों कहे समाचार।विचार के उत्तर दे उसवा
दोनों भाइ मुझ एक समान। परन्तु न्याय से चले राजान।
राज देकर हार हाथी लहो। विना काम भ्रात मत दहो ।३

सुण कोणिक क्रोधातुर होय। दश भाइ साथे ले सोय ॥
सज सैन्या रणांगण आय। चेडा पे समाचार पठाय ॥

दोहा—चेडा राय सुनी चिंतवे। फोज बहुत उसपास ॥
धर्मी मित्रकी सहाय से। करूं अन्याय का नाश ॥
राय अठारे बोलाइया। सो सत्य सहायक थाय ॥
दोनों फोजों सजहुइ। महा भारत मचाय ॥ ३३ ॥

चोपाइ

चेडाराय की सैन्या माय। सात वन सहश्र गज रथ हय थाय
पायक हुवे सतावन क्रोड। शकठ वाह संग्राम जमा प्रोड।३४
कोणिक राय की सैना माय। तेंतीस सहश्र गज रथ हय थाय
तेंतीस कोटी पायक सही। गरुड वाह संग्रामज भइ ॥ ३५॥
कोणिक तरफ से काली कुमार। चेडा सामे हुवा उसवार ॥
चेडा राय श्रावक व्रत धार। विन गुन्हे नहीं करे प्रहार ॥
एक से ज्यादा मारे नहीं बाण। वो तो रहे चुप की वहां ठाण
काली कुमर तब वाण चलाय। चेडा नृप काटा उस तांय॥३७
एक वाणे मारे काली कुमार। यों दश दिन में दस भाइमार॥
देखी कोणिक करे विचार। एक ही वाने मेरा संहार ॥३८ ॥

दोहा—कर अष्टम आराधिये। पूर्व मित्र दोइंद्र ॥
वचन बंधे वों उचरे। किया जुलम तें नरेंद्र ॥
चेडा धार्मिक मारे नहीं। करेंगे तेरी जीत ॥
असुरेंद्र शकरेंद्र तब। कोणिक सहाइ भये प्रीत ॥ ४० ॥

चौपाइ

कोणिक सज संग्राम में आय । सामे चेडा नृप भी थाय ॥
वज्र कवच कोणिक तनकिया।चेडाका बाण खाली गया ॥
शकरेंद्र के कर डारे वैक्रेय कर।महा सिला हो पडी नर पर
इस शीला कंटक संग्राम मझार।चोरासीलक्ष मनूष्य संहार
सुरेंद्र तृण डाले वैक्रय।महारथ मूशल होते प्रगमय ॥
छिन्नुलाख नर उससे मरे।एकक्रोडअसीलाख संहरे॥४३ ॥
दो दिन में जूलम यह भया,। अठारे नृपती निज घर गया
चेडाछिपे विशाला में आय।द्वार बंध सब दिये कराय ॥४४॥

दोहा—सामंत चेडा रायका । श्रावक नतुवा नाग ॥
निरंत्र छट के पारणे करे । वो आया इस जाग४५
अष्ठम तप उस दिन किया। लगा आ तिक्षण बाण
समाधी मरणो करी । उपने देव विमाण ॥ ४६ ॥
नाग नतुवे का मंत्रीसर । था एक सरल स्वभाव॥
उस को भी लगा बाण। आ वो आया उस ठाव॥
कहे अन्य जाणु नहीं। मिव किया सो मुझ होय ॥
यों धर्म भाव तहां से चवी। मनुष्य हुवा पुनः सोय ॥
यह दो जीव सूगति लही। बाकी नरक तिर्यंच ॥
जा उपजे सब नर मरी। देखो लोभ परपंच ४९

चोपाइ

विहल कुमर अति रोश भराय । सींचानक गज आरुढ थाय ।।
रात के कोणिक शैना में आय । अनेक गम नर मार के जाय।।
कोणिक जाण करे मारण उपाय । रस्ते में गुप्त खाइ खोदाय।।
खेर अंगार से पूर्ण सा भरी। किया सम मार्ग जाणे नहीं जरी।।
अ ाये रात को वहां विहल कुमार । गज ज्ञान से देखी अंगार
आगे पग जरा नहीं भरे । विहल कोपे गाली ऊचरे ॥
होण हार हाथी तब जाण । विहल कुमर को भूमी ठाण
आप जल मरा खाइ मांय । देख विहल अतिही पस्ताय।५३।
वंक चूल हार देव लेजाय । विहल अति वैरागी थाय ॥
लीदीक्षा आत्मा काज किया । कोणिक परिश्रम निष्फल भय
क्रोध मान में कोणिक भराय । विशाला लूटण ने चाहाय ॥
परन्तु कोट नहीं टूटे लगार । सोचे सो उसका उपचार।५८।
'आकाश वाणी इस पर भइ । भृष्ट साधू इसे तोडे सही ।
कोणिक तवही बीडा फेराय । माधव गणिका लिया उठाय
गुरू द्रोही कुल वालुक साध । वन में तप करताथा अगाध
गणिका उन्हे पारणां माय । विरोच्च औपधी दीनी खिलाय ॥
हुवा अतिसार वहे कर जोड । मैं श्राविका तुम गुरु सिर मोड ॥

भक्ति कर बस कर वहां लाय । कोणिक अपना काम बताय ।
निमिती रूप कर पुर में आय । लोक पूछे यह विघन किम ।
सो कहे पाडो थुभिका अभी यह।अभी उपसर्ग टले नहीं ।

दोहा—श्रीमुनि सुवृत श्वामीका । नाला गडा उसस्थान
उस थुभ की महिमाकरी ।कोट न डीगा को मान

चोपाइ

भोले लोक खोदी थुभ उसवार।पडा कोट सेना आइ पूरमझ
चेडा नृप करन लगे आत्म घात । भुवन वासी सूर उठा लेजा
वहां संथारा कर स्वर्ग गये । कर संतोष सो सुखीये भये ॥
कोणिक किया विशाला नाश।तो भी न फलीउसकी कुछआ
फिरा दूहाइ चंपामें आय । राज तृष्णा बृद्धिअति पाय ॥
कल्पित चउदह रत्न बनाय । आप बने चक्रवर्ती राय ॥
ले सैना साधन चले छे खंड ।वस किया मध्य खंड घमंड ॥
आये जभ बैताढ गिरिपास। तिमस गुफा खोलन कीआस
द्वार ऊपर करे दंड प्रहार । रक्षक देव तब कहे नाकार
नहीं मानी ज्वाला प्रगटाय । सैना युक्त राजा भस्मथा
कोणिक संची पाप अपार । उपने छटी नरक मझार ॥
बावीस सागर सहेगा संताप। देखो जबर कैसा लोभ पा

दोहा—ऐसा जानी भव्य जन तजो लोभ दुःखका
द्रढ संतोष धारण करो जोसदा सूख दातार ३



मंजिल नववां-"लोभ पापो॰ार"

उत्तरविभाग—"संतोष"

दोहा—सम से तोषे आत्म को। सो संतोष गुन खान ॥
तज तृष्णा द्रढ सहाही है। अहो सुखे छुप्रान । १

चोपाइ

पहिले लोभ के दुःख दर्शाये। उनसे छुटन को जो चहाये ॥
सो सन्तोष धरे मन मांय ।निश्चय विचार करे द्रढ ताय ॥ २
जो जीव पुण्य कमा के आया। अनु भाग बांध कर लाया ॥
मुदत पूरे उसही प्रमाने । मिले सामग्री नही संदेह जान ॥
नाहक जीव तूं इत उत धावे।नाहक जीव तूं पाप कमावे ॥
नाहक जीव तूं करे अनीति।नाहक जीव धरे विप्रीति ॥ ४
हिंसा किये जो कदा धन होवे।तो कपाइ क्यों टोकरे ढोवे॥
झूठ बोले जो लक्ष्मी आवे।तो लवाड क्यों जग में भटावे॥

चोरी किये जो मिलता पैसा। तो चोर देख सूखा है कैसा
पापो पाप समाप्ति कहते । तोभी भोले भेद न लेते
जो आत्म तूं हुआ है ज्ञानी। तृष्णा को जानी दुःख खा
तो ले यों संतोष चित ठानी। जो तुझ होयसदा सुखदा

संतोषीकी भावना—मनहर छंद

रेमन विचार यार।सुखी दुःखी को संसार ॥
संतोषी के तृष्णावार । तूं ही निरधार रे॥
तृष्णा वंत गोता खावे। संतोषी सो स्थिर रहावे
पाना सो तो दोनो पावे । जब पुरे करार रे ॥
बिन अंतराय टूट । लोभी कहां से धन लुंटे ।
मिलत संयोग तब । आडा को आनार रे॥
निश्चय नय योंहि धार ।ग्रह ले संतोष सार ॥
अमोल विचार मेरेआत्म । सुख कार रे ॥ ८ ॥
नखराली नारी जैसा लक्ष्मी का स्वभाव धारी
मनाये रीसाय त्यागे आय ताके लार है॥
भये तृष्णासे दीवाने। मांगे मिलतनहींदाने ॥
छोडी माया भये साधु । ताको जय कार है ॥
संग्रह न कोडी ताके । हुकमे ममत छोडी ॥
दान ज्ञान दया माहीं । खरचत अपार है ॥

खमा २ बजत नलजत । महाराजा आगे ।
लोभके त्यागी कों सुखी अमोल निहार है । ९
मांइ पेट मांही भाइ, मिल्यो तुझ खाद्य आइ ।
बाहिर पडत स्थन । छूटी दूध धार है ॥
जठर वन्ही से बचो । पोषा अंन तन मचो ॥
बोलत न जान्यो तो लो पाल्यो परि वार है ॥
अब कहा सोचे नर । भरे पेट हर तर ॥
बोलत चालत कमावत शक्ति सार है ॥
येही मन विचार । ले द्रढ संतोष धार ॥
अमोल जग मझार । कमी न लगार है ॥ १० ॥
पशु वन चारी, पक्षी खग तरु विहारी ॥
जल चारी वंध डारी । दीसे संतोष के धारी है ॥
नहीं जागारी निहारी । माल की नहीं लगारी ॥
संगृह नहीं कोइ वारी जावे नित्य करण अहारीहै
ताहे वक्त वारी, मिल पोषत है परीवारी ॥
यह प्रत्यक्ष निहारी । तजो लोभ इच्छा चारी है।
तूंतो नर है करारी । घर धन जन धारी ।
काय सोचत लाचारी । होय कर भाग भारी है॥

इन्द्र विजय

जो अधिको भयो संपति धारक । तामें कहो कैसी अधिकाइ
वो नहि चांदी की रोटी खावत । सुवर्ण शाख मोती कोमिलाइ
खावत अन्न सो माल मशालेसे । तोउ गरी बीसी नहीं पुष्टाइ
यों विचार ले धार संतोष को । ते दोनों भव है सुख दाइ १२।
संतोषकों नंदन वन भाख्यो । आनंद मांहे सदा मन रहावे ॥
संतोषं परमं सुखं कहते । चिन्ता दुःख तस पास न आवे ॥
संतोषं श्रेष्टं धन कहा वली त्रिजग राज को ते नहीं चहावे
संतोष को शास्त्र प्रशंसत । महा पुण्ये संतोषही आवे ।१३।

कथा—अठारवी

संतोष के फल बताने वाली—"सोमचंदकी"

दोहा—अनंत जीव संतोष धर । पाये सुख अनंत ॥
तो भी जन मन वोध ने । सुणी हुइ कथा कथंत
सोमचंद दरिद्री हो । धन पाइ त्याग्यो लोभ ॥
तो थोडेही काल में । हुवा श्रीमंत बधी शोभ॥

चोपाइ

भूमी भाग एक ग्राम मझार। सोमचंद वणिक रहे नार ॥
पुफा नामे गुण वन्ती नार। मोती चंद पुत्र सुखकार ॥ ३
द्रव्य हीन पूर्व भव के पाप। छोटी झोपंडी में रहे आप ॥
उस के किये हैं तीन विभाग। एक भाग में व्यापार जाग
एक विभागे भोजन निपाय। एक भाग आया आदर पाय॥
क्रियाणाका करे व्यापार। प्राप्त ऊपरर संतोष धार ॥ ५॥
एकदा लाभरुचि मुनिराय। चातुर्य मांस करन को जाय ॥
मारग बृष्टि अचिन्ती थाय। भूमी भाग सो ग्राम देखाय ॥ ६ ।
शीघ्र आया वणिक घर जोय। ले आज्ञा तहां ऊभा होय ॥
तीन दिन बृष्टि एक सी रइ। चोमासी प्राति क्रमण वक्त थइ
सोमचंद से मुनिवर कहे। कहो तो चौमासो इहां हम रहें ॥
तीजा भाग की आज्ञा दीनी। मुनि चौमासी तपस्या कीनी
तीनों मुनिराज की भक्ति करे। धर्म कथा वक्ते श्रवण धरे॥
सीख्या ज्ञान गयो हृदय भींज। जाण्यों धर्म एकतत्त्व बीज
यथा शक्ति तिहूं तपस्या करे। तप के दिन व्यापार परि हरे।
और भी वहूत किया पच्चखाण। सत् गुरु भेटेही प्रमाण ॥
यों सुखे चौमासा पूर्ण भया। विहारकरण मुनिश्वर [illegible] ज थया।
करे विनंती तीनों ते वारा। कृपा कर लीजीये शुद्ध आहार॥
चौमासी पारणा मुनि तहां कियो। तीनों हृदय हर्ष अतिभयो
पहोंचावन तीनों मुनि को जाय। अट्टम तप दिया मांगलाय॥
मात पुत्र छटम तप धारा। दोनों आये फिरकर निजद्वार ॥

सोमचंद कुछ दूर पहोंचाय । नयानाश्रुत वंदी ने फिराय१३

दोहा—मुनि वियोग दुःखीयों हुइ। बैठा अंब वन मांय
धरती खिणेते पित पत्र। लगा नख कोआय ॥
ते उखाडी देखतां।सूवर्ण चरु देखाय ॥
पुनः तस धूऌ से ढांकी यों । अति संतोष सोलाय
चिन्ते अब तुझ क्या करूं।गइ खरचन की वक्त।
उठ के आयो निज घरे।राखा संतोष सक्त ॥१६॥

चोपाइ

पौषधकर सूते तीनोघर । रहे मुनिजनके गुनउचर ।
सोमचंद को बात याद आय । नारीपुत्रको तेहसुनाय ।
तासमे धर्मको द्वेषीसोनार । रहतोथो पाडोस मझार ।
सोभीबात सुनेकानलगाय । गुरुक्यागये करामातबताय ।
सोमकहे अमराइमझार । चरुभरी दीठीमें दीनार ।
महाराजथा तबजोमिलताधन । तोकरतो मेधर्मदानपुण्य।
अबमिलातो क्याकामआय । योंचिनी आयाछिटकाय ।
नारीपुत्रकहे अच्छाकीया । तकदीरमें होवेतोआवे इया ।
सुनसोनारचिन्ते मनमाय । पोषामें झूठ नहीं बोलेवाय ।
सुवर्णचरुमें लावुंउठाय । तबही आयावहां सजथाय ।
देखावहांही दीवाकरलेय । देखचरुमन अतिहर्षेय॥
निकाल अन्दर डालाहात । विच्छू तत्क्षण डंकलगात ॥
अग्निझाल समफेलाविष । आइ अतीही मनमेंरीश ।
चौमासमे निन्दा गुरुकीकरीसोयहां गयेहैंविच्छूभरी ॥२

निश्चय मुझको मारन काज । यहउपाव रचाइनआज ॥
परन्तु मारंसें उसकोजाय।वोक्या जाने मुझे मनमांय ॥
योंचिन्ती वोचरुउठाय । घबराता निजघरपरजाय ॥
सोमचंद घरकीछत्तफाड । उंडादिया चरुसुवर्णसाड ॥
सापबिच्छू काटे जानेजाय । अभीसब रोतेबाहिरआय ॥
यहरस्ता देखताथा सोनार । परन्तु जरा नहीं सुनीपुकार॥

दोहा– छत्तफाडके लक्ष्मी । पुण्यात्मघर आय ॥
यहकहेवतऐसे मिली । संतोषी धनपाय ॥

चोपाइ

मोतीकहे क्यापडेगीछत ! फटीदिखे पडेमठीरत ॥
सोमकहे निर्भयरहोभाइ । रखेजागे कोइदुःखपाइ ॥
सुतेतीनों संतोषमनधार।दिवसप्रकाश हुवा उसवार ॥
प्रतिक्रमणकर निवृतथाय । पोपापार देखे वहांआय ॥
सोनैया ढग देखविसमाय । आइलक्ष्मी कैसेफेंकीजाय ॥
चरुपिछान सोमचंदकहे । यहवोहीदेखआयामए ॥ ३० ॥
छोडआया तोपडाघरमेंआय । सच्चपुत्रा प्रासवस्तुनहींजाय॥
यत्नकर रखीघरमझार । अचंभीचुपक रहासोनार ॥ ३१॥

दोरहा– एकपटेलने उस ग्राममें।मोटीहवेलीबंधाय॥
सीधीचनाइ देखके । सोमचंद कहेजाय ३२ ॥
यहजागा दोमुझभनी । लगालोलनधना ।

सोसमजो हांसीकरे । देखमेरातेमन॥ ३४।
स्वल्पमोल उसनेकिया । दियातबहीलाय ॥
विस्मित होयजगादीवी । बडेबचन न फिराय

चोपाइ

सोमचंद ले धन परिवार । सुख से रहे हवेली मझार
बहूत जन को धन आश्रय देय । जैन धर्मी उनको कि
सिखाया बहूतों को ज्ञान।दिलाया बहूविद्या दान॥
तोषे बहुत दुःखियों के तांय। दान पुण्य रु धर्म फैलाय
कीर्ती गइ सहु गामे पसर।सब करे सोमजी का आदर।
द्रव्य वहां सर्व सुख प्रगटाय।सबसे बडा है धर्म पसा
दोहा—केते काल के आंतरे । लाभ रूची मुनिरा
फिरते आये उस मार्ग में श्रावक यादृज आय।
पूछे आकर ग्राम में ।सोमचंद कहां रेय ॥
बताइ हवीली मुनिदेखी हर्षेय ॥ ३९ ॥

चोपाइ


सोमचंद देखी गुरू राय । रोम २ तस गये विकसाय
तत्क्षण आया सन्मुख धाय । लुली २ नमस्कार कराय
पुष्पामोती भी दोडे आय। वंदे मुनि अति उमंगाय ।
और भी बहूत मिले नरनार ।सविधी सब करे नमस्का

देख मुनिश्वर अतिहर्षाय ।इतने जैनी कैसे हुवे इसठाय॥
सोमसाती कहे आप कृपासाम।धर्म मे समजा गामतमाम॥
सुखस्थान उतारे मुनिराय । चउदह प्रकारनें दान वहराय॥
सेवाभक्ति करे अन्यपेकराय । धर्मका प्रत्यक्षफल जनाय॥
सद्बोध सत्गुरू सुनाय ।सत्य धर्म जन मन ठसाय ॥
हुवा बहुत सा वहां उपगार । हूवा बहुत सा धर्म प्रसार
साधु सती आवे अब घने । तोषे सब को आदर पने ॥
भेद भाव किंचित नहीं धरे ।यथाशक्ति सब की सेवा करे॥
यों धर्म उन्नति बहुतही कर। स्वर्ग गये आयू पूर्णअवसर।
आगे पावेंगे मोक्षका द्वार । कथा कथी है सूने अनूसार॥

दोहा- सोमचंद तृष्णतजी । तजीभजीतसरिद्ध ॥
धर्मवृद्धिसे बृद्धहो । पायासुखसमृद्ध ॥
जानो ज्ञानी इसतरह। धारो थिर संतोष
धर्म उन्नति बृद्धी करी । होवो सूखी सब तोष ॥
निज पर आत्म सूख वरन लोभ पाप उद्धार॥
ऋषि अमोलख ने रचा। यह नववां अधिकार ॥ ९ ॥

परमपूज्य श्री कहानजी ऋषीजी महाराज के
संप्रदाय के बाल ब्रह्मचारी मुनी श्री
अमोलख ऋषी जी महाराज रचित
अघोद्धार कथागार ग्रंथका
लोभ पापोद्धार नामे
नववांमंजिल

समाप्तम्



मंजिल दसवां—"राग पापोद्धार"

पूर्वविभाग—"राग"

दोहा—बन्धनदोकहे सूत्रमें । प्रथम है राग बन्ध ॥
बन्धे जग जंतू सबी । राग वस हुवे अन्ध ॥
राग[1] स्नेह[2] मोह[3] मम[4]त्वारु । प्रेम[5] प्रीति[6] रुलोभ[7] ।
पेजा दि नाम राग के । रहे जगत् में शोभ ॥ २ ।

चोपाइ

राग बन्धन में बन्धे जीव बहुतही पाते जग में रीव ॥
मनोज्ञ वस्तु जो देखाय । वोही गृहन को इच्छा थाय ॥३।
जो पुण्य होय तो प्राप्त होय। नहीं तो पश्चाताप करे सोय ।
मिलेही अधिक वस्तु सुन पाय । उसे तज उसे लेने को धाय।
उत्तमोत्तम वस्तु अनेक है जग । नही जाती एक के हाथ लग
जिससे रागी सदा ललचाय । कहो रागी कैसे सुख पाय ॥५।

राग के भेद-भेद- मनहर छंद.

राग के हैं दो प्रकार । प्रसस्त अप्रसस्त धार ॥
पुण्य पाप बन्धन का । कारण दोनों जानीये ॥
धर्म गुरू धर्मात्म ज्ञानी गुणी तपी नरम ॥
धर्मोन्नति का जो राग प्रसस्त वखानी ये ॥
कुटंब स्वजन धन । गेह भूषण वसन ॥
इत्यादि पुद्गली राग । अप्रसस्त मानीये ॥
वीतराग दोनों तजे । धर्मी सो प्रसस्त भजे ॥
धर्म बृद्धि होवे सोही आगे सुख दानी है ॥ ३

रागके लक्षण-मनहर छंद.

राग अपानात सोही । येही वस्तु मेरे होइ ॥
रखे यह विनाश पावे । तो मैं कैसा करुंगा ॥
यथा शक्ति वंदा वस्त । कर तन देय कष्ट ॥
चोरादि से रक्षण तिजोरीदी में धरुंगा ॥
ताला पहरा आदि । कर धरते समादि नर ।
वक्त पडे काम आवे । जाने नहीं मरुंगा ॥
ऐसे रागी वस्तु काज । अपना करे अकाज ॥
देखत भूलत खल । येही मैं उन्नरंगा ॥ ७ ॥

रागसे दुःख—मनहर छंद

राग है दुःख का धाम । राग है चिन्ता का ठा
रागी तोहो ते गुलाम । निज आपा खोवे है ।
रागी करे हाय हाय । रागी चहू बाजू धाय ॥
रागी जग को मनाय । सर्व मुख जोवे हैं ॥
रागी के है काम काज । रागी के नरहे लाज
रागी ही करे अकाज । नर भव विगोवे है ॥
राग की शक्ति अगाध । बन्ध संसारीरु साधु
रागसे भोगे असमाध । भवो भव रोवे हैं ॥
केइ मरे जग मांय । ता का सोग नहीं आय
अपने का शिर दुःखे । नींद नहीं लेते हैं ॥
केइ वस्तु नाश होय । उसकी चिन्ता करे को
अपना वस्त्र जो छिदे । तोही बुरा केते हैं ॥
केइ दुःखे टल वले । ताकी तोन तास कले ॥
अपना प्यासा जो होवे । तहां खून वेते हैं ॥
अपा जहां है आपदा । येही जानो जन सदा
राग अनेक रूप धर । जगे दुःख देते हैं ॥ १

रागसे प्रत्यक्ष दृष्टान्त—इंद्राविजय छंद

त डुब की जल के अंदर तन पर नीर अथग फिर आवे॥
मी उसका बजन नहीं लागत। कारण आपा नहीं जनावे
भरी यो धरी शिर ऊपर। सोही जल भार भूत हो जावे ॥
अपना तहुवा दुःख दायक। अमोल रागयों दुःख देखावे ॥

कथा-उन्नीसवी

रागके फल बताने वाली—"पुष्प नन्दी राजा की"

दोहा—राग वसे दुःख जगत् में। पारहे जीव अनंत ॥
विपाक सूत्र आधार से। कहू पुष्प नंदी विर तंत॥

चोपाइ

हेड नगर वैश्रमण राजान। पुष्प नन्दी कुमर गुन वान ॥
ां पधारे महा वीर भगवान। गौतम गोचरी आये नगरम्यान
ो में एक आश्चर्य देख। मनुष्य एकत्र जमे विशेख ॥
ऽ नारी मध्य महा रुपवंत। कान नाकादि उस के छेदंत
तम आये महावीरजी पास। करआलोचन करे अरदास ॥
सकर्म से वो नारी दुःख पाय। दोनों भव दीजीये फरमाय

भगवंत कहे इस भरत मझार। सुप्रतिष्ट नगर सूख कार॥
महासेन नामें तदां राजान। सहस्त्र राणी रुप गुणवान ॥५।
सिंहसेन कुमर गुनवंत। युवराज पद्ट तस थापंत
पांचसो राणी उसे परणाय। पंचइंद्रि के सुख विलसाय॥
स्यामा राणी रुपवंत गुणवंत। सिंहसेण उसीसे मोह धरंत।
चार सें नवाणुव दुःख पाय। स्यामा को मारण चिंते ॥
यह बात श्यामाराणी जान। सिंहसेन आगे किया वयान
सिंहसेन सब को मारनकाम। गाम बाहिर एक बनाया धा
क्रिडा करण सब राणी बुलाय। नशायुक्त तस आहार करा
रात कोसब पडी मुरछाय। भूवन चौफेर दी आग लगाय॥९
चारसो निन्यणव सपरिवार। बलमरी उसभुवन मझार
अहोरागवशाकिया जुलम। ऐसाहै यहरागविषम ॥१०

दोहा— सिंहसेण ऐसेपापकर। छट्टीनरक उपजाजाय
बाबीस सागर महादुःख सहे। रागफल भुक्ताय॥११

चोपाइ

ईसीहीं राहीड नगरमझार। दत्तसेठ कन्हाश्रीनार॥
सिंहसेण नरकसें नीसरी। पुत्रीपने यहांआय अवतरी
देवदत्ता रखा उसका नाम। रुपकला बहूगुणकीधाम
हुइनव युवतीसज सिणगार। क्रिडाकरती गौखमझार
तहांनिकले वैश्रमण राजान। कन्यादेखी अमरीसमान

पुष्यनन्दी कुमर जोग जान । सेठपास भेजाप्रधान ॥१९ ॥
सेठ सूनीआनंद अतिशय । देवदत्ता शिवकामें बैठाय ॥
स परिवार आये राय पास । भेट करी कुमर जी की तास
शुभ मुहुर्त पाणिग्रह्हण कर । दंपति सुख भोग में रहेविचर
वै श्रमण राजा मृत्यु पाय । पुष्प नन्दी जब गादी बैठाव
श्री देवी पूष्प नंदी की मात । ताकी भक्ती करे दिन रात
बडी फजर आकरे नमस्कार । स्नान कराइ कराय सिणगार
भोजन कराइ दाबे पाय । जाय शभा में जब निद्रा आय॥
यह अहोनिशि राजा का कर्म विनीत पुत्र का यही हैधर्म
मात भक्ति में पूत्र मग्न भया ।देख दत्ता मन में दुःखलया
भोगी न सकूयहइच्छित भोग।किसीविध करुं माताकावियोग
एकदा श्री देवी निद्रित जाय।उसके पास अन्य नहीं कोय॥
शीघ्र लोह दंड उष्ण कर लाय।श्री देवी की योनी में फसाय
कर आक्रन्द मरीवो उसवार ।दासी राजा से किये समाचार
मात वियोगेअति दुःखी भया। मृत्यु कार्य कर आसुरत्तथया
भट पास देव दत्ता पकडाय । कान नाक ताकी छेदाय ॥
आजही देवेंगे शूली चडाय । पूर्व संचित फल यह पाय ॥
यहां से मर प्रथम नर के जाय।तीर्थंच वनस्पती तउवायु थाय
मृगा लोटिया परे बहू भ्रमसी । पाप फल भोगेगा रमी ॥२३॥
इस पुर शेठ घर पुत्रयह थाम ।संयम ले प्रथम स्वर्ग जाय॥
महा विदेह में नर हो जावेगामोक्ष।देखो भव्यां राग केदोष।

दोहा—राग रसिक जो जीवडा । ऐसा करे अकाज ।
विंटबणा बहू भम लहे । सिंह सेण ज्यों राजा॥२
ऐसा जान सुखार्थी यों । तजो राग महाभाग ।
सदा सुख दायक भजो । ऊक श्री वैराग ॥ २६





मंजिल दशवां—"राग पापोद्धार

उत्तर विभाग-"वैराग्य"

दोहा—जो निवृते राग से । द्वेष मन नहीं लाय ॥
सोही भाव वैराग्य है । हलु कर्मी को आय ॥१ ॥

चोपाइ

वैरागी जग रचना निहार । अनित्य असरण जाने संसार ॥
जो जो वस्तु देख मोह आय । अंतर गुन सामे लय लाय ॥२ ॥
जिस वस्तु का स्वभाव पलटाय । उसपर राग कैसे स्थिर रहाय
जो करेतो निभे नहीं राग । आपही हो वैराग्य दुःख भाग ॥३
योंजान पहिले वैरागी बनो । जिससे सुख सदा रहे मन तनो
एकही भाव सदा सुख दाय । न पलटाय न कोय दुभाय ॥ ४

वैरागी की भावना—मनहर छंद

असुची शरीर । भरा मांसरु रुधीर ॥
नशा जाल हाड पिंड । मल मूत्र का भंडार है
अच्छे भोजन खवाय । ततो विष्टा होय जाय ।
पावे शरबत नीर । सो तो वहे मूत्र धार है ॥
अच्छे वस्त्र भूषण । तन लगे होय खीन ।
जग मांहे सर्व वस्तु । करे तनही विगारहै ॥
ऐसे ओगन की खानी । ज्ञानी शरीर को जानी॥
नहीं राग भाव आनी । सो अमोल सुखि सार है॥
मात पिता भाइ बेन । काका मामा भूवा सेन ॥
मासी मासा भाभी व्यान । सुत सुता कन्त नार है
स्वजन सगे स्नेही । मित्र आदि मिले केइ ॥
मतलबे आदर देइ । जाने तूझ को आधार है ॥
खाँड गले भग आवे । गाँड गले भग जावै ॥
ऐसे प्रत्यक्ष देखावे । केसो कुटूंब को प्यार है ॥
ऐसे जग जन जाणी । निसंगी रहे त ज्ञानी ।
नहीं राग भाव आणी । सो अमोल सुखी सारहै॥
वाग बाडी गुलजार । घर हाट रंगदार ।
पइसा रुपाइ दीनार । भरा अनाज भंडार है ॥
धरे भुषण बहु मूल्य । भरे वस्त्र भी अतुल्य ।
गज गाजी रथ आदि । वसे ऋद्धी अपार है ॥
पन हीयेसे विचार । यह तो प्रत्यक्ष है भार

होवे क्षण में क्षवार । क्या करे अहंकार है ॥
सर्व अनित्य असार । जान ज्ञानी तजे प्यार ।
राग भावको निवार। सो अमोल सुखी सार है॥७॥

वैराग्य से सुख—इंद्र विजय छंद.

वैराग्य भजे, सो सुख सजे, सिंह जैसे गजे, न लजे कोइठामें
सब दुःख दहे, निश्चिंत रहे, सूखे कष्ट सहे दे अन्य आरामे
चिंतीत मिले, बहू मित्र हिलमुख चंद्र खिले जग को विश्रामे
ज्ञानरू ध्यानरूस्यानरूमानरूअवस्यानअवधान वैरागीहिपामे
वैरागी को वीतरागी बखानत, शास्त्र में ही वैरागी सराया ॥
सुरेंद्र नरेंद्र नमे वैरागी को गुन जनी वैरागी गुन गाया ॥
त्रिताप संताप के पाप को टाल के, वैरागी ही अमरापुर पाया
कहांलो परसंशा करू वैराग की, अमोल वैराग्य सदा सुखदाया

कथा—वीसवीं

वैराग्य के फल बताने वाली—"पृथ्वीचंद्र की"

दोहा—अनंत वैरागी जगत् में । पाये सुख अनंत ॥
पृथ्वी चंद्र नरेंद्र की । ग्रंथ से कथा भनंत ॥ १ ॥

चौपाई

अति सुंदर अयोध्या नगर । हरीसिंह राजा सुख कर ॥
शीलवती राणी पद्मावती । पृथ्वी चंद्र कुमर शुद्ध मति ॥
सर्व कलामें निपुन कुमार ॥ एकदा बैठा गोख मझार ॥
रस्ते जाते देखे मुनिराज । रूप सेंदा कुमर कों लगाज ॥ ३ ॥
इहापो देतां कर्म खपाय। जाति स्मरण ज्ञान जब पाय ॥
संयम पाला स्मरण भया । विषायानु राग तत्क्षण गया ।४ ।
शृंगारिक तजे उप चार विचार । संवेगी शुद्ध पाले आचार ॥
राज काज से मन फेरीया । ज्ञान पठन मनन चित दिया ॥ ५
मुनि दर्शन अवसरे अनुसरे । माता पिता की भक्ति करे ॥
यों देखी राजा करे विचार । शुन्य मति क्यों भया कुमार ॥
राज पुत्र के लक्षण नहीं । मुनि पुत्र पर यहतो रही ॥
कैसे निभावेगा राज का भार । रखे राज जावे यह हार ।७
संसारनु राग जगाने काम । पर णावुं नारी गुन धाम ॥
जाति कुल रूप कला श्रेष्ट जोय।आठ नारी जाची तब सोय
देख प्रथवी चंद्र करे विचार । धिक्क २ राग जबर संसार ॥
मुझ रागे मुझ पिता लुब्ध होय । मुझेह फांसे फसावे सोय॥
ना कहे नहीं मानेगा लगार । इस लिये लग्न करुं एक वार॥
जो हो वेगी हलु कर्मी नार तो तजेगी [illegible] संसार ॥

वैराग्य भाव आठ नारी वरी। शयन सदन बैठे ध्यान धरी॥
आठों देख अति आश्चर्य भइ। नम्रहो ललित बचन से कही
दोष हमारा प्रकाशो नाथ। क्यों नहीं कर ते हम रंग बात
न्हाख कटाक्ष हाव भाव देखावे। स्त्रीकला करी राग जगावे
त्यों त्यों कुवर का बढे वैराग्य। नारियों बोधन कहे महा भाग्य
यह तन क्यारी आफुकी जान। वर शोभे अन्दर भरा घान॥
किंपाक फल जैसे हैं भोग। परिणामे दुःख भोगवते मन्योग।
तृप्ती न होवे भोगे कोइ वार। सागरों बंध वीतेस्वर्ग मझार॥
मोक्ष मार्ग कंविघन कर तार।मैंतो कभी नहीं करूं अंगीकार
तुमभी इच्छो आत्मिक सुख। यों कही मून गृही तव मुख॥
वैरागीणी आठों करे अरदास। हम भी नहीं फसें मोह फास
चारित्र लेंगी रजा दीजीये। हर्षी कुमर कहे जरा सुस्त रीजीये
नवही दम्पती नित्य धर्म करे। राजादि देख अति आश्चर्य धरे
यों किये तो नहीं सूधरा कुमार। राज देकर रचावूं संसार।१७
राजो त्सव नृपति जब करे। कुमर सखे दाश्चर्य चित्तधरे॥
समजाया नहीं समेज राजान।अवसर देख मानी तात आन॥
जल कमल वत् राज जो करे। धर्मोन्नति प्रसारण अनुसरे॥
बंदी खाने सब खाली किये। देशमे अमारी पडहवाजा दिये।
यथा राजा तथा प्रजा थाय। धर्म फैला सर्व देश के मांय॥
धर्म धन जन्म पाया प्रमान। ऐसे संसार में रह भले मा

दोहा–द्वार पाल आ वीनवे। विदेशी व्यापरी आय

आप भेटण उमंग धरे । नृप लावो फरमाय २१।
ते आकर छुली २ नम्यो । पूछे पृथ्वी चंद ॥
कहां से आये किस कारणे । कहो तुम सर्व समंद

 चोपाइ 

शेठ कहे धामी सुनो विरतंत।गजपुर नगर से मैं आवंत।
वहां देखी एक आश्चर्य काम।सोही यहां भी देखुंगा श्वाम
रत्न संचय शेठ गजपुरे रेह । गुण सागर तस पुत्र गुण गेह॥
मूनिदर्शने जाति स्मरण पाय । दीक्षा ग्रहण तात रजामंगाय
तात कहे तेरी स्यादी जो करी।।आठों नारी लावो पहिलेवरी
फिर तुझ इच्छा सो कीजीये।इत्ना कहा मेरा मानीजीये॥
अवसर देख कुमर माना बचन।कहाया कन्या तात सेतत्क्षण
कन्या पिताने कन्यासे किया । हर्षी उनने येउत्तर दिया।
सतीयों के होवे एकही भरतार।हमने लिये गुनसायर धार॥
वो सशक्त तो हमें लेजाय । हम सशक्त तो रखें घर मांय।
सुन सब हर्षे उत्सब मंडाय । वर राय बैठे मंडप में आय।
आठों पास बैठ कला करे । गुन सागर धर्म ध्यान चितधरे
बैठे नाशाग्र दृष्टि लगाय।लय लीन बने अध्यात्म मांय॥
चिंते जो मे लेता संयम भार । तो करता तप जप इसवार।
कर्म खपाता ब्रह्मानन्द चीन।लेखे लगते मुझ निशीदिन॥
पूर्व भव में जो पढा थाज्ञान। उसका प्रगट आत्मभान॥

अपूर्व उपयोग शुक्लहुवा ध्यान। घातिक कर्मका करेघमशान
आठों नारी पति ध्यानस्त जोय। सानन्दाश्चर्य वैरागीणि होय॥
अहो अप ने तो हैं अहो भाग्य। पति मिले भव तारण की लाग
साथही लेवेंगी संयम धार। साथही जावेंगी मोक्ष मझार॥
ऐसी उत्कृष्ट लगी एकही लगन। घन घाती कर्मलागे भगन।
नवही पाये जब केवल ज्ञान। देव दुंदभी वाजी नभ म्यान॥
देव वृंद वहां प्रगट थाय। नवही साधु सति भेष सजाय॥
सुर रचित सिंहासन बैठे भगवन्। सतीयों सन्मुख बैठीहर्षधन
दिग् मुढ विस्मितबने सब लोग। एकाग्र रहे रचना छोग॥
रत्न संचय सुमंगल दौड आय। देख रचंना सो संवेग पाय॥
पूरपाति श्री शेखर सपरिवार। आकर वंदे संत सती चरणार।
मैभी जान गया वहां चाल। आश्चर्य कारक देखा सब हाल॥

दोहा—केवली मुझ उद्देशी वदे। सुधन तुं अयोध्या जाय॥
यहां से आश्चर्य अधिक तूं। वहां देखेगा शभामांय॥
शीघ्र आयाहूं इहशभा। देखें क्या आश्चर्य होय॥
इम कही सो चूप रहा। उत्सुकता धर सोय॥

चोपाइ

यों सुनी पृथ्वी चंद्र नराधीश। मन माहे जागी अधिक जगीश
धन्य२ गूण सागर सह कुटुंब। क्षणमात्र में टाला सर्व विटंब॥
धिक्कार २ होना मुझतांय। जान कर फसा राग फास मांय॥



मंजिल इग्यारवा—"द्वेष पापोद्धार"

पूर्वविभाग—"द्वेष"



दोहा—दूसरा बंधन द्वेषका। कहा श्री जिनराय ॥
राग में नीमा द्वेष की। द्वेषे राग भजनाय ॥
रागी से द्वेषी अधिक। संचय अशुभ कर्म ॥
रागी धर्म समा चरे। द्वेषी न जाने मर्म ॥ २
इस लिये अहो भव्य जनो ; द्वेष महा दुःख दा
द्वेष तजे नहीं जहां लगे। तहां लगे सुख नहींपा
द्वेष विरोध कलुषता। मत्सर घृणा आद ॥
अनेक नाम कहे द्वेषके। उप जावे असमाद ॥

चोपाइ

ष बंधन सें बंधे जोजीवाबहूतही पाते जगत् में रीव ॥
कल्प विकल्प मन सदा रहोद्वेषाग्नि गुण गण को दहे ॥
र्षा को जो जो वस्तु देखायागुण को तजदुर्गुणसोसहाय
र्वस्थान अनिष्ट सो जोयाता चित्त शांति कैसे होय ॥
कसी स्थान न रहे तासु मिलापागुण करते मिले अपयशछाप
ींहोवे द्वेष सें दूःख अनेक। सुखार्थीद्वेष तजो धरिविवेक॥

द्वेष के प्रकार—मनहरछन्द.

द्वेषकेहैं दोयप्रकार । देखाते जगत्मझार ॥
प्रशस्त अप्रशस्त । परिणामोंसे जाणाहै ॥
पुत्रशिष्य आदिसणी । हितशिक्षादेवेघणी ॥
न माने कटुबचन। प्रहारसीठाणाहै॥
सोकहा प्रशस्तद्वेष । परिणामे हितरेष ॥
शत्रुअन्याइपर अप्रशस्त द्वेष मानाहै ॥
दोनोंदोनों भवअयोग्य ।इसलिये तजनजोग ।
नहीं सुख द्वेषसेहे । हृदयपेछाणाहै ॥ ८ ॥
सोलसोरे पुत्रनार । जानेसें देतासुधार ।
परन्तु अधिक विगार । करत अनार्णाहै ॥
जो लो समझे निधामांही।तोलो सुधारनहीथाइ ॥
रखे मारे मुखतांइ । भवभ्रमा आणांहै ॥
मारसे इतरजाय । मानलेसी मुखतांय ।

औरज्यादा करेकाय । योंहदूसो ठाणीहै ॥
पीछैवोनहीं शरमाय । एसाजाण मनमांय ।
मारताड तजके समजावेमधु वाणीहै ॥ ९ ॥
नारीपे उठानाहात । योग्यनहींनरजात ।
सतयुगरीती भ्रात । पेखोपोथी मांहीजी ॥
जोहाते शत्रुअन्याइ । नारीवेश सजआइ ।
तोतस राजादी सत्यवन्त मारे नाहींजी ॥
नकलीमारतनाहीं । असलीकैसेमराइ ।
औगुन अनेकवधे । मारेसे लुगाइजी ॥
आप घातकरे । व्याभिचारभी आचरे ।
ऐसाजान परिहरे । मारनालुगाइताइजी ॥ १० ॥

द्वेषसेदुःख–इन्द्रविजयछंद

द्वेषवशे उनमत्त भयेजन । काजाकाज जरानहींजोइ ॥
नाशकरे तनकोधनको । नरहे उनकाकोइ सगारुसोइ ॥
मारमरे पनटारे टरेनहीं । खोटसुरत्वमेंरक्तएहोइ ॥
मतिगति रतिदी भृष्टहोवत । द्वेषसमानहींदुष्टहैकोइ ॥
द्वेषीकोशब्द होवेदुःखदायक । द्वेषीकोरुपदेखी दुःखपावे ॥
वाससेनाशकरे जानेप्राणके । रससे सो स्व वशभुलावे ॥
स्पर्शद्वेषीको तनजलावत । मनग्लानी सदाद्वेषीलावे ॥
दुःखहीदुखमेंजन्म गमावत । जहांलग द्वेषकोनहींतजावे ॥

कथा- इक्कीसवीं

द्वेषके फल बतानेवाली-"दुर्योधनकी"

दोहा- द्वेषप्रभावे जगत्में । पाते दुखअपार॥
दुर्योधन कोटवालज्यों । विपाकसूत्र अनुसार॥१॥

चोपाइ

मथुरा नगरी श्रीदामर।जान । राणी बंधुमतीरूप गुण खान॥
नंदी वर्द्धन कुमर गुणवंत।यौवनमद छकीसो चिंतवंत ॥२॥
पिता तरुण मुझ कब मिले राज।कोइ उपाय सेंढूंहमणाज
राजा का विस्वासु नाविक । चित्र नाम भरोसे बंध टीक॥
अंत उरादि फिरे सर्वस्थान।आजीविका बहुत दी राजान॥
उसे कुमर निजमंत्री बनाय।विस्वासी मनकी बात जनाय
राजा मार दिला राज मुझ । आधा राज में देवुंगा तुझ ॥
नाविक मानी बात उसवार।फिर उस के मन हूवा विचार
राजेश्वर कभी जाने यहबात।तोसह कुटुंब करे मेरा घात॥
इसलिये राजा को पहिले कहूं।तो अखंडित प्रसीराजाकारहूं॥
एकांत में नृप को कहीसचबात।सुनी नृपती आसुरक्त थात॥
तत्काल कुमर कों केद कराय।कहे यमरान देवुं तुझनांय ॥
लोहसिंहासन लोहका भूषण । अग्नि में कराये अनि उष्ण ॥


सिंहासन नंदी वर्धन बेठाय।भूषण सब तस अंग सजाय
सीसा तरुवा रस रूप उकाल।अभिषेक उससे करा उसका
और विटंबना बहुतही करी।देखने लोक बहुत गया भरी
दोहा—ते काल तहां पधारीये । श्रीमहावीर जिनराय
गौतम लेप्रभू आज्ञा । गौचरी ग्राम में जाय
देख अभिषेक कुमरका । आश्चर्य अतिपाय ॥
वंदी पूछे भगवंत कों।किसकर्मे दुःख सहाय ॥११

चोपाइ

श्रीवीरजी कहे गौतमजी सुणीये।द्वेषके फल रहाहै लुणी
इसी जंबुद्वीप भरत मझार।सिंहपुरके सिंहरथ सिरदार॥१
दुर्योधन नामें कोटवाल । महाद्वेषी पापी निर्दयीकाल
कु-कर्म कर हर्षित होवेकूर । अल्प गुन्हे दंड करे भरपूर
दंड के साहित्य रखते सजाय।निरंत जीवोंको संताप उपज
अनेक लोहेकी कुंडीमांय।उकलता धातू का रस भराय
कितनेक कुंडी में भराहै क्षार।अश्व गज उंठका मूत्र उक
खोडा बेडी श्रृंखल रु डोर । वांश बेंत छडी लता कठो
पाषाण-गोला शिला मुद्गल।अनेक संग्रही है यंत्र कल
तोफ बंदूक नली खड्ग तरवार।छुरी भाला बरछीरु कटा
गुप्ती फरसी कुहाडी खुरपले।अनेक शस्त्र के किये ढगले
सदाही सोचे अन्य दुःख उपाव।निरंत्र प्रवर्ते मन द्वेषभ

सारुं परिताप दूं लूंटूं हरूं धन।यों रौद्र ध्यान करे सदा चिंतन
चोर जार घातिक धूर्त ठगार।अन्याइ अल्प वहुत गुन्हेगार
देखे सुने जान ने में आय । आप धरे सुभट से पकडाय ॥
धातु का रस उकलता पाय।सारी फाडी वर क्षार छंटाय ॥
वहुतों के छेदावे अंगोपांग । खोडावेडी में दे ऊंदे टांग ॥
बहूतों के पा न बहु न जन उठाय।नीच कर्म कंइ पासकराय ॥
कितनेके अंग में खीले ठोकाय।कित्नेको मुद्गल से चगदाय ॥
कित्ने को भूमी में गडाय।कित्ने का तन शस्त्र से उडाय॥
द्वेषातुर यों अकार्य करी। एकतीस सो वर्ष आयुपुर्णे मरी ॥
छट्टीनरक आयु वावीस सागर।भोगी विती वहुत दुःखभर
वहांसे मर यह हुवा राजकूमार।पापोदय हूवा खोटा विचार
साठ वर्षआयू आज पूर्ण करी।रत्नप्रभा नरकमें अवतरी ॥
मृगा लोढा परभमेगा संसार।मच्छ हो हस्तनापुरमझार ॥
मच्छीमार के हाथ से मरी।तहांही सेठ घर कूमर होकरी॥
धर्म सुन दीक्षा कर अंगीकार।सूधर्म स्वर्ग में ले अवतार ॥
महा विदेह में नर हो संयम लेय।मुक्ति पावेगा कर्म करक्षय

दोहा—दुर्योधन द्वेष करी।पाया दुःख अपार॥
ऐसा जानी सूज्ञ हो।द्वेष न करो लगार ॥ २६ ॥





मंजिल बारवां—"द्वेष पापो द्धार"

उत्तर विभाग—"सम भाव"

दोहा—द्वेष तजी सम भाव धर। सम से सुख अपार ॥
जीव अनंत समता धरी । तरे अनंत संसार ॥
सुख मूल एक समही है। धर्म मूल है सम ॥
तज द्रोह सब वस्तु सें। सम में आत्मा रम ॥२ ॥

चोपाइ

सम परिणामी करे विचार। पुद्गलिक वस्तू ये संसार ॥
पूर्ण गलन जिसका है स्वभाव । क्षण २ में सो पावे विभाव
शुभ की अशुभ, अशुभ शुभ होय। एकसी कदा रहे नहीं कोय
जिसका स्वभाव एकसा नहीं रहे। तासुं कैसा वैर रू स्नेह ॥ ४
वैर भाव धरे सें क्या होय । होण हार चुका सके न कोय

द्वेष करने से कर्म बंधाय । उस का फल आत्मा भुक्ताय ॥
यों समजी सम धारो रेजीव । जिस से नहीं पावे कदा रीव।
एकही सम सर्व सुख दातार । विन महेनत इच्छित करनार

समभावी की भावना—इन्द्र विजयछंद.

वस्तु स्वभाव सो परिणमें चैतन्य।उस से बुरा तेरा क्याथावे
जो तुझ को सो खराब लगतो ।क्यो प्रणती तूं उसमें रमावे
जानी फसे विलसे तूं विभावको।स्वभाव में दुःख कोंप्रगमावे
यह अज्ञान तजी भजी ज्ञान । तोही अमोल तूंहीं सुख पावे॥
वस्तु बिगडे बिगडे कहा तेरारे । वस्तु सुधरे सुधरे तुझ कांइ॥
ते तो परा धीन से पलटे पन । तूंतो स्वा धीन करे सो पाइ ॥
तूं बीगडे बिगडे सव बात हीं । तूं सुधरे सव होत भलाइ ॥
तेरेही हातमें बात चिदानन्द । वस्तु स्वभाव न तेरे बुराइ॥८
तूं चैतन्य ते जड रे चेतन्य । ता सरीखो तूंतो मत होवे ॥
तेरो स्वभाव नहीं पलटन को । आपणे हाथ आपो मत खोव
जो तूं अनादी जुदो है ताही सो फक्त परिणती ताय बिगोवे
ताय फिरा रे गिरा निज भान में।अमोल सुख ता क्षण में जोवे

समभाव करने का विचार—मनहर छंद.

जो जो जग नर नारी । पशु आदि कार्य कारी ॥
बुद्धि अनुसारी सो सुधारो कियां चाये है ॥

ता में जो बीगाड होय । ताको बश नहीं सोय ॥
कहो होण हार भाइ को सके चुकावे है ॥
जरा बुद्धिवान ताको पेखी के करे गुमान ॥
अनेके उपलंभ देइ ताही को सतावे है ॥
काम को बिगाड कियो । तेतो भेद नहीं लियो ॥
द्वेष यों अज्ञानी बना जग को फसावे है ॥ १० ॥
अरे अकल वान तेरे काम में तूं लगा भान ॥
तेरे हाथ नुकशान कोइ वक्त थाय है ॥
कोइ तुझ को दबावे । तब तेरे मन कैसी आवे ॥
ताहे समजावे तेही । अब भूल जावे है ॥
होके ऐसा बुद्धि वंत । वक्त पे तूंही भूलंत ॥
कम बुद्धि भूले ताम । आश्चर्य कहा लावे है ॥
अपना न गुन्हा जोइ । अवगुण अन्य के अवलोइ
द्वेष यों अज्ञानी बना । जग कों फसावे है ॥११॥
जो तूं भया शेठ । दूजे करे तेरी वेठ ॥
यही पुण्य का संचीया । फल इहां तूं पावे है ॥
नोकर जो पुण्य लात । तो तो शेठ तेइ थात ॥
पुण्य हारने से भाइ । गुलाम के लावे है ॥
पुण्य प्रमाणे बुद्धि । पाइ जग जीव शुद्धि ॥
ताही को सताइ तूं क्यो कर्म को बंधावे है ॥
जो किया गुमान, तूं तो होवेगा तेही समान ॥

द्वेष यों अज्ञानी बना जग कों फसावे है ॥ १२ ॥
गुरु गुराणी जो होइ, शिष्य शिष्यणी अवनीत जोइ
द्वेष भाव लाइ, निन्दे दुःख उप जावे है ॥
तैसे शिष्य शिष्यणी ही । हित शिक्षा जेष्ट तणी ।
सुणी अपमानी कटु बचन सुणावे है ॥
होइ दुःख दाइ दोनों भणी दोनों भव मांइ ॥
यश को गमाइ धर्म लोपाइ सिदावे है ॥
धर्मी को ठगे खाली नहीं रखी जगे ॥
द्वेष यों अज्ञानी बना जगत् कों फसावे है ॥ ३ ॥
द्वेष दुःख दाइ जानी । सम भाव धरे ज्ञानी ॥
मैत्री सब साथ । रखत सदाइ है ॥
अवगुण न अवलोय । गुण गृाही नित्य होय ॥
गुण का खजाना भर जगत् मे पूजाइ है ॥
कोइ नहीं तास वेरी । सर्व स्थान यशः लेरी ॥
सहायक अनेक तस सहज हीं में पाइ है ॥
सम सदा सुख कर । अमोल ताहे आचर ॥
दोनों भव सुख भोग । मुक्ति में सिधाइ है ॥१४॥

कथा-बावीसवी

समभाव के फल बता ने वाली "दम दंतमुनि" की

दोहा—सम भाव धारन करन। कठिन घना है सुजान।
वीर नर धारन करे। पावे पद निर वान ॥ १ ॥
समधार संमसारसे। तिरियंजीव अनंत ॥
दमदंतमुनिराजकी। ग्रन्थसे कथाकहंत ॥ २ ॥

चोपाइ

हस्तीशीर्षसुनगर मझार। दमदंत राजा गुणधार ॥
जारासिंधका वोसामंत। सेवाकाजतहां जावंत ॥ ३
कौरव पांडव तव धरीगुमान। लेदलआये तसदेशस्यान ॥
देशलूंटीजन दुःखीयेकरी। हस्तीनागपुर गयेसोफिरी ॥
यहचरी दमदंत नृपजान। हुवेआसुरत्त तसफलवतान ॥
जरासिंधका सहायसोलेय। बहूतसैनासंग आयेतय ॥
हस्तीनागपुरे घेरोदियो। दूतसंग पांडवसेकियो ॥
अहोधाडेतीमेरेपीछेआय। दुःखीकरी मेरीप्रजातांय ॥ ६ ॥
जोतुम सच्चेहो बलवंत। आवोरणांगण सैनासहंत ॥
मुझसंगअब करोसंग्राम। तोबतावुंअन्याय परिणाम ॥
प्रतिवासुदेव सहायकयस। कोनहरासके कहोतस ॥
योंविचार पांडवसुस्तरहे। फिरदमदंत बचनयोंकहे ॥ ८ ॥
नहींतुमसिंहशिथाल प्रत्यक्ष। धाडान्हाखन थारोलक्ष ॥

शियालसन्मुख सिंहनहोवेकदा । इसविचारसे जावुंमेंयदा ॥
जीतीदमदंत आयेनिजठाम । चरिसुनराजा डरेतमाम ॥
अखंडआण दमदंतकी फिरे । अन्यकीक्याकथा पांडवडरे ॥

दोहा– उसअवसार पधारीये । धर्मघोषमुनिराय ॥
दमदंत नृपआदिसब । सजहोवंदनजाय ॥ ११ ॥
परिषद बैठीउमंगधर । भव्यतारण ऋषिराय ॥
फरमावेधर्मदेशना । सुणेसबमनलगाय ॥ १२ ॥

चोपाइ

अहोभव्यो आयेभवसिन्धूकंठ । अवमत होवोतुमउपरंट ॥
शिवगति साधननरभवलही । पारहोवोउद्यम करसही ॥
ऋद्धिसुख पायेवार अनन्त । गरजनसरी नहीं निकलातंत ॥
बोधबीजसंयम दुर्लभ । सोअवमिला गमावोनअब ॥
जगजीतकी वारअनंत । तासुभवदुःख नाहींटलंत ।
परजीतन सुलभ कहाजिन । मुष्कल आत्मा जीतेविन ॥
आत्मजीतासो सबजीतीया । सच्चेशूरातो करोरीतिया ॥
आत्मजीतेकर्म हारजपाय । अजरामर अक्षयसुखीथाय ॥
इत्यादिमुनिबोध श्रवणकरी । नृपमगया संवेगसंभरी ॥
तजाराज लीनीदीक्षाधार । गीतार्थ बनेपढ अंगचार ॥
गुरुआज्ञासे कियाएकलविहार।फिरतेआये हस्तनापुर बार ॥
ऊभेरहेकर अटलधराध्यान।पांडवफिरतआये उसस्थान ।

समभाव के फल बता ने वाली "दम दंतमुनि" की

दोहा—सम भाव धारन करन । कठिन घना है सुजान
वीर नर धारन करे । पावे पद निर वान ॥ १ ॥
समधार संमसारसे । तिरियेजीव अनंत ॥
दमदंतमुनिराजकी । ग्रन्थसे कथाकहंत ॥ २ ॥

चोपाइ

हस्तीशीर्षसुनगर मझार । दमदंत राजा गुणधार ॥
जारासिंधका वोसामंत । सेवाकाजतहां जावंत ॥ ३
कौरव पांडव तब धरीगुमान । लेदलआये तसदेशम्यान ।
देशलूंटीजन दुःखीयेकरी । हस्तीनागपुर गयेसोफिरी ॥
यहचरी दमदंत नृपजान । हुवेआसुरत्त तसफलबतान ॥
जरासिंधका सहायसोलेय । बहूतसैनासंग आयेतय ॥
हस्तीनागपुरे घेरोदियो । दूतसंग पांडवसेकियो ॥
अहोधाडेतीमेरेपीछेआय । दुःखीकरी मेरीप्रजातांय ॥ ६ ॥
जोतुम सच्चेहो बलवंत । आवोरणांगण सैनासहंत ॥
मुझसंगअब करोसंग्राम । तोबतावुंअन्याय परिणाम ॥
प्रतिवासुदेव सहायकयस । कोनहरासके कहोतस ॥
योंविचार पांडवसुस्तरहे । फिरदमदंत बचनयोंकहे ॥ ८ ॥
नहींतुमसिंहशियाल प्रत्यक्ष । धाडान्हाखन थारोंलक्ष ॥

शियालसन्मुख सिंहनहोवेकदा । इसविचारसे जावुंमैंयदा ॥
जीतीदमदंत आयेनिजठाम । चरिसुनराजा डरेतमाम ॥
अखंडआण दमदंतकीफिरे । अन्यकीक्याकथा पांडवडरे ॥

दोहा– उसअवसार पधारीये । धर्मघोषमुनिराय ॥
दमदंत नृपआदिसब । सजहोवंदनजाय ॥ ११ ॥
परिषद बैठीउमंगधर । भव्यतारण ऋषिराय ॥
फरमावेधर्मदेशना । सुणेसबमनलगाय ॥ १२ ॥

चोपाइ

अहोभव्यो आयेभवसिन्धूकंठ । अवमत होवोतुमउपरंट ॥
शिवगति साधननरभवलही । पारहोवोउद्यम करसही ॥
ऋद्धिसुख पायेवार अनन्त । गरजनसरी नहीं निकलातंत ॥
बोधवीजसंयम दुर्लभ । सोअबमिला गमावोनअब ॥
जगजीतकी वारअनंत । तासुभवदुःख नाहींटलंत ।
परजीतन सुलभ कहाजिन । मुष्कल आत्मा जीतेबिन ॥
आत्मजीतासो सबजीतीया । सच्चेशूरातो करोरीतिया ॥
आत्मजीतेकर्म हारजपाय । अजरामर अक्षयसुखीथाय ॥
इत्यादिमुनिबोध श्रवणकरी । नृपमगया संवेगसेभरी ॥
तजाराज लीनीदीक्षाधार । गीतार्थ बनेपढे अंगचार ॥
गुरुआज्ञासे कियाएकलविहार।फिरतेआये हस्तनापुर बार ॥
ऊभेरहेकर अटलधराध्यान।पांडवफिरतआये उसस्थान ॥


दमदंत मुनि देख आश्चर्य पाय। स्तुती वंदन कर आगे जाय।
पीछे दुर्योधन दुर्मति आय। देख मुनि को कोपे भराय ॥
अरे दुष्ट किया हमरा अपमान। ते कर्म भिक्षुक हो मांगे धान।
निन्दा कर पत्थर मारीया। ठट्ठा करत आगे सो गया ॥ २०।
यथा राजा तथा परजा होय। पीछे नर आये सब सोय ॥
एकेक पत्थर मुनि पर न्हाखीया। ऊभे मुनि को सब ढांकीय
मुनिवर नहीं किया किंचितद्वेष। समभाव रखे अति विशेष
आत्मा युद्ध महा निर्जरा स्थान। जाननहीं चला जराहीध्यान
फिर पंडव पीछे तहां आय। मुनि स्थान पत्थर ढग देखाय।
पूछे सें जाना सब हाल। पत्थर दूर किये तत्काल ॥ २३ ॥
करी वंदना खमापराध। आश्चर्य लाये देख मुनि समाध॥
क्षपक श्रेणि चढे ऋषि वरा। सकल कर्म का नाशज करा ॥
केवल ज्ञानहो गये निर्वाण। सुर महोत्सव किया उसस्थान
पांडव हर्षि निज घर आय। मुनि गुन गाया अति हर्षाय॥
दूसरे दिन राय शभा मझार। दुर्यो धन आये धर अहंकार।
पांडवा दिक सब दे धिक्कार। महा मुनिन्हाखे विन गुन्हेमार
नगर घेराथा तब कहां गया बल। अब करे गरूरी होवे अकल
क्षमासा गर मुनि राजसें ताप। कहा भोगोगे यह प्रबलपाप
यों निभृच्छा करी शभा सहू। वोभी शरमाया मन में बहू॥
द्वेष प्रभावे नरक में गया। द्वेष और समभाव फल कया ॥
दोहा—दमदंत मुन्विर परे। समधरो दो द्वेष त्याग ॥

बंरो सुख तैसे सबी । इस अवसर से लाग ॥
निज पर आत्म सुख वरन । द्वेष पाप उद्धार ॥
ऋषि अमोलख ने रचा । यहग्यारवा अधीकार

परम पूज्य श्री कहानजी ऋषिजी महाराज के
सम्प्रदाय के बाल ब्रह्मचारी मुनिश्री
अमोलख ऋषिजी महाराज रचित
अघोद्धार कथागार ग्रंथका
द्वेष पापोद्धार नामक
इग्यारवी मंजिल

समाप्तम्





मंजिल बारवा—"कलह पापोद्धार



पूर्वविभाग—"क्लेश"

चोपाइ

हा—जगत् दहन यह क्लेशहे । दे दुःख सागर झोंक ॥
फसी भारत इस जाल में।बन बैठे हैं फोक ॥ १ ॥
क्लेशकहे कु संप को । जंप न लेने देय ॥
लंप लगे घट घट में ।वरणी बतावूं तेय ॥ २ ॥

चोपाइ

नेजमति विरुद्ध सुने जाने बात।उस से होवे प्रकृति उत्पात
जस वश अन्य को बचन सूनाय।सोविरुद्ध अन्य को प्रगमांय
उभय विरूद्ध ता कारण लही। द्वेष भाव मनमें परगमही ॥
सोही अन्य को प्रगमाने काज । प्रसरे क्लेश प्रबल साम्राज़ ॥
राज के अन्दर क्लेश भराय । तो समूल राज नाश कराय ॥
तत् संग अश्वदंती पायदल।सहश्रों गमे की होवे कतल॥५॥

ाठ के हाट जो पेशे क्लेश ।तो द्रव्य का नाश होय हमेश ॥
ोडे दिन में कंगाल बनाय।शठजी भिक्षुक बन जाय ॥
गृहस्थ के घरमे क्लेश जो होय ।कुटुंब कदाग्रहीबन के रोय।
फूटे घर टुकडे होय अनेक । दुशमन रगड अवसर देख ॥
कुसम्प कर भ इ भाइ लडे । लुटावे धन कचेरी चडे ॥
लडावे आपसमें मां और बाप।भोगवे केइ महा संताप॥ ८॥
धर्मस्थान क्लेश पेशियो । धर्म विगाड भरमज कियो ॥
नास्तिक बहुत धर्मी जन बने ।कदाग्रह कर बहुत ही हने ॥
यों क्लेश पसरा है सब संसार । जहां तहां किया सत्य संहार
सालिये पाप में मुखीया यहे ।प्रत्य देखें ज्ञानी जन कहे ॥

क्लेशका स्वरूप—मनहर छंद.

वीतराग के अनुयायी । फसे क्लेश फास मांही ॥
निज शुद्धि को भुलाइ । धर्मनाम को डुबाइ है ॥
गच्छ संप्रदा बन्धाइ । एक का अनेक थाइ ॥
कुच्छ तत्व न जनाइ । व्यर्थ रूढीही थपाइ है ॥
जरा जरा भेद सहाइ।मचावत जो लडाइ ।
शास्त्राअर्थ जो फिराइ । निज हट्ट ही थपाइ है ॥
सत्सूत्र को छिपाइ । उत्सूत्र को जमाइ ।
डूबे जग सिन्धू मांही । ऐसा क्लेश दुःख दाइ है ॥
कहे दया धर्म मूल । गये सत्य अर्थ भूल ॥
चले इस से प्रति कूल । फूले अर्हपद मांही है ॥

निज भक्तों को बेहकावे । प्रति पक्षी से लडावे
शिर केइ के फोड वे । रक्त ना लीयों वही है
धर्म कही धन संचावे । मांस आहारी को खि
स्व धर्मी यों हरावे । ताते अति हर्षाइ है ॥
दया धर्मी के लक्षण।देख मन हुवे क्षीण ॥
हंसे अन्य मति जन । क्लेश ऐसा दुःख दाइ है
फसी क्लेश फंद मांही । मूल सम्यक्त्व गमाइ
तो श्रावक साधु पन भाइ किस विध रहाइ है
प्रथम लक्षणहै सम । सम्यक्त्वी खावे गम॥
रहे सब से हो नरम । सो तो क्वचित देखाइहै
हरामी से नरमाइ । स्व धर्मी से करडाइ ॥
साधु सती सें धीठाइ । कर सम्यक्त्वी कहाइ
जरा २ बात मांही । जुदा स्थान क बंधाइ ॥
एसी क्लेश भ्रमणाइ । भाइ बडी दुःख दाइ है
दोहा—क्लेश है ऐसा धर्म में । तो संसार की क्या वा
जलेंम जा अग्नि लगी । तो भट्टी में क्या रहात

फूट से फजीती—इन्द्राविजय छंद

न्याया लय में फूट धसी । कामेती एक एक को नहीं च
ग्राम रक्षक पण फूट फासे फस को भक्षक ठेरावे

ाज घराणे में फूट पडी तब । राज गमाइ गुलाम कहावे ॥
ालजुगी हिन्द मे फूट की लूंट।अ खूटलो चूंट सबीकेंपावे ॥
ागीरदारों फूटमें फस के । पीडीयों की जागीर गमावे ॥
ाहूकारों में फूट भरी । परतीत गमाइ व्यापार डुबावे ॥
ाठकी पेठ गमाइ है फूटने।एक की एक आसामी फटावे॥
ालजूगी हिंद में फूट की लूंट अखुट लो चूट सबीके पावे॥
ूटसे बाप देवे धन और को । फूट से बेटा बाप मरावे ॥
ूट से सासु बहु धमकावत् । फूट से बहू सासु कों दबावे ॥
ूट से भाइ यों जात लजावत।बाप कोधनदरबारे पहोंचावे
ालजुगी हिंद में फूटकी लूंट। अखुट लो चुंट सबीकेपावे॥
ती पत्नी में फूट पडीतब अन्य नारी अन्य नर संग जावे।
ुरू शिष्य में फूट पडी तब । अन्य गुरू को नाम बतावे ॥
ुत घनता घनी बधगइ फूट से गावन वालो कहां लगगावे।
ल जुग में फूट की लूंट अखूट । लो चूंट सबीके पावे ॥
विधा महा बली रावण राज में।फूट पडी तब राज गमावे॥
महाबली पांडव कौरव फूटसे।नाम डूबाइ महा दुःख पावे॥
ऐसे ऐसे की खुवारी करी तो।अन्य की कहानी कहा कथावे
कलजुगी हिंद में फूटकी लूंट अखुट लो चुंट सबी के पावे॥

कथा—तेवीसवीं

क्लेश का फल बताने वाली–"चार मित्रोंकी"

दोहा–फूट पडाइ पिशून्य जन । साधे अपना काम
फूट पडी जहां जाय के । गये सुख संप तमाम॥
यह स्वरूप दर्शाववा । चउ मित्र दृष्टांत ॥
सुनिया जैसा यहां कथुं । सुन समजो धर खांत

चोपाइ

जनपद नामें पुर शोभाय । पिशुन जय राजा सूख दाय
सो भागी राणी गुणवंत । शूर सिंह नामें पुत्र सोहंत ॥
सुबुद्धि मंत्री को पुत्र सोहन । शंकर पूरोहित पुत्र मोह
धना शेठ को पुत्र धनंत । यह चौ मित्र सदा संपे रहंत ।
विद्याऽभ्यास विन भूले भान । सेवे सात व्यश्न तज कान
हट काण कोइ की नमनाय । स्वइच्छा चारी करे अन्या
एकदा क्रीडा करन सो जाय।चारों ग्राम के बाहिर आय
खेत मक्का का पकाहुवा देख । चला मन खावे अब सेख
चारोंही पेठे तबखेत मझार।रखवाला देखकरकरे विचा
मोटे घरके ये चउ बलवंत । हटकन से नहीं कहा मानंत
में एकला यहतो हैं चार । लडनेसे होवे मुझ हार ॥
मालक का कैसे करूं नुकशान । जिसका पेट में पडाहैधा
किसी उपाव से बचावूं माल।सोची आयो तत्काल

लुली लुली आति किया प्रणाम। भले पधारे कृपाकरी श्याम
पुर पति पुत्र प्रधान जी साथ। पुरोहित पुत्र है ब्राम्हणजात
परंतु बनीया क्यों आया यहां। इसमें हक इसका है कहां ॥१
देढे दूणे पहिले ले दाम । घर में इसने रखे हैं श्याम ॥
तीनों हर्षे कृषी भक्ति जोय। कहे सच हे पटेलके सोय ॥
बनीया कैसे खावे यह माल। कृषी पकडा उसको तत्काल॥
माले के एक स्थंभ सेबांध। तीनोंसे कहे फिर तक सांध॥
धन्य भाग्य पधारे राज कुमार। प्रधानजीके बेटे तुमलार ॥
ब्राह्मण भिकारी हें ऐय। मांग के धान बहुत गया लेय ॥
फिर आया खेत लूटने काज। यह तों अच्छा न लगेमहाराज
दोनों कहेसच पटेलकीबात। दूजे स्थंभ पूरोहित बंधात ॥
हर्षाकूमर से कह कृषान। खेत मालिक आप कृपानिधान॥
प्रधान जी पहिले हम पास। तैसी ली चुका लिया धन रास
किस न्यायसे भुट्टेये खाय। नृपति आप न करो अन्याय ॥
राज पुत्र तब नीचा जोय। सचीव पुत्र स्थंभ बंध्यासोय।
अब एकही रहे राज कुमार। कृपी क्रोधातुर हो उसवार ॥
कहे राजपुत्र हो चोरीकरो। जरा शरम घर की नही धरो ॥
चोथे स्थंभ बांधयों कही। चोर पकडे पुकारा तब सही ॥
सुनकर लोक बहुत दोड आय चारो बंधे देख आश्चर्यपाय
फिट २ निंदेसहू जन तास। शरमी चारों रहे पेयानप्रकाश ॥
चारों के पिता खबर दे पाय अपमानी देश पार कराय॥

कुसंप से घउ आगे दुःख लिया।कुकर्म करदुर्गति गिया
एसा क्लेश जानो दूःख कार।दृष्टांत का ग्रहनासब सार
दोहा—क्लेश फल यह जान कर।संप करो सब लोक
तो सब दुःख को दूरकरवांछित पावां थोक॥ २१





मंजिल बारवा—“कलह पापोद्धार.”

उत्तर विभाग-“सम्प”

दोहा—शांति सुख यश दायका। सम्पही जग मझार ॥
तन जन जग गच्छ उन्नति। करण सम्प को धार।

चोपाइ

तजे क्लेश जो धारे हैं सम्प। वो रहते हैं जगमें जम्प ॥
आत्म शांति उनके प्रगटाय। अन्य वहूतों की लाय बुजाय ॥
सुखी सदाही कुटम्ब है सोय। जिस घर क्लेश कदू नहीं होय ॥
एक को एक देख हर्षाय। एक एक के गुण सरसाय ॥ ३ ॥
गुण सुण गुण वृद्धि होय। यों सुधारा सह जहीं लो जाय ॥
गुण ग्राही का सब करे गुण गान। गुण ग्राही पावे सन्मान॥
जहां क्लेश नही तहां मन हुल्लास। जिससे वधे नव मैंगल्याण

बहूत जन हिल मिल कर रहे। दुशमण दाव वहां नही लहे
सम्पहे जिस सम्प्र दाय के मांय। यथा नाम तथा गुण थार
ऐसा सुखदाइ सम्प्र सुजान। धारो उन्नति इच्छक प्राण ॥

सम्प के लिये दाखले—मनहर छंद

"मित्ति म सव्व भुयेषु"। जैन के शास्त्र कहे।
सर्व जीव मित्र सम। धर्मात्मा जानीये ॥
"वसुधैव कुटंबिक," महा भारत कथे ऐसे।
सर्व पृथवी के जीव। निज कुटुंब पैछानीये ॥
दरद दिल के वास्ते। पैदा किया इनसान को।
मोमीनो की वाणी मोंम। कीजीये परमाणीये ॥
ऐसे सब सम्प काज। पूकारे शास्त्र समाज।
सर्व सुखदाइ भाइ सम्प एक मानी ये ॥ ७ ॥
दशा श्रुतखंध अरु सम बायंग सूत्र मांही।
महामोहनी कर्म बंध तीस बोल बखाणीया ॥
बोल छव्वी समें कहा चार तीर्थ में पाडे फूट।
महामोहणी बांधे सो तो आगे दुःख दाणीया ॥
सागर सीत्तर कोडाकोडा सम्यक्त्व न पावे सोय॥
नरक निगोद दुःख भोगत अनाणीया ॥
ऐसा जान क्लेश [illegible] सज ॥

दोनों भव माहें सोतो होवे सुख दानीया ॥ ८ ॥

समकित मूल सम्प । धर्म हीका मूल सम्प ।
सुख का कारण सम्प । सम्प जग सारहै ॥
सम्प विन धर्म समकित और करणी सब ।
कष्ठ किया जानो यह तो कर्मों की वेगार है"
समदृष्टी ऐसा जानी । सब से मित्र ता ठानी ।
करे धर्म करणी नहीं गमावे लगारहै ॥
परिणामे फल दय । जाणो यह सूल नय ।
सर्व सुखदाइ भाइ । सम्प जग सारहै ॥ ९

सम्प के लिये दाखले—इन्द्राविजय छंद.

एक तण कों हरकोइ तोडत। बहुत त्रण रस्सी हांथी बांधडार
एक चींटी को हरकोइ मारत । बहूत चींटी मिल नाग घिदार
इत्यादि द्रष्टान्ता सम्प से रह सहू दुशमन का वहां जोर नचाले
अहो सुख इच्छक सम्प रखो सदा देखो मजा दोउ लोकमझार
राम कहे घन जीता लक्ष्मण । अधिक मत सिर कारही धार ॥
बहूत मिल का मान महात्म एक की टेक कहां लग चाले ॥
एक मात्रा के दो मात्रा के । एका धारी से बादशा हार ॥
अहो सुख इच्छक सम्प रखो सदा देखोमजादोउलोक मझार

कथा- चौवीसवी

सम्प कफ़लबताने वाली—"धनदत्तशेठ की"

दोहा—सम्प रखे संसार में । पाये पावे सुख ॥
तेस्वरूप दर्शन को । कहू कथा जे मुख ॥ १ ॥
धनदत्त बहू कुटुम्ब वंत । निर्धन सम्प प्रशाद ॥
रुठी लक्ष्मी यक्ष वसहुवा । सो यहां कथूंसवाद॥

चोपाइ

चिलशाल पुर जितशत्रु राय । धनदत्त शेठ रहे उसठाय ॥
पुष्फोतरा नारी गुणवन्त । पंदरह पुत्र तस अति सोहंत॥२॥
सब परणाये उत्तम स्थान । बडा परिवार हुवे संतान ॥
कुटुम्ब पोषण रखने व्यवहार । खरच बधा तस घर अपार॥४
उत्पन्न कम अंत्तराय के जोग । सबको पोषणे चाही ये भोग।
बहूत तंगाइ चलावे काम । तोभी जगमें रखते माम ॥ ५॥
अत्यन्त प्रेम तस आपस माय । एक एक से जुदा नरहाय ।
तात हुकम सब करे प्रमाण । यथा शक्ति व्यापार दुकान ॥
इर्षा कदा किसकी नहीं करे । मदत हरेक करण अनुसरे ॥
एक एक के करे गुणग्राम । पर सुखी देखरहे सुखपाम ॥

मिले उसपर धरते संतोष । समजे नहीं कैसे होवे रोष ॥
सन्ध्या समय सब मिल वेठंत।शेठजी हित शिक्षा देवंत ॥
निर्मळ मन सरदे सब सच।करे अंगीकार न करे कच पच।
बहु पुण्य जोग बहु संगम थाय।बहुत मिले बहुतही शोभाय
बहुत मिले होवे बहुतही काम । एक राजासे नवसेगाम ॥
एसा जान सब संपसे रहे । जिससे विपती क्षण में दहो ॥
इत्यादि उपदेश शेठ सुणाय ।सुने सबी उसी तरेहवरताय
दारिद्रता तस अतिसताय।तोभी ते दुःख वेदे न जराय ॥

दोहा- उसवक्त उनकेधामकी । पडीअचानकभींत ।
बांधनको दमडानहीं । खुलीरहेफजीत ॥ १२ ॥
सबमिल हातोहाततब । करनेलागेकाम ॥
सम्पसे अशुभकर्महटे ।शुभपुण्यप्रकटेताम ॥ १३ ॥

चोपाइ

मृतिकाकाजे धरतीखोदाय।मारतकुदाल अवाज वहांथाय॥
धन भरीयो चरवो वहांदेख । आश्चर्यपाये हर्षविशेख ॥
शेठहुकमे तसलिया निकाल । दूसराउसके नीचेमाल ।
उसे नीकाला तीसरादेखाय । उसेनिकाल शेठनाचेताय ॥
अतिलोभ भाइ दुःखदाय । इतनेसेसब सुखहीपाय ॥
खाडापूरकर बंधाइभींत । द्रव्यसेबधी सुखजनप्रीत ॥
खानपान वस्त्रभूषण किया । द्रव्यपसाय सुखसबलिया ॥
वहांहीएक स्वर्गशाहरहे । धनपरिवार बहुततसगहे ॥ १४ ॥

बधाइ जगह एक मध्य बजार।बहूत मजलकी सुंदराकार
उसे धनदत लेनेकरी चहाय । निरारंभी योगहीदेखाय।
स्वर्गशाहसे आकहे नरमांय । येहजागामुझदोलो धनलगा
स्वर्गशाह हंसीचिंतेमनमांय । दरिद्रीस कैसेजागालेवाय
मनदेखन पूछेमुझभणी । कींमतकही थोडीजगातणी॥
धनदत्त पांचरखा साक्षीदार । लादीनीकहीमुजब दीना
तबकहे हांसीमेंहांमेंभरी । साक्षीदारकहे नबदलोजरी।
परवस्यस्वर्गशाह तसदइ । धनदत्तसवकुटुंब तहांजारही
धनेसधन वृद्धिबहूभयो । एकखुने मेंढगलोकियो ॥
खरचन हुकम सबीकोदियो।कोइनलायो नकोइलेगियो
हिंशक व्यापार तजन्यायसेचले । दानज्ञान दयःमेंवाव
सबकेवस्त्र भूषणएकसाकरे । एकहीस्थान भोजनआचरे
शेठहुकम नउल्लंघे लगार । सम्पसूशील उत्तमआचार
योंसबकरे सुखसेतीगुजार । आगेसुनो परिक्षाअधिकार

दोहा—उसही नगरीमेंरहे । महालोभीश्रीपाल ॥
अतीकष्टकर संचीयो ।बारकोटीमाल ॥ २६ ॥
वनमेंएक वटवृक्षतल । गडासोसवजाय ॥
अकाम कष्टप्रभावसे । मरकरव्यन्तरथाय ॥ २७
परिगृह ममता स्वर्गतज । वटपे वसासोआय ॥
धनदेखेहर्षेघनो । देखोमोह दुःखदाय ॥ २८ ॥

चोपाइ

एकदालक्ष्मी उससुरसंग । गगनजातेदेखा धनदत्तढग ॥
सुरकहे लक्ष्मी तूंनिशरम । अनइछितजगरहे तूंरम ॥ १९
वाहेतहां तोतूंनहींजाय । तबहीपगमे रहीठेलाय ॥
लक्ष्मी कहे संप जहां मुझ वास।ते अब तुझे देखावु खास
कमलाअर्धनिशीसें वहां आय।धनदत्त से कहे क्य करो सहाय
शेठ कहे सुता हुं तू नारी कुण।सा कहे में लक्ष्मी सुणो निपूण
विन बोलाइ बसी तुझ घर । तुम राखो मूझ कचरा पर ॥
नरेंद्र सुरेंद्र मुझ आदर करे।न रहे तुझपास रखे इस तरे३२।
शेठ कहे कल खडा खोदाय।गाडी देवू तुझे उस मांय ॥
खेशाणी हो बोली सासूरी।खड्डेमें दाटो ऐसी में नावुरी।३३।
में तो नहीं रहुं कोड उपाय।शेठ कहे करो ज्यों सुख थाय॥
दोलत आन जाने की में जान । पहिले इस्तरे रखी इस ठाण
सुर संग सुरी फिरी शेहेर मझार । मुझरहने उत्तमठोर देखाइ
दगा कुसम्प सव जगह देखाय । धन दत्तसम घर एक नपाय ॥
फिर आइ लक्षमी धनदत्त घर । वडे पुत्र से कहे इस पर ॥
में लक्षमी शेठजी कहाडे मुझ । मुज गये जावेगा सब सुखतुझ
तुम राखो तो रहू तुम आवास । वडा पुत्र कोपी कहे तास ॥
शेठ हुकम विन क्यो आइ पास। जा शीघ्र नहीं तो पावेगा त्रास
दूसरे पास जा ।विनंती करी । मुझे तुम राखो कृपा करी ॥

दीनी गाली कहाडी ललकार। यों सब कने पाइ तिरस्कार ॥
पस्ताइ सुरी सुर से कहे ताम। सुख रहने को गमायो में ठाम
औरभी देख इनसबका सम्र। फिर धन दत्तपास श्रीआइ जम्प
कहो शेठ जी घर थांरा म्हारा । शेठ विचार सत्य कारउ वा।
घर धन सब लक्ष्मीका बाइ। लक्ष्मी कहे तुम तजो इस तांइ ॥
तत्क्षण शेठ उठ घर वाहिर आय। हाक मार सबी को बोलाय
शेठ बचन सुन सबी उठ भागा। मोटा छोटा ढेकेरु नागा ॥
कर जोडी कहे हुकम फरमावो। शेठकहे श्रीकियो रीसावो ॥
वस्त्र भूषण उसका उसे देना। फक्त तीन २ वस्त्रसबी रखलेना
सुनतेही सब फेंक दिये तत्क्षन। जरा नहीं दुःखीया किसका मन
आगे शेठ पीछे सब चला परिवार। बनमें आये वट बृक्षनिहार।
विसामा लिया शेठे चिंता भराइ। खाने मांगे गे देवूंगा में कांइ
बुद्धि उपाइ कहे घांसतोड लावो। चार जने मिलरस्सीबनावो
बेंच के भोजन करेंगे भाइ। सुन सब लगे उसी काम मांइ।
दुःख विषवाद किसके मन नहीं। उलट हर्ष रहे सब मनाइ

दोहा—कमला बैठीतिहांसोचकर। यक्ष आया वहां चाल।
डर पायो मनमें अति। रस्सी वटतले निहाल ॥
पूछे मानव रूपकर। रस्सी बटो किसकाज ॥
शेठ कहे हम भूतका। करेंगे इससे इलाज ॥४९॥
भूक का भूत निकल गया। पूण्य पसाय वचन ॥
मेरा किया मेने लिया। चमका भूत तब मन॥५० ॥

चोपाइ

करजोडी कहे करोगुन्हामाफ । अबनहीं संतावूंगा कदाफ ॥
अगमबुद्धि बनीया भूतजान । कहेलछी रुशीतुझहान ॥
भूतकहे मेराबारह क्रोडधन । सोआप लेकरकरोगमन ॥
लक्ष्मीको मेंलावूंमनाय । तत्क्षण सो लक्ष्मीपासआन ॥
कहे तूछ बचेनपुण्यात्म सताये । मेरेपीछे क्योंतेनेलगाये ॥
चलोशीघ्र तसमनाइ लावें।जिससे अपनदोनों सुखपावें ॥
लक्ष्मीकहे पहिले थेंमुझछेडी।।परकाजघडेपडे उसपगवेडी ॥
दोनोंमीलआये धनदत्तपास । घरेपधारोयों करेअरदास ॥
धनलेभूत शेठसंगभया । सपरिवार शेठ निजघरगया ॥
चमत्कार पुरजनसबदेख । आश्चर्यानन्द मनहुवे विशेख ॥
बीतीबात शेठसबसुनाइ । सम्पसत्य प्रत्यक्षसुखदाइ ॥
रुठीलक्ष्मी मुझमनाइलाइ । बारेकोटी धनभूत वसथाइ ॥
सुनसबजन तसमाहिमाकरी । सत्यसम्पलिये वहूतेवरी ॥
धनदत्त सपरीवार दीक्षालइ । स्वर्गगये मोक्षपावेंगेसही ॥

दोहा– श्रोताइसदृन्तसे । पेखोसम्प सुखदान ॥
धनदत्त परेसवरहो । द्रढसम्पको सदाय ॥
क्लेशतजो सम्पकोंभजो । गजोधर्मभूमंड ॥
सजोप्राचीन साजको । वरतोजैन अखंड ॥
निजपर आत्मसुखवरन । द्वेषपापउद्धार ॥

ऋषि अमोलखनेरचा । द्वादशमां अधीकार ॥ ६८ ॥

परमपूज्य श्रीकहानजी ऋषिजीमहाराज
के सम्प्रदायक बालब्रह्मचारी मुनि
श्रीअमोलख ऋषिजी महाराज
रचित- अघोद्धार कथागार
ग्रंथका द्वेषपापउद्धार
नामद्वादशवा अधीकार

समाप्तम्





मंजिल तेरवा–"अभ्याख्यान पापोद्धार"

पूर्वविभाग–"कुआल"

दोहा–इर्षा धर अन्य ऊपरे । जो दे कूडा आल ॥
अभ्या ख्यान सो पापहे । सद्गुण भक्षण काल ॥

चोपाइ

इसजग मे पुण्यात्म प्राण । पुण्य पसाय कीर्ती मंडाण ॥
सो पापात्मा को न सुहाय । उसे दाटण करे उपाय ॥ २ ॥
दुष्टात्मा चिन्ते मन मांय । सवही मानते उनके तांय ॥
सवही सद्गुण वाकोही कहे । सबही पंथ ताही को गहे ॥ ३ ।
मुझ न पूछे टुकडा साट । वोलाये न करे को वात ॥
मेरे मत में कोइ नहीं आय । जब लग कायम यह रहाय ॥
इसलिये ऐसा करूं को उपाय । जिससे कीर्ती जिनकी दव जाय
यों विचार छिद्र ग्राही होय । सद्गुण को दुर्गुण कर जोय ॥ ४

जो कभी किंचित दुर्गुण पाय । तो राइका पहाड बनाय ।
ठोर २ बकतो सो फिरे । ज्यों परिणाम जगत् कागिरे ॥
जो कभी दुर्गुण लगे नहात । तो सद्गुण को दुर्गुण बनात
भोले लोक को सो भरमांय । दुर्मति ता मे प्रागमाय ॥ ७
खोटा कलंक तस सीस चडाय । उभय भवका डरनहीं ल
ब्रह्मचारी को व्यभिचारी कहे।तपस्वी को भक्षसी कहद
ज्ञानी को अभिमानी भनंत । वक्ता को कु-कथक कथंत
बिप्रीत यों सबही प्रगमाय । अछत्ते कु-कलंक चडाय ।
ऐसे जो हैं अधर्मी जीव । भोगवत दोनों भव रीव ॥
आखिर तो सत्यही प्रगटाय । तब अभ्याख्यानी मुहछिप
फिट २ बजता लोकों के मांय।बयण परतीत कोइ नहींल
ताको पाप ताकें सिर पडे । सच्चे कलंक तास सिर चडे

अभ्याख्यान दुर्गण–मनहर छंद.

जे नर अभ्या ख्यानी । ताकी मति सदा भृष्ट मा
गुण आच्छादन भनी । दुर्गुण सो जोवे है ॥
आप की जमावे पेठ । अन्य की बतावे हेट ॥
इरर्षा को भर्यो ठर्यो पर माम खोवे है ॥
अच्छत्ता चडावेआल । बोले जैसो काटे व्याल
नाहक सतावे गुणी । सती संत होवे है ॥
लही महात्मा का श्राप । उपार्जे महा पाप ॥

अभ्याख्यान पाप ऐसे जग को विगांवे है ॥ १२ ॥
ईर्षा भराये जन गुन को करे औगुन ॥
त्यागी ब्रह्मचारी मुनि । अस्नानी जो रहावे है ॥
जा को मेला कही निंदे । जाने कोइ नहीं बंदे ॥
शुचाशुची भेदकों । अज्ञानी कहांसे पावेहैं ॥
देखलो पुरान अशुची चारतरह पहचान ।
दयाहीन निंदक[2] मैथुनी[3] चोर[4]थावेहैं ॥
यहचारोंकु कर्मकरे । ताकोतो शुचीउचरे ।
अन्ध अभ्याखीनीको उलटही देखावेहै ॥ १३॥
केइधर्मधारी कर्मवशहैं संसारी ।
पालपरवारी करेनिर्वद्य व्यापारीहे ॥
अभ्याख्यानी छिद्रजोय । धर्मीगुण ढंकसोय ।
कुडाकलंक लगाकहे । यहतोढोंगी भारीहे ॥
हाथमांहे माला राखे पेटमेंकोदाला ।
गुप्तकरे कर्मकाला भाला लखणाका मारीहे ॥
थापण दबाय ऐसेकलंक लगाय ॥
ऐसे अभ्याख्यानीकी तोदोनां भवख्वारि ॥ १४ ॥

इन्द्र विजयछंद.

तरतम्य जोगेकेइ योगीवने । अन्यकीकीर्ती नाहिंनुहावे ॥
अन्यमतकेकेइ तपीजपीगुनी । नाहिंकिसीन [illegible] ॥

हीनाचारी अज्ञानी बताकर।उनके भक्तोंके भावफिरावे ॥
बडोअभ्याख्यान घुस्यो धर्मीघर।देखअमोल अचंभोइलावे॥
श्वेताम्बरदीगाम्बरकोमिथ्यातीके।दीगाम्बरश्वेताम्बर ठेरावे
साधूमार्गी मंदीर मार्गी । यह विध एकेक पे आल ठावे॥
सत्य को असत्यु असत्य सत्य कर।अपनी टेकको पक्की जमावे।
बडो अभ्याख्यान घुस्यो धर्मीघर।देख अमोल अचंभहीलावे
कलंक है वंक अचंक लगे सो जगे दुःख शंक निरंक उपावे॥
देवकीके गये पुत्र छहो हरी।हरिण गमेषी सुलसाके पहोंचावे॥
कलंक से सीता वसी वन वासही।योंही कलंक अनेक सतावे।
यो दुःख कार अपार कु आल है।दोनों भव दुःख कौ ये उपावे

कथा—पच्चीसवीं

अभ्याख्यान के फल बतानेवाली—भव भूत क्षत्रीकी

दोहा—बहुते जीवन कलंक दे।दुःख पाये संसार॥
भव भूत नामें क्षत्री की ।कथूं कथा सुनो सार ॥

चोपाइ

मेदनी मंडण ग्राम मझार।भय भूति क्षत्री रहे धन धार ॥
विषय लंपटी सदा दुर्मति । परदारा भोगन लुब्ध अति॥२॥

दुष्ठ इच्छा पूरने के काज । काजा काज की न धरे लाज ॥
परपंच रच करे इच्छापूर।सत्पूरूष उससे रहे सदा दूर ॥
तहां रहे एक मंगल शाह शेठ।मंगला नारी गुण की पेठ ॥
महा रूप वती तैसी महासती।जैनधर्म प्रीति विद्यावती ॥
एकदा भवभूती मंगलाको देख।रूपे मोहा काम पीडाविशेख
वस करने किये अनेक उपाय । परंतु न चला एकही दाव॥
पापी तब खोटे परपंच रचे । काज साधन जो मन जचे ॥
मोतिजूगल अतिसूंदर लाय।बाण में सांध तस घरमें फेकाय
सोमि लिये मंगला सती तांय । भूषण से पडे जाने मनमांय
नथनी में सो लिये डलाय। दासी हाथ भव भूती भेदपाय॥
पोशाक क्षत्री याणीकी बनाय।तस धोवन को दी सो जाय॥
लांच दे मंगला गेह में मुकाय।मंगला भेद जानन नहीं पाय॥
मंगला शब्द सम एक वैश्या तांय।आधिराते रथ में बैठाय॥
मंगल शेठ घर सन्मुख रही । सब सुने ऐसा शब्द कही ॥
मंगलशा दुःख दे अतिमोय। इस लियेयहां रेना नहीं हायप
जावूं में भवभुतीजी घर । यों पुकार रथ भग गया तर ॥
मंगला मंगल शेठ सुणी नहीं येह।अन्य सुनी अचंभो लह ॥
प्राते मंगला नदी न्हाने जाय।भव भृति तस लारही आय॥
धो सुका रख वस्त्र घडी कर।उस में गुप्त मांन दिया धर ॥
वस्त्र उठा सती घर जब आय।मध्य बजारे डली [illegible]
अहो शीघ्र चालो अपने घर । सती अली [illegible]॥

सती कर छोडावन करे जोर।पापी न छोडे धरा कठोर॥१३॥
लोक बहुत भेले वहां होय। भव भूती को दबावे सोय ॥
भव भूती वस्त्र में मांस देखाय।सती वस्त्र डाल दिये उसठाय॥
निडर भव भुति सबी से कहे । आज रात मुज घर रह ।है
पुछे पाडोसीसे कही आइ भाग।कहे पाडोसी सुनाथा राग॥
पुनः भवभूति नथ मोती बताय।खरीदे उस जौहरीकोंजताय
इत्यादि प्रत्यक्ष भेद पाय । लोक चुप रहे अचंभा लाय १६
सती को अती उपजा संताप । चिंते प्रगटे पूरा कृत पाप ॥
खसावे नहीं सा तहां से पाय।मंगलशा अतिगये मुरझाय ॥
राज भट दोनों राज में लेजाय । नृप सन्मुख ऊभा कराय।
सती गुंम हुइ बोलानहींजाय।भव भूती औरभी बात बताय
क्षत्रीयाणी की पोशाक इस घरधरी।वो पहरी के आतीहरघरी
भेज सीपाइ पोशाक मंगाय।देख सच्च हूइ भव भूती की वाय
घबराइ सती तबकहे पूकार।अहो प्रजा पितानिराधारआधार
जितने कृतघ्न भव भूतिने किये।एकही भेद स्वपने नहीं लिये
निर्दोष अबला में कहू प्रभूशाख।डुबी लाज पिता तूं ही राख
सब जन कहे स्वप्न में महाराय।मंगला खोटी हम जानी नाय
भ। भूती खोटा जन्म से सही। परंतु यह परपंच समझे नहीं
सब की बुद्धी गइ चक्राय।किस विध करें अब ये न्याय॥२६॥

दोहा—विमल बुद्धि रायपुत्रिने । सुने सबी येह हाल ॥
राजसभा में आ कहे । में करुं न्याय एक ताल ॥

चोपाइ

सती कों अपने पास बैठाय । भव भूतसे कहे सत्य कहे वाय
इसने क्या किया तेरेघर आहार । कब खाया सत्य कर उचार ।
भव भूति कहे आज कीरात । खा आइ ये मांस दाल भात ॥
फिर पूछे तूं सच कहे बाइ क्या।वस्तु कब तेने खाइ ॥ ३० ॥
सती कहे कल सन्ध्या समय । दारु शाक रोटी खाइ मय ॥
औषधी देतस वमन कराय । दाल रोटी पडीसूं आगे आय ॥
राय पूली कहे देखो सब लोक।भव भूति की बात सब फोक ॥
पुनः बाइ पूछे सती के ताय । तुझ वस्त्र सें मांस कैसे आय ॥
सती कहे न्हाने नदी सें गइ । धोसुका वस्त्र बांधे शुद्ध सही ॥
फेरन्हाइ चलीये गांठी उठाय । न जानूं मांस कैसे भराय ॥
कन्य कहे सती निधा चुकाय । पापी दोना मांस इसमें ठाय॥
पलां बाइ मोती कैसे आये हात। सती कहे मुज आंगणमें पता
कन्या कहे पापी दिये तहां न्हाख । घर के जान लिये इन राख
अच्छापोशाककैसे धरीघरसांय।सती कहे गठडीदी धोबन लाय
वैसीही मे संदूक में धरी । और बात में जानूं नहीं जरी ॥
तहीं तब उस धोबन को बोलाय । दीधसको सच दीन बनाय

दोहा—अदल इनसाफ बाइ किया । टाला सति कलंक ॥
सुन सब जन आनंदीया । बहा बाइ बुद्धिवंत ॥ ३१
मंगलशा मंगलावती । माना अति उपकार ॥

डूबे जन कों तारीये । विद्या बडी संसार ॥ ३८

चोपाई

बाइ सती कों धर्म बेन बनाय । नृपति पुत्रीजानी ताय
उत्तम वस्त्र भूषण सजाय।आडंबरे तस घर पहोंचाय ॥
सती कहे घर अब जावूं नहीं । देखी जग रचना में यह
कर्मोदय कोइ किसका नाय।संयम लेवूं गुरुजी ढिगजाय
अति उत्सव तस दीक्षा दी राय।ज्ञान ध्यान में आत्मरम
करी करणी स्वर्ग सोपाय।थोडे ही भव से मोक्ष सिधाय

दोहा—भव भूत शरमाइया । सब करे अति धिक्कार
महा जूलमी यह पापीयों । थूं थू करे नर नार

चोपाई

भव भूति का अति जाण अन्याय।नृपती अति कोपातुर
घर धन उसका दिया लूंटाय।मूढ मुंडा शाम मुख करा
रक्त वस्त्र तस अंगपहराय । लंबा करण पर तस बैठाय
फेराया सब चौहटे मांय । प्रकाश करे जो किया अन्या
सब जन देते उसे धिक्कार । निकालदिया पुर के बाहर
पापोदय प्रकटा तन रोग।अनेक विपत्ती से हुवा तन वि

दोहा—नरकादि दुर्गति विषे पायादुःख अपार ॥
अभ्याख्यान महापाप कों।तजो सुख इच्छनार



मंजिल तेरवा "अभ्याख्यान पापोद्धार"

उत्तर विभाग-"मौन"

दोहा—ईर्षा न करे कोइ की।वाणी न वदे दुःख दाय॥
सद्बोध वक्त उच्चरे। सो मौनी मुनिराय। १॥

चोपाइ

अवगुण पर दृष्टी न दये।निज अवगुण अंतर द्रग गये॥
ार अवगुणी निजात्मजान।सदा करे गुणी गुणका ध्यान
में अंग में कहा जिनराय।जो अभ्याख्यान अन्य सिरठाय
ाही तस आवे कलंक। यह बात श्रद्धी होकर निशंक॥
ंक किसी सिर जरानधरो।निज हित चिंत पाप परिहारो
प गुणी हो पाडो अन्य पे छाप।ज्यों देखी गुणी सुधरे आप
ोधकर सद्गुण प्रसारे। जिसतरह गुण इच्छक धारे॥
सरे योग्य गुणी गुण उच्चारे।सोही मुनी नहीं ऊंचे दूसरा

अभ्याख्यान से बचने कीरीत—मनहर छंद

पूर्व कर्म के संयोग । मिले शुभा शुभ जोग ॥
अमन्योग व मन्योग्य । ज्ञानी जन यों विचारी ये।
कभी कलंक जो आय । संचित कर्म के पसाय ॥
निज बन्धे प्रकटाय । ऐसा निश्च निरधारी ये ॥
पहिले दीना जो कलंक । उससे लगा यह डंक।
ऐसी कर्म गति वंक । भोगूं धरी में लाचारी ये ॥
भोगवतो दुःख पावू । तो क्यों नवा में संचावूं ॥
जिससे आगे न पस्तावूं । यों अमोल मन वारीये।
सच्चालगे कलंक खोटा । हीये दुःख का जो चोट।
तो न बांधे नवी पोटा । तुज आगे न सतावेगा ॥
न धर दाता पेंद्वेष । जाणी धर्म की रेष ।
लाय दया तूं विशेष । येह किया आगपावेगा ॥
जैसा गमाया है सुख । तैसा पावेगा ये दुःख ॥
तब कूटेगा ये मुख । किये उदय जब आवेगा ॥
यह तो हुवा देनदार । तूं तो कर्जी मत हो यार।
धार अमोल विचार । तोही सुखी सदा रहावेगा।
जो तुझ हरे मन निशंक । नहीं कलं कित अंक ॥
कूडा दीया कोइ रंक । तो तेरा क्या जावे है ॥
खरा खोटा जाने लोक । आखीर होवेगा यहफोक

वैठ तूंतो क्रोध रोक । जोक तुझ नहीं आवे है ॥
कभी खोटा कहे सहू । तो न करना मन लहू ॥
यह तो निर्जरा है बहू । लहू थोडे काल थावे है ॥
आखीर ते सत्य तरे । ऐसा जेष्ट जो उचरे ॥
तेही नीवडे आखीरे । यों अमोल दरशावें है ॥
कभी न होवे कलंक दूर। तोभी मन मती झूर ॥
धैर्ये कर्म बंध चूर । शूर हांके भव विचार ने ॥
चोरी जारी व्याभिचारी । कीये कर्म अनंती वारी॥
हुवा नीच रुगीं वारी । सब दिया तुझ धिक्कारने॥
तहां परवश्य सहे दुःख । नहीं रख कर्म लुक ॥
यहां स्व वश्य सन्मुख । कर निर्जरा ये अपारने ॥
एक भव निकल जाय । आगे नहीं दुःखपाय ॥ ।
यों अमोल मन समजाय । शुद्ध ज्ञानसे विचारने

हितशिक्षा—इंद्राविजय छन्द

मतदे मत दे कलंक कोइ को । लगा कलंक सहो सम भावे
कलंक अंक अति दुःख दायक।जाण दूसरे का कलंक गमावे
कलंक दिये से कलंक लगे। अरु कलंक सहसे कलंक न आवे
गुणकी स्थाप करे यथा योग्य । सोही अमोल सदा सुखपावे

मुनिका उपकार—मनहर छंद.

जग कलंक निवारे । एसा महात्मा विचारे ॥
करे खवट अपार । निज सुख को विसारे है ॥

फिरे सदा ग्रामो ग्राम । रहे मिले जैसे धाम ॥
खावे निर्वद्य जोपाम । दृष्ठी पराहृते धारी है ॥
बांचे सरस व्याख्यन । मधुर रागश्वर तान ॥
कटू मधु अवसर पाम । पन सब हित कारी है ॥
सुणी चेतो भव्य प्राणी । त्यागो कलंकी जे जाणी
पावे सुख आगे वानी । ऐसे गुरूकी बली हारी है।
जो हैं गुरू ज्ञानवंत । सब का भला जो चावंत।
कर कृपा फरमा वंत । सत् तत्व निरधारी है ॥
पाप पूण समजावंत । धर्माधर्म दरशावंत ।
हिता हित ठसावंत । निज बुद्ध विस्तारी है ॥
सूत्र अर्थ कथा न्याय । ढाल सवैया सज्झाय ॥
यों नाना कर उपाय । बात गले दे उतारी है ॥
ज्ञानी रस्ते शीघ्र आय । अज्ञानी मन मुरझाय ॥
जैसा होत तैसा थाय । गुरू दूषण नलगारी है
मत दोवो कुडा आल । बोलो मत आल पाल ।
चालो मत खोटी चाल म दुःखावो परातमा ॥
मत उचारो अलिक । धरो अपयश बिक ॥
रहो नम्र हो वनीत । जो आवो थे विख्यातमा।
तजो सर्वही दुर्गूण । ग्रहो सर्वही के गुण ॥
तजो अनीती विकर्म । भजो परम परमात्मा ॥
ऐसी शिक्षा बहूप्रकार । देके करें जग सुधार ॥

धार सुधरे नर नार सो तो मिले सुख शांतमा १३॥

गुरू उपकार-इंद्रविजय छंद.

र्मक्षर दातार गुरू के उपकार से पार वो किमपी न होवे ॥
तो दातार सम्यक्त्व सुमत के,तासु प्रशाद मुक्ति मग जोवे
ता उपकार को पारनवार है।यों भव्यात्म मन में चोवे ॥
बहू जन्म भक्तिकर पर पहोंचावे।सोही शुशिष्य उभयभवसोवे
जे जग में सजीव निर्जिव के पदार्थ सब हैं उपकारी ॥
कइक इह भव कइक पराभव । आयेहैकाम रू विसि टारी॥
जो किंमपि को अजोग बने तो । ताउपकारन टार विकारी
टाल कलंक न लगा तूं अंक को।सो अभ्याख्यान दोषनिवारी

कथा—छब्बासिवीं

मौन वृतके फलबताने वाली—"सर्वांग सुंदरीकी"

दोहा—समभाव कलंक सहन करान दे किस को दोष।
सर्वांग सुंदरी सतीपरे । सो आखीर पाय संतोष॥

चोपाई

गजपुर नगर बडो मनोहार । शंख श्रावक वसे धर्म धार ॥
भद्रास्त्री सती तस जान । सर्वांग सुंदरी तस पुत्री बखान॥

साकेत पुर एक दूसरागाम। अशोक दत्त शेठ का वहां धाम
उभय पूत्र तस रूप निधान। समुद्र दत्त, बरदत्त, गुनखान।
एकदा अशोक दत्त किसकाम। गजपूर आये शंख शेठ धाम।
सर्वांग सुंदरी का रूप निहार। जानी पूत्र समुद्र दत्तसार।
सगाइ कर आया निज घर। समूद्रदत्त कों दीनी खबर॥
लग्नोत्सव कर व्याईतास। आये शयन भूवन में खास॥
कर्म जोग जहां अन्यनरछांय। देख समुद्र दत्त संशय लाय
चुप उठ आया साकेतपूर। वैसकी बात प्रकट करी भुर॥
मांनी सबही सच्ची बात। अन्यस्थान तस लग्न करात॥
साथही वरदत्त को परणाय। श्रीमती कांतिमती ले आय

दोहा—पाछे सयन भवन में। सर्वांग सुंदरी आय॥
पति जोये मिलीये नहीं। तब ते अति घबराय॥८
तात मात से जा कही। साकेतपूर खबर कराय॥
अन्य परणे सो जान के। दुःख अति मन पाय॥९

चोपाइ

सर्वांग सुंदरी धैर्य मन लाय। जाने कर्म प्रकटेरे अंतराय॥
धर्म ध्यान दान सुकृत्य करे। दुःखीयेके दुःख स शक्ति हरे
भाग्योदय सुव्रता सती आय। धर्म कथा सुन वैराग्य लाय
ली दीक्षा शिक्षा दो ग्रही। दुष्कर तपश्चर्या ध्याने अनुसरी
विचरत फिरत सांकेतपुर आय। अशोकदत्त घर गौचरी जाय

दोनों भ्रात नारी बंदन करी। भोजन देवन रसोडे संचरी
तासमे कर्म उदय वली आय। मयुर खूंटी मोतीका हार खाय
देव आर्जका आश्चर्य पाय। गुरुणी को सब दिया सुनाय ॥१३॥
रसोडे से दोनों आइ वाहिर। हार देखा नहीं खूंटी पर ॥
आर्जिका का वैम लाइ सोय। अयुक्त बात ये कैसे होय ॥
निन्दासती की करी गाम मांय। सती सुन द्रढ मौनरही सहाय
ज्यों निन्दा सुनेते कान। त्योंत्यों ध्यावे उत्तम ध्यान ॥ १५ ॥
धर्म ध्यान से शुक्ल चडी। कर्म दग्ध कर दिये उसी घडी ॥
क्षपक श्रेणि चड केवल पाय। जय २ देव करे व्योम मांय ॥
ते अवसर सागर दत्त सन्मुख। खूंटी मयुर हार उगले मुख ॥
सागर दत्त आश्चर्य पायो आपर। निजातम को दे धिक्कार ॥
ऐसेही छांय सयन घर पडी। विन गुने में सती पर हरी ॥
यहां भीतस दिया कूडा आल। हाहा में हूं कर्म चंडाल॥१७॥
धन्य २ सती की गंभीर ता खरी। आज लग कंही वाणीनउच्चरी
चारों मिल आया साध्वी पास। केवल माहिमा जो पायेहुलास
वंदन कर वैठे सन्मुख आय। कृत कर्म चिन्ती शरमाय ॥
सुरनर की वहां परिषद भरी। केवल ज्ञानी धर्म कथा उच्चरी ॥

दोहा–सुणो भव्यों एकाग्रचित्त। अभ्या ख्यना दुःखदाय
जिसविध बंधे जीव ये। उसी विध भुक्ताय ॥ २१ ॥

चोपाइ

वसंत पुर नगरी के म्यान। उभय शेठ वसते गुनवान ॥
गुणवंत पत्नी धन बहू घर। विश्वास भयो धनश्री कर॥२
धर्म घोषऋषि सद्बोध पसाय। जप तप धर्म करे उमंगाय ॥
भ्रात आज्ञा से सुकृत्य मांय। यथा शक्ति सो द्रव्य लगाय
बंधू प्रेम की परिक्षा करण। एकदा खोटा करे आचरण ॥
रात को भाइ सूने घरमें आय। भो जाइ कोसा पास बैठा
जोरसे हित शिक्षा यों दये। शील कुल रखे लज्जा रये ॥
दुशीलका कर्भ न वरो पंथ। भ्रात मेरा प्रेम अखंड धरंत॥
भोली भोजाइ कहे सत्यबात। धनपति के तब वैम भरात।
मुझ नारी ये व्यभि चारीणी।तब भग्नि हित शिक्षा देतेभणं
वनीता जब आइ पतिकेपास। ललकारी कहाडी दी तास।
ते विचारी गइ मन मुरझाय। विन गुन्हे किम अपमानकरा
आसूती सो घर के बार। धन श्रीदेख हर्षी अपार ॥
वृद्ध भाइ का सच्चा है प्रेम। अब लघु भाइ का देखें खेम
एकदा लघु भाइ सूता घर मांय। लघु भोजाइ कोबात चेताय
पतिवृत धर्म नारी का शिणगार। अन्यन देखणा द्रष्टी पसार
सुणी लघु भाइ वैम मन लाय। पति पास जब नारी जाय।
धिक्कारी तस कहाडी बार। ते मुरजाणी बैन हर्षी धार ॥
दोनों विरहणी दुःख दिलधरे। नणंदसे एकदा अर्जसो करे।
विन गुन्हे हम को तजीतुम भ्रात।निर्णय इसका निकालोमात

तव धन्य श्री दया लाय ।दोनोंसे पुछे अज्ञान जो थाय ॥
विना गुन्हे किम तज दी भोजाइ।सो कहे तुझ शिक्षासुनवाइ
धन श्री कहे भोले तुम सही । मैं तो सहज धर्म शिक्षा दइ
कुलवंती नहीं करे अकाज।ऐसे कभी लेनी नहीं लाज ॥
दोनों शरमा किया नारी सत्कार।दोनों नारी डरीमन मझार
दोनों ही रहे नणंद हुकममांही ।अभ्याख्यान तहां कर्मबन्धइ
अवसरे पांचोंही लीनी दीक्षा।करी करणी पढकर धर्म शीक्षा
आलोचन ते कर्मकी न करी। पांचों मर स्वर्ग में अवतरी ॥

दोहा—स्वर्ग से आयु पूर्ण कर।यहां लियो अवतार ॥
दोनों भाइ भाइहूवे । यह दोनों नार तुम नार ॥
धन श्री कुल कलंक दे । सर्वांग सुंदरी हुइ मेय ॥
कलंक दीयो कलंक लीयो।देख्यो प्रत्यक्ष तेय ॥
छांया पूरूष लख धण तजी।मयूर खुंटी गिलयोहार
पाप खुटे पाछा वम्या।मौन से निपजा सार ॥

चोपाइ

यों प्रत्यक्ष अभ्याख्यान। फल । मौन के फल भी देखसफल
अभ्याख्यान के किये पत्तखान।हलू कर्मी वैराग्य मन आन
सर्वांग सुंदरी का सब कुटंब।जग जंजाल को जान विटंब॥
सती पास लीनो संयम भार । ज्ञान आचार की शिक्षा धार
केवली आयु अंते मोक्ष पाय । और सबी तो स्वर्ग सिधाय॥

प्रकाण रत्न से कथा ये लही। यथा बुद्धि यहां कथ दइ ॥४१


शोरठा—यों जान अभ्ख्यान। छोडो सुगुण सब तुम।
ज्यों रहे अविछलमान। दोनों भव सुख पावोगे।

दोहा—धन्य सती सर्वांग सुंदरी। बिकट प्रसंग मौनधार।
कर्म कलंक दोनों हरे। येही सुने का सार ॥ ४३
कलंक न देना कोइ को। सहना अपना समभाव
तोसर्वांग सुदरीपरे। पावोगें सबउत्साव ॥ ४४ ।
निजपर आत्म सूख वरन। अभ्याख्यान पापोद्धार ॥
ऋषि अमोलख ने रचा। येह तेरवां अधिकार ॥ ४५ ॥

परमपूज्य श्री कहानजी ऋषीजी महाराज के
सम्प्रदाय के बाल ब्रह्मचारी मुनी श्री
अमोलख ऋषी जी महाराज रचित
अघोद्धार कथागार ग्रन्थ का
अभ्याख्यान पापोद्धार नामे
चउदशवां मंजल

समाप्तम्





मंजिल चउदवा–"पैसुन्य पापोद्धार"

पूर्वविभाग–"चुगली"

दोहा–इतउत चुगली जो करे । सो है पैशुन्य पाप ॥
अनर्थ दंड जबर यह । उपजावे संताप ॥ १ ॥

चोपाई

भारी कर्मी औछा उदरी जीव । खुशी होय देखी पर रीव ॥
नारद विद्या जो फेलाय । शांति स्थान संताप उपाय ॥ २ ॥
पहिले मिले होमिल सामन । जाने के गुत रखे वखान ॥
पीछे देये अग्नि लगाय । तास अरी को देवे भर माय ॥ ३ ॥
अन्य सम्प देखतस मन जले । करन विरोध [illegible]
करा झगडे आप देखे ख्याल । हंसे हंसावे बजावे ताल ॥ ४

देखी सुनी जानी नइ बात । सुनाने दूसरे को मन उभरात
जहां लग नही निकसेमुख बार । तहां लग चेन पडेनलगार
यों प्रत्यक्ष दुःख प्रदयेह पाप । अपयश दुःख दायक अमाप
यों जान जीव जो करे परिहार । सोही सुख पावए संसार ।

चुगली के दुर्गुण—मनहर छंद

जो नर चुगली खोर । ताको चित्त है निठोर ॥
विगोइ उभय ठोर । आपाही विगोवे है ॥
शांति में लगावे आग । सम्प में करे विभाग ॥
तोडे साचा अनुराग । द्वेषही जगावे है ॥
आगे सो विरोध बडे । जुलम सो अति करे ॥
केइ यों केप्राण हरे । अनर्थ निपावे है ॥
यहां अपयश पावे । आगे नर कादि में जावे ॥
पैशुन्य यह पाप बहूत जीवों को सतावे है ॥ ७
निज हितको विसारी । होइ पर दुःख कारी ॥
करे चुगली नर नारी । सुसज्जन फोडावे है ॥
बाप बेट को लडाय । भाइ भाइ को भिडाय ॥
सासू बहू को चिडाय । क्लेश फागही मचावे है ॥
शेठ गुमास्ते लडे । सगे न्यायालस चडे ॥
धन इज्जत को हरे । पीछे बहूत पस्तावे हैं ॥

चुगल देख ठर्ष धरे । महा पाप संचय करे ॥
पैशुन्यता पाप बहूत जीवो को सतावे है ॥ ८ ॥
चुगल खोर ठोर ठोर । करत है खोटा शोर ॥
जोर से भिडावे ओर । मोंर को ठोकावे है ॥
होवे राजें की लडाइ । देते बहूतों कों कटाइ ॥
रक्त नाले को वहाइ । महा पातक उपावे है ॥
वो विरोध आगे भाइ । चले जेता काल तांइ ॥
जे अनर्थ निपाइ । तस फल चुगल पावे हैं ॥
कछु नहीं आवे हाथ । पाप लेके जावे साथ ॥
पैशुन्य यों पाप बहुत जीवों को सतावे है ॥ ९ ॥

चुगली से दोनों भवमे दुःख–इन्द्राविजयछंद

इहभव वैरी हुइ वहूतों का । अविश्वासी हुइ निजपेट नमावे
काइन संग करे जन वाकोकदी गुप्त स्थानमें पेसन नहीं पावे
चित दुर्ध्यान अहो निशीध्यावत । विन बोले चितचेननपावे
चुगल खोर इह लोकफजीत हो । आगेहीगति नरक सिधावे
चुगल के मुहमें यम नरक में । तीक्षण लोहकी शूलभर है॥
छेदित जिहवा ताडित तर्जित । एसे फजीती बहुत करे हैं ॥
आगे भवो में सबका विरोधीहो । दुःख से आयुष [illegible]
पैशुन्य पाप संताप देता यों । जान सुज्ञान [illegible] है ॥

कथा—सत्तावीसवी

पैशुन्य पापके फल बताने वाली—"यज्ञदेवकी"

दोहा—चुगली फल दर्शानको । यज्ञदव चरीत्र ॥
ग्रन्थ अनुसारे यहां कहूं । जाणी चेतो मित्र ॥ १

चोपाइ

महाविदेह महा क्षेत्र मझार । चक्रवाल नगर श्रेय कार ॥
अप्रीतिहतचक्र तहां शेठ । सुमंगला शेठाणी विशेष्ठ ॥ २ ॥
तास पुत्र चक्र देव सोहंत । कृतज्ञादि गुण गण वंत ॥
विनय विद्या परिणण करी । तस कीर्ती पुर में विस्तरी ॥ ३
सोम श्रम पुरोहित यहां रहे । नन्दी वर्धन नारी गुण गहे ॥
यज्ञदेव तस पुत्र मलीन । कृतघ्न द्रोही इर्षालु दीन ॥ ४ ॥
दैवयोग्य चक्रदेव के संग । प्रीति हुइ वरते एक रंग ॥
चक्रदेव सदा रहे सरल भाव । यज्ञदेव खेलत रहे दाव ॥ ५
चक्रदेव घर ऋद्धि अपार । यज्ञदेव देख धरे मन खार ॥
कैसे करुं इसका धननाश । जिससे यह बनरहे मुझदास ।
छिद्र पेखतनहीं अवगुण पाय । तव कूआल चडाना चहाय
चंदन सार्थ वहा तहां रहे । राज्यमान्य धन वहु तस गेह

यज्ञ देव तहां चोरी करी । बहुत मोलके भूषण हरी ॥
चुपछिपी चक्रदेव पास आय । धन उसकों सो सब बाताय
मित्रमेरा तूं जीवन प्राण । तुझ से छिपी कोइ वातम जान
यह गुप्तधन मैंने भेला कि ा । मुज वक्तपे काम आवेगा।जय
रखेने लाया में तेरे पास । अबीरख लेवूंगा जब होवेगा।खास
चक्रदेव बहू मूल्य भूषण देख । संशय मनमें आया विशेख
कहे भाइ में यह धन रखुं नाय । अन्यस्थान रखइस तूंजाय
तेरे घर जैसा यह नहीं देखाय । बुरो मतमान यहांसेलजाय
कोप करी यज्ञदेव तब कहे । क्या तुमुझे चोर जार सदहे ।
स्नेहाकियेका यहहुवासार । क्याआगे प्रेम पाडेगापार ॥
सुणचक्रदेव मनमुरझाय । भूषणउठारख दियेघरमांप ॥
यज्ञदेव घरगया खुशथाय । होणहार तेतोटलेनाय ॥

दोहा— चंदनशाह तबजानीयो । चोरीहुइमुझघर ॥
बहुतहीदेखे नबमिले । भूषणऔर तस्कार ॥
अर्जीदीतब राजमें । नृपढंढेरापिटाय ॥
पांचदिनमें प्रगटो । आगे पकड्डूंसजाय ॥

चोपाइ

छट्टेदिन यज्ञदेव नृपपास । गुप्तआकर नरमीअरदास ॥
मित्रभेद नहींकहेनोनाथ । आपआज्ञा नटलंयोजात ॥

पतुंर दुर्गुणी मित्र जान । देखो जैसा मे करुं बयान ॥
चक्रदेव शठ पुत्र घरमांय । चोरीकी धनसब है महाराय
सुनीधरणीधव आश्चर्यपाय।कहे यहबात कैसेसत्यमनाय
यज्ञदेवकहे लोभवश महाराज । बडे २ करतेहैं अकाज ।
देखोचक्रदेवका भंडार । जरुरनिकलेगा मालउसीमझार
नहींनिकलेतो सजामुझकरो । येहीविनंती ध्यानमेंधरो ॥
नरेश्वरतब पंचोंको बोलाय । कहेचक्रदेव घरतपासोजाय
पंचसुनि अतिअश्चर्यपाय । किसकावैम राजादिललाय ॥
चंदनशाहाका भंडारीलेय । चक्रदेव घरआयंतेय ॥
शरल चक्रदेव कियासत्कार । मुझलायक सेवाकरो उचार
पंचकहे देखावो भन्डार । क्याक्यामालहे तुमआगार ॥
सर्वमाल सन्मुख रखदिया।चोरीकामाल उसमेमिलगया
पंचपूछे चक्रदेव सत्यकहो । यहमाल तुम कहासेलहो ॥
येहीहै चंदनशहाका माल । हुवासो सबप्रकाशोहाल ॥
चक्रदेवसुन मनमुरझाय । मित्रकाभेद दियानहींजाय ॥
चक्रदेव कहे मुझे नहींभान।कैसेमालआया मुझघरस्थान
अश्चर्यधरी आग्रहसे पूछेसब । सच्चकहोतो बचोतुमअब
नहींतो फजीती होवेगाअपार।इसका करोजरा उंडाविचार।
चक्रदेवतो कहेएकबात । मालसाहित नृपपासलेजात ॥
अकृतीये गुणलख नृपविस्माय । पूछहुइसोदेवो दरशाय ।
चक्रदेवकहे एकहीजबान । जबकोपातुरहुवा राजान ॥

हेइसेकहाडो पुरदद्दबार । राजभटकीया उसीरप्रकार ॥
चक्रदेव अतिमनमुरझाय । जातकुलमुझधर्म लजाय ॥
अवजीतवमें नहींकुछसार । फांसीबांधी मरणोमनधार ॥
सत्यरक्षक देवसहायताकरी।तसस्थंभनतहांकिय उसघरी ॥
राजमातकेशरीरमेंआय । किंकालीकर योंचेताय ॥
अमादीभूपकरे अन्याय । नाहकसत्य वन्तोकोसताय ॥
यज्ञदेव धूताराकेकहे । सत्यवन्त चक्रदेवकोदहे
यज्ञदेव चोरीकरले माल । चक्रदेवके घरदियाडाल ॥
चुगलीकरी तेरेपासआय । जाणके चक्रदेव नहींजणाय ॥
मित्रद्रोहो चक्रदेव नाकियो । जिससे उसेदेश वटोदियो ॥
सोशरमाइ मरेफासीलेय । ग्रामबाहिर वटतलेछेय ॥
शीघ्रजाला तसकरसत्कार । जोतूंसर्व इच्छेचेनचार ॥
नहींतो समूल करुंसंहार । देववचन मिथ्यान लगार ॥
योंकह देवअदृश्यथाय । राजाअतिही डरामनमाय ॥
तैसेही नृपग्राम वाहिरगहो । चक्रदेवफासो दूरकियो ॥
वहुतजनदोड आयेनृपातिलार।नृपति नमीतसकियासत्कार ॥
गुसलाये तसमेहलमझार । पंचकमेटी भरीउसवार ॥
यज्ञदेवको नफरहाथ वोलाय । तेजाने इनाम देवमुझराय ॥
तेशीघ्रआयो नृपतिपास । नृपवंधनमें डाल्योतास ॥
पूछेधमकाइ कहेसत्यवात । किसनेकरी चोरीगाहपरात ॥
पापी फिरवोला मिथ्यावोल।मालकिला अयक्यानुसनोल ॥
ताडनतर्जन अतिहीकरी । तवतेभजत सत्यउच्चरी ॥

मचीरकिधा महाराज । मित्रनाममें झूठालियाज ॥
राजादेव कोपकिया प्रकाश । आजहोतामुझ सबकानाश।
यज्ञदेव महादुष्ट चंडाल । लेजावो इसेमारो इसकाल ॥
दोहा-सुनी बचन चक्रदेव तब । तुर्तही बोलनम्र होय।
मेरे प्यारे मित्रका । गुन्हा माफ करे दोय ॥ ३९
सर्व चकित भये देखके।धन्य कृतज्ञ कुमार ॥
आपकारि पे उपकारतो ।विरला जग करतार॥ ४


चोपाई


नृपति कर जोडी कहेतास । अहो पुण्यात्मा मत कर पक्षया
यह कृत्घनी पृथवी भार । शीघ्रहोने देइसका संहार ॥ ४१
कटाबुं जिह्वा फोडावूं तन । तब शीतल होवे मुझ मन ॥
फिर न करे कोइ ऐसा काम । राज धर्म यह चुपरहो धाम ॥
चक्रदेव कहे मारा नहींजाय ।नृप कहे ठीक करुं तैसाउपाय
कृष्ण मुख हरित पग करी । लंबो करणे बैठा बजार में फिरी
ग्राम हदवाहिर दिया निकाल । तबसब लोकजाने सचेहाल
फिट २ हुवा विन माराही मरा । चुगली का फल वरणन् का
दोहा-चक्रदे यह चित्त लख । वैरग्य आतेमन लाय ॥
गणधर अग्नि भूतजी । तस भाग्य तहां आय ॥
लीदीक्षा शिक्षा वरी । करी करणी अपार ॥
पंचम स्वर्गमें उपने । आगेखेत्र पार ॥ ४६ ॥

चोपाई

ज्ञदेव अपमा नीया गया। किसीभी स्थान सुख नही लिया।
भटकी महादुःख से मरत्यू पाय। नरक दूसरी में उपना जाय।
आगे बहू भवान्तर विस्तार। समरादित्य चरीत मझार॥
चुगली फल जाणन कथा येकही। सुखेच्छु चुगली तजदही॥

दोहा—यों चुगली दुःख दायनी। जान तजो सुसंत॥
होवेगंभीर समता धरो। दो भव सुख मिलंत॥





मंजिल चउदहवा—"पैशुन्य पपोद्ध।

उत्ताराविभाग–"गंभीर्यता"

दोहा–उत्तम नर वो जगत् मे । सागर बर गंभीर
झलके नहीं झलकही लग । संकट में रहे धीर

चोपाइ

विचित्र इत्स संसार मझार । मनुष्य वस्ती विचित्र प्रकार
एकक केहैं विचित्र स्वभाव । क्षण क्षण में सो पावे विभाव
सोदेखो नहीं निजमें प्रगमाय । अन्य फिरतेनहीं निज फि
उसको कहे सागर वर गंभीर । देखो समुद्र की लेहर ले तं
क्रोडो नदी नीर समुद्र में आय । हद उलंघी कदा नहीं जा
जेसे मणी मुक्ताफल भाव । शंख सीपभी ताहे समाव ॥ ४
त्यों गंभीर जेह नर धीर । राखे घट में सब की पीर ॥

ानी सुनी देखी विपरीत । कदापि नहीं बिगाडे चित ॥ ५
ान जग का अनादी स्वभाव । फिरत सदा नरहे एक साव ॥
पों चिन्ती ६ भी मन बच काय । वर्ते नहीं ज्यों अन्य दुःख पाय

गंभीरताकेगुण — मनहरचंद
छांडी चुगल ताइ भाइ । धारानर गंभीराइ ॥
आप पर सुख दाइ यह होवत सदाइ है ॥
पर हीनता दर्शाइ । देते सज्जन लडाइ ॥
ताके हाथ कहा आइ । व्यर्थ पातक लगाइ है ॥
ऐसा डरी मन मांही । नहीं झलके कदाइ ॥
शन वेन न जनाइ । दूसरकी हीनताइ है ॥
सोही सागर सेकहाइ । अमोल तेही जगमाही ॥
इह लोक सुख पाइ । आगे स्वर्ग सिधाइ है ॥ ८॥
बधे गंभीर का यश । होत जग तस वश ॥
आदर पावत सब लोक के मझारी है ॥
पंचों सभा में बोलाय । लेते सला तस चहाय ॥
गुप्त रखे नहीं काय । जानी तस भारी है ॥
वोतो जाने सब कथन । नहीं जाने कोइ नर मन
चाहाते है बोलाना क्यों तेहितही उच्चारी है ॥
यों इस भय मांय । गंभीरता सुखदाय ॥
सुख संपत सौभाग्य । बना रहे तस ह्यारी है ॥

अरे नर खाइने पचाइ जाय मणों बंध ॥
निर्जीवी बात एक केसे नपचायरे ॥
अपचा से रोग बहूत । पेदा होते तन मांहीं ॥
तैसेही चुगली भाइ । क्लेश को बढायरे ॥
पचा अहार गुणकरे । पुष्टकर होवतहै ॥
तैसेही पचाइ बात । गुणकर थायरे ॥
योगायोग विचारी उचारि म उचारीयरे ॥
अमोल प्रत्यक्ष यह । दृष्टान्त लगायरे ॥९॥
गंभीरों का धोखा टेल । इछित सो आय मिले
वैरीयों का मान गले । गंभीरता धारते ॥
तनमें आवे पुष्टाइ । रुप वल अधिकाइ ॥
बुद्धि निर्मळरहे । मन अबीकारते ॥
लोक सब अच्छे कहे । जावे तहां आदरलहे ॥
बहूत जन सेवे तस रहे जोविचारते ॥
इत्यादिक बहूत गुण । गंभीर ता मे निपुन ॥
जाणी अमोल क इसे करोने स्वीकारते ॥ १०

कथा—अठावीसवीं

गंभीर्यताकेफल वतानेवाली — "परदेशी राजाकी

दोहा—केइहैगुणी जन विश्वमे । गंभीर गुण अलंकर

पण वक्के जो गंभीर रहे । ताके गुण गवावंत ॥ १
राय प्रदेशी मरणांत तक ; गंभीर्यता रखी धार ॥
रायप्रसणी सूत्र से । कथा कथूं यहां सार ॥ २ ॥

चोपाई

केकैदश सेतांबिका पुरी । परदेसीराय नास्तिकमत धरी ॥
जीव देखन हने बहूजी काय । परन्तु जीव उसे नहीं पाय ॥
चित्तप्रधान से एकदा केह । सावथी पुरी जावो भेट लेह ॥
जीतशत्रु नृप को भेट ये करी । सुख समाचार ले आना फिरी ॥
बहूत ठाठ से चित्त सवाथी आय । जीतशत्रु को भेट कराय
सावथी पति अति सत्कार । सुखस्थाने रहे भोगे चन चार

दोहा—उस अवसर वहां पधारीये । केशी श्रमण कुमार ।
चले जन वंदन बहूत । देखे चित्त उस वार ॥ ६
पूछे मुनि आगम सुणी ।आपभी वंदन जाय ॥
परिषद बैठी भरय के । गुरु सद्बोध फरमाय ॥७

चोपाइ

बूझो अहो भव्यों इस वार । आये किनारे होवो पार ॥
दोविधी धर्म जग तारण नाव।अणगारी आगारी नाव॥८
भिन्न भिन्न भेदकर दरसावीये । भव्यों रहने को हुलसावीये

यथा शक्ति करी व्रत अंगीकार । परिषद गइ निज २ आगा
पीछेसेउठे चित्तप्रधान । लुळीवंदे कहेवचनप्रमान ॥
नहींसमर्थ होवनअनगार । श्रावकव्रताकिये अंगीकार ॥
नवतत्वादिके हुवेजान । अपूर्वधर्म पायेहर्षआन ॥
सेताम्बिका जावनसजथाय । नमनकियाकेशी गुरुकोंआय
करजोडी नमीकरे अरदास । मुझपुरी पावनकरो गुणरास
मुनिकहे पारधी रहे उसजाग । पक्षी कैसे आवे दुःख लाग
चित्त कहे नृपसें क्या आपके काम । श्रावक बहूत पावेगेआरा
कहे मुनि अवसरे देखा जाय । हर्षी प्रधान विदा तव थाय ॥
मार्ग ग्रामे सब कों चेताय । सेवा करना जो केशी गुरु आय ॥
पुरी बाहिर बाग माली से कहे । केशीगुरु कों जगाये दये ॥
बधाइ देना मुझे तूं आय । दरिद्र तेरा दउंगा गमाय ॥
फिर भेट प्रदेशी बात सब कही । निज घर धर्म करे सुखे रही ।

दोहा–पांचसो साधुसे परिवरे । कर केशी श्रमण विहार
सुखे आये सेताम्बिका । उतरे बाग मझार ॥ १५॥
माली बधाइ दी चित्त को । दिया द्रव्य तस अपार ।
श्रावक वहू साथे लही । वंदे आमुनि चरणार ॥ १६

चोपाई

सुण व्याख्यान कहेअहो मह[illegible] २ राज[illegible] समजाय

गुरुकहे साधु दर्शने आय । सन्मुख मिले वंद अहार वोहराय॥
तो साधु तस करे उपदेश। चित कहे ठाक यहां लावुं नरेश॥
नवीन अश्व रथ को जोताय । फेरत नृपसंग चित तहां आय
वाग में मुनि देखराजा कहा कोन जड मुढ वाग घरी रहे ॥
कहे प्रधान यह हैं विद्वान । जीव काया रहे जुदी २ मान ॥
सुनी भुप तब मुनिढिग आय । पुछे बतावो जूदी जीव काय
मुनिकहे तूं मेराचोर राजान ।नृप कहे क्या चोरी करीमेंजान
मुनि कहे तेरा दाण चोराय। क्या शिक्षा उसकी करे राय ॥
समजो राय कियो नमस्कार । जाने वेप्रभा तारन हार ॥
पूछे नृप यहां में बैठू महाराज।मुनिकहे यह है तेरी जागाज
सच्चे साधु ताही को जान।मुनि पिगला मन नृपका पेछान।
कहे देखत जड मूड हमे कहे।नृप कहे गुप्त भेद कैसे लहे ॥
मूनि कहे अवधी ज्ञान करी।चमक्यो नृप वात लखी खरी ॥
फिर पूछे राय है जुदी जीवकाय।मुनि कहे इसमें संशय नाय।
१राज कहे मुझ दादोमहा पापीयो।आपकीकहेणनरकसीगयो
वो जो आकर मुझको चेताय । तो मानू मेंजुदा जीवकाय ॥
मुनि कहे राणी सुरीकांतासंग । को पुरुष जो सेवे अनंग ॥
ता को शीक्षा कैसी करे तूं राय।राय कहे देवुं सीस उडाय॥
वो कहे चेंताआवूं घर मांय । तूं तस जाने देवा राय ?
राय कहे क्षिण छोडूंहीनाय।मुनि कहे एम समझ तूं राय ॥
एक पाप करता को छोडे नहीं।तुझ दादो आठारसेवनहीं ॥

२ राव कहे दादी मेरी धर्मात्मा।देवलोक में गइ तस आत्मा
वो आकर जो मूझ चेताय।तो जुदा मानूं जीव और काय ॥
मूनिकहे नृप तेंनें सजे शिणगार।कोइ बोलाय पायखानेमझार
तूं उसजगे जाय के नहींजाय।नृप कहे अशुचि में कैसे जवाय
तैसे ही राय यहांकी दुर्गंध । जोयण पाँचसो जाय उतंग ॥
इसलिये देव सके नहीं आय।जुदी मान राय जीवरु काय ॥
३ जीवता भरा कोठी में चोर।सीसे सुर बंधकिये चउ ओर
फिर खोली कोठीचोर मरापाय।कहोस्वामी जीवकिदरसेजाय
मूनिकहे गुफा के जडे कमाड।अंदर रहे कोइ ढोल बजाड॥
तस शब्द बाहिर जैसे आय।तैसेही जीव गया जानोराय ॥
श्वामीतैसेहीचोरकोठीमेंबंधकिया।।निकालेअसंख्यकीडेदेखिया
कैसे गयेजीवअंदर भराय । मूनिकहे लोह पिंड कोइ तपाय॥
जैसे अग्नि उस में पेसंत । ऐसे ही जीवकोठी में घसंत ॥
५ राय कहे जीवजो एकसा रहे।तोजुवान बृद्ध सरफेंके जेहे॥
एकसा दुरा क्यों नहीं जाय । मुनि कहे सुन द्रष्टांत तूं राय ॥
जुने धनुष्य बान ढिग पडे । नवे धनुष्य से जावे परे ॥
६ नृप कहे जवान बृद्ध नर दोय। बरोबर बजन उठावे न सोय
मुनि कहे छींके नवे ज्युने परे।उपकरण सम भार दोनों धरे ॥
७ नृप कहे जीवता मरा तोलानर।वजन दोनों का हुवा बरोबर
जीव गये हलका नहीं पडा।जीव का वजन अधिक न चडा
मुनि कहे मशक में हवाभर । तोले तराजु में कोइ नर ॥

हवा निकाल तोल बलीकरे । दोनों का वजन एकसा उतरे
८ राय कहे तनकू खंडो खंड करा देखा जीव नहीं आया नजर
मुनि कहै अरणी के टुकडे करे । देखे अग्नि कया दृष्टि पडे ॥
९ राय कहे हाथमें दे ओ जीव बताय । तबसेंसानूं जूदी जीवकाय
किनसे उडे राय झाड के पान ? । कहे प्रदेशी हवासे जान ॥
हवा कया रंग कितनी बडी ? । नृप कहे कभी द्रष्टी नहीं पडी ॥
फिर हवा कहे किनके अनुसार ? । नृपकहे पत्रउडता निहार ॥
तैसे जान जीव चेतन लक्षण । विन देखे यों माने विचक्षण ॥
१० रायकहे जीवजो सब एकसा रा तो कुंथु छोटा गजवडा निहार
मुनिकहे दीपाशिखा कीपर । स्थालजितना रहा प्रसरकर ॥
११ नृ कहे आपकहा सो सबसही । पुरानी मरीटक छूटे नहीं
मुनिकहे लोहवाणिककीपरे ❀ । पस्ताना पडेगा तुझे आखरे ॥
सुनि बोधराय नास्तिकतताजा । सत्याजिनेंद्रकाभर्गभजा ॥
राज के किये भाग तबचार । एकभाग दिया दानसत्कार ॥
श्रावकधर्म किया अंगीकार । छट २ पारणा जावजीव धार ॥
दोहा— मुनिविचरे अन्यदेशमें । मोटा करे उपकार ॥
दत्तचित्र राजाकरे । धर्मतप आतम उद्धार ॥

❀ लोह वनीये का दृष्टांत—मनहर छंद.

चले व्योपारी चार । रस्ते लोह खान निहार । वर्भा गांठ उसवार । आर आगे फिर जावें हैं ॥ तांबा रूपा सोना मणी । आई खान ताकी घणी । तीनों [illegible] [illegible] मिला ऊंचसो बंधावे हैं ॥ चोथ को [illegible] । नहीं [illegible] सो छिटकाय । मैं तो लिया लोहूं नाय । फिर चारों घर आवे हैं ॥ तीनो धन ले हुवे [illegible] । लोह वाणिक [illegible] दुखी । अमोल यों हटाले जन पीछे पस्तावें हैं ॥ १ ॥

चोपाइ

जाना राजा को धर्म में लीन । राणी का मन हुवा मलीन ॥
यह पति मेरे काम क्या आए । इस बैठे अन्य कर सकूं नाए
अबके पारणा मेरे घर कराय । जेहर देकर मारुं इस तांय ।
आइ नृपकने करी परिणाम । अबके पारणा मुझघर करो श्व
राय मानी हर्षीसाघर आया। खान पान आसने में विषमिल
भूपति बैठे आ आसन परे । तत्क्षण जेहर तस अंग संचरे ॥
जाब्बा भूपति पौषध शाले आये । सलेषणा कर धर्म ध्यान ध्य
धारी गंभीरता नकरी बात । रखे सम भाव सबजीव खम
पुत्र प्रधान आदि आपूंछत । नृप ध्यान लीन नजरा बो
राणी डरी रखे कहे नृप भेद । मुझको फिर उपजे महा खे
रुदन करंती पौषधशाल आय । सुख पूछती गले नख द
तोभी राय जरा शब्द नकियो । सागर बर गंभीर हो रिय
अयूपूर्ण कर सुधर्मे स्वर्ग जाय । सूर्याभदेव चारपल्य आय
तेरेही वेलासें किया कल्यान । महा विदेह से जावेंगे निर्व

दोहा—तुर्त धर्म प्राप्त करी । धरी गंभीरता अपार ॥
परदेशी राजा भणी । बारम्बार धन्य कार ॥ ५
अहो ज्यूंने धर्म धारीयों । लेदृष्टान्त ये ध्यान ॥
बनो गंभीर सर्व सुखलहो। वरो पद शिव स्थान

निज पर आत्म सुख वरन । पैशुन्य पाप उद्धार ॥
ऋषि अमोलख ने रचा । चतुर्दशवां अधिकार ॥

परम पूज्य श्री कहानजी ऋषजी महाराज
के सम्प्रदाय के बाल ब्रह्मचारी
मुनि श्री अमोलक ऋषिजी
रचित अघोद्धार
काथागारग्रन्थका
पैशुन्यपापोद्धार
नामकचउदवा
मंजल

समाप्तम



चोपाइ

जाना राजा को धर्म में लीन। राणी का मन हुवा मलीन ॥
यह पति मेरे काम क्या आए। इस बैठे अन्य कर सकूं नाए।
अबके पारणा मेरे घर कराय। जेहर देकर मारुं इस तांय ॥
आइ नृपकने करी परिणाम। अबके पारणा मुझघर करो श्या
राय मानी हर्षी सा घर आया। खान पान आसने में विषमिला
भूपति बैठे आ आसन परे। तत्क्षण जेहर तस अंग संचरे ॥
जाबा भूपति पौषध शाले आये। सलेषणा कर धर्म ध्यान ध्या
धारी गंभीरता नकरी बात। रखे सम भाव सवजीव खमा
पुत्र प्रधान आदि आपूछंत। नृप ध्यान लीन नजरा बोलं
राणी डरी रखे कहे नृप भेद। मुझको फिर उपजे महा खेद
रुदन करंती पोषधशाल आय। सुख पूछती गले नख दबा
तो भी राय जरा शब्द नकियो। सागर वर गंभीर हो रियो
आयुपूर्ण कर सुधर्म स्वर्ग जाय। सूर्याभदेव चारपल्य आय।
तेरेही बेला में किया कल्यान। महा विदेह से जावेंगे निर्वा

दोहा—तुर्त धर्म प्राप्त करी। धरी गंभीरत्ता अपार ॥
परदेशी राजा भणी। वारम्वार धन्य कार ॥ ५५
अहो ज्यूंने धर्म धारीयों। ले दृष्टान्त ये ध्यान ॥
बनो गंभीर सर्व सुखलहो। वरो पद शिव स्थान ।

न्दक निन्दामें धर्म स्थपाय । कटनी के केइ ग्रंथ बनाय ॥
ढ सुने सोही निन्दाही करे । कहा अंत कहू इसपापका अरे
अनेकों कोंअनेक भवमांय । निन्दा होय अनंत दुःखदाय।
॥निन्दा की जान खोटी रीत । धर्मात्मान करे कभी प्रीत ।

निन्दा के दुर्गुण—मनहर छंद

अति पाप कारी प्रभू निन्दा को निहारी ॥
सूत्र पाठ के मझारी । मांस भखी जोउचारी है ॥
आचार का आजीरण । ठाणांग में जिन भणे ॥
करी हुइ करणी का नाश करन हारी है ॥
असमाधी दोष मांही । अविनीत गुण गवाइ ॥
ऐसे बहुत स्थान इस निन्दा को धिकारी है ॥
निन्दा ही निन्दक करे । निन्दकही कान धरे ॥
निन्दक है निन्दा । ऐसा अमोल वीचारी है ॥
निन्दक समान नीच । नहीं कोइ जग बीच ॥
उपमा देवाय लक्ष । भंगी से नीचाइ है ॥
भंगीतोविष्टा के तांइ । गृहे कष्टा दिक सहाइ ॥
एकन्ता में जाइ तास देत सोपटाइ है ॥
निन्दक दुर्गुण विष्टा । हृदय में करे प्रतिष्टा ।
जिव्हा से गृहीने अन्य करण में न्हखाइ है ॥
आप तन मेला भरे । अन्य को मलीन करे ॥



मंजिल पन्दरवां-"परपरीवाद पापोद्धार'

पूर्वविभाग-"निन्दा"

दोहा-निन्दा निन्द्य सदा कही । संचे पातक घोर ॥
सूत्र ग्रंथ कविता विषे । निन्दा निन्दी ठोर ठोर॥

चोपाइ

देखो दशवै कालिक उत्तराध्येन । ठाणांग समवायांग वेन ।
भगवति और अनेकही ठाम । पीठमांस भखी निन्दाकानाम
मांस भक्षीसो नरक में जाय । निन्दक उपजे निगोद केमांय
नरक से निगोद में दुःख अनंत । भोगवे जेपर निन्द करंत ।
जिसकीनिन्दा करेसोदुःखपाय।निन्दक निजात्मदुर्गुणेदुभाय
जिस आगेनिन्दे साह वमलीन। योंअनेक निन्दासेदुःखलीन
परंपरा सेवडावे पाप पूर । सुमती उससे रहो सदा दूर ॥
सद्गुण तजे दुर्गुण सो गहे । गुण गुणी से दुशमणते रहे ॥

न्दक निन्दामें धर्म स्थपाय । कटनी के केइ ग्रंथ बनाय ॥
हे सुने सोही निन्दाही करे । कहा अंत कहू इसपापका अरे
अनेकों कोंअनेक भवमांय । निन्दा होय अनंत दुःखदाय।
॥निन्दा की जान खोटी रीत । धर्मात्मान करे कभी प्रीत ।

निन्दा के दुर्गुण—मनहर छंद

अति पाप कारी प्रभू निन्दा को निहारी ॥
सूत्र पाठ के मझारि । मांस भखी जोउचारी है ॥
आचार का आउतरण । ठाणांग में जिन भणे ॥
करी हुइ करणी का नाश करन हारी है ॥
असमाधी दोष मांही । अविनीत गुण गवाइ ॥
ऐसे बहुत स्थान इस निन्दा को धिक्कारी है ॥
निन्दा ही निन्दक करे । निन्दकही कान धरे ॥
निन्दक है निन्दा । ऐसा अमोल विचारी है ॥
निन्दक समान नीच । नहीं कोइ जग बीच ॥
उपमा देवाय लक्ष । भंगी से नीचाइ है ॥
भंगीतोविष्टा के तांइ । गृहे कष्टा दिक सहाइ ॥
एकन्ता में जाइ तास देत सोपटाइ है ॥
निन्दक दुर्गुण विष्टा । हृदय में करे प्रनिष्टा ।
जिव्हा से गृहीने अन्य करण में न्हखाइ है ॥
आप तन मेला भरे । अन्य को मलीन करे ॥

साथी साथ लेकर नरक निगोदे सिधाइ है ॥ ९॥
सद्गुण अनेक तजी । एकही दुर्गुण भजी ॥
राइ सा विस्तारी ताको मेरु सा बनावे है ॥
करे आपकी बडाइ । दाखे अन्य की नीचाइ ॥
जाने मुझसम गुणी । जगमें नकोइ पावे है ॥
जबझूठी पडे बात । तब मनमें मुरझात ॥
निन्दक निन्दाइ जग बहूत पस्तावे है ॥
स्थान २ झूठो पडी । आपणी विगोइ घडी ॥
निन्दकजी मर आगे दुर्गति सिधावे है ॥ १० ॥

इन्द्र विजय छंद

निन्दा करीजन निन्दालहे जग।निन्दक कोमन मेलोसदाहोइ
द्रोही बने जपी तपीसंजमीको । महागुणी कोपणन्हाखेविगोइ
आप लहे संतापसहे परितापदये सो सुखी कैसे होइ ॥
दुःखकी खान दुर्गुण का स्थान निन्दाके समान नदूसार कोइ
सूत्र कृतांग के सुतखंध दूसरे । अध्येन सात में गौतम केवे ॥
जोजपी तपी ज्ञानी गुणी संयमी । आचार्य आदिके अवगुणलेवे
निन्दा करे सो हारी करणीफल । किलविष सुरमें जादुखसेवे
आगे अनन्त संसार भमेंथों जान सुजान निन्दा तज देवे ॥

कथा—एकुनतीसवीं

निन्दा केफल बताने वाली—"वेगवती की"

दोहा—निन्दा से इस विश्वमें । पाये दुःख अपार ॥
पन इहां सीता सती तणो । कथुं पूर्व भव सार ।
निन्दाकरी निन्दा लही । सज्जन विरह वनवास
वेगवती सीता भइ । कही कथा रामरास ॥२॥

चोपाइ

भरत क्षेत्रे सर्णाकुंडल गाम । श्रीभृति विप्र सर स्वातिवास
वेगवति तस पुत्री बुद्धि वंत । मिथ्याशास्त्र पढी निपुणवर्णन
एकदा कोइ महामुनिराय । वनमें रहे कायो त्सर्ग ठाय ॥
तपोधनी महाध्यानी देख । दर्शन नरवृन्द आय विशेष ॥
तहा वेगवति क्रिडा कों जाय । देखी मुनि को रूप मनाय ॥
इर्षा लाकर मिथ्या कहे । अहो लाकों यह ढोंगी अहे ॥
व्यभिचार सेवत मेंने देखीयो । यहां ये मन बैठ [illegible] ॥
धूतारो ठग इने ठगे लोक बहु । [illegible] ॥
ऐसी निन्दा बहुतही करी । मिथ्या [illegible]
सम्यक्त्वी नहीं चले लगार । वेगवति बान्धे कर्म अपार ॥
मुनिश्वर चिन्ते मन मझार । अवर [illegible] कोइ विचार ॥
जिन सासन की हीलना होय । यह दुःख [illegible]
अभिग्रह धारा उसही वार । जहां लग [illegible]
जहां लग नहीं लोगंगे [illegible] अहार । [illegible]

सासन देवी यह बात को जान । वेगवति पर हुइ रुष्ट मान ॥
वेदन प्रक्षेपी तास शरीर । वेगवती मुरछा पडी पीर ॥ १० ॥
जल विन मीन परे जड फडे। आक्रन्द रूदन अति ही करे ॥
धर्मी कहे देखो निंदा के फल। कर्म उदय यह हुवे अटल ॥
धिक्कारे बहु लोक तस तांय। महांमुनी को और सताय ॥
तस सज्जन वेगवती उठाय । मूनि चरण ढिग मेली लाय ॥
वेगवती तब कहे नरमांय। मिथ्या में बोलीमहा राय ॥
कुड कलंक आप शिरदिया । क्षमो २ करी मुझपर मयां ॥
यों कही वारम्वार नमन करे। साशन देव तब क्षमाज धरे ॥
देखा मन में पश्चात्ताप पूरा। वेदना उसकी कीनी दूर ॥
सुखी हुइ देखी चमत्कार । सच्चा जैन धर्म जानाउसवार
साध्वी पास ले संयमभार। करी करणी ज्ञानादिक धार ॥
आलोयणा विन सा मरकरी। प्रथम स्वर्ग में देवी अवतरी
तहांसिच्चव मनुष्य लोक मझार। जनकराय घरकुमरी हुइसार
सीता सती हुइ जगत विख्यात। राम अंगना गुण गणगात
राम लछमन संग रही वनवास। रावण दगाकर लेगयातास
राम रावण मार लाये छूडाय। शोकोतस इरषों में भराय ॥
पूछे सीता से देखा रावण रूप। सीता कहेफक्तपगदेखचुप।
कुंकम पटीये पर डाल लाय। भोली सीता पास पग मंढ़ाय
शोको पुष्पादि तापर चढाय । रख दिये एक आलेकमांय

दोहा– रातको फिरतेरामजी । धोबीघरटींगआय ॥
होनहारकेजोगसे । बचनवोंकाने सुनाय ॥ २० ॥

चोपाइ

धोवणकहे झटखोलकीमाड । धोबीकहे कहांगइथीरांड ॥
क्याघरोघर रामहीदेखीये । दुशीलसीता घरमेंलिये ॥
सुनीराम मुरझाये आतेमन । अपकीर्तिकालगालांछन ॥
चिंताकरते मेहलमेंआय । चित्रपग रावणके देखाय ॥
पूछेसेंसोकोंयोंकीये । सीतानीत पूजेफिरअन्नलिये ॥
सुनीराम अतिआश्चर्यपाय । लक्षमणसे वीतकचेताय ॥
लक्ष्मणकहे स्वपनेनहींहोय । सीतामाइइच्छे नहींकोय ॥
तोपणराम नहींमानेबात । सीताकेकर्मउदय जवआत ॥
रथसारथीकों रामबोलाय । कहेसीताछोडो वनमेंजाय ॥
रामहुकमें कपटसोकरी । गर्भवंती सीतावनमेंधरी ॥
वियोगविपति सहेअनेकप्रकार।कलंकशल्यमनसाले आधार ॥
वज्रजंघ राजातहांआय । सीतारूपदेख आश्चर्यपाय ॥
पूछेबाइतुम कैसेइसस्थान । सीताडरी तसतस्कारजान ॥
अंगके भूषण देवेउतार । तवनृपकहे नहींमेंचोरजार ॥
मेंहूंअर्हंतकाधर्मकाधारक । यथाशक्तिपर दुःखवारक ॥
सीताहर्षी निजवीतकसुनाय । जानवर्ती निजघरलेजाय ॥
तहांसीता प्रसवे जुगलकुमार । लवणअंकुश नामअवतार ॥

सुखे बडे पढे हुवे होंश्यार । नारद मुनि आये उसवार ॥
दोनों कुमर से कही सब बात । क्रोध भरा कर सेनासजात
अनेक नरेन्द्र परां जय करी । अयोध्या ढिग आये हर्ष भरी ॥
सुना परचक्री राम आय । सैना सजी सोभी सन्मुख थाय ॥
मचा संग्राम जीते सीता नन्द । नारद राम से कहा सम्बन्ध ।
पिता पुत्र योग्य मिले हर्षाय । सीता जीको राम बोलाय ॥
अपवाद निवारण धीज तब करी । ऊंडीखाइ अग्निसे भरी ॥
सीताजी कूद पडे उसमांय । अग्नि फिटी तब जल निधीथाय
नर सुर सब करे जय २ कार । मिटी निन्दा हुवा यश विस्तार।
सीताजी तब दिक्षा वरी । ज्ञान ध्यान तप करणी करी ॥
अचुत स्वर्ग में इन्द्र थाय । एकही भव से मोक्ष सो पाय ॥

दोहा—बेगवति निन्दाकरी । दोनो भव पाइ दुःख ॥
कथा सार ये गृही करी । तजी निन्दा वरो सुख ॥





मंजिल पन्दरवा-"परपरीवाद पापोद्धार"

उत्तरविभाग-"गुणानुवाद"

दोहा-सर्व गुणों में प्रथम गुण। गुणानुवाद पहिचान।
गुन वन्त वनने के लिये। प्रथम उपाय यह जान॥

चोपाई

ज्ञाता सूत्र अष्टमें अध्याय। तीर्थंकर गोत्र उपार्जन उपाय॥
बीस बोल कहे श्रीभगवान। सात पहिले का गृहो ज्ञान॥ १॥
अरिहंत सिद्ध सूत्र और गुरु। स्थविर बहुसूत्री तप [illegible]॥
इन सातों का करे गुणानुवाद। सो तीर्थंकर हो [illegible]॥
यों गुनीयों के करतें गुण उच्चार। होय गुनवन्त गुनका [illegible]।
गुण इच्छक गुणानुवाद करो। निज परात्म सुख [illegible]।

गुणानुरागसेगुन—"मनहरछंद"

गुणवन्त होना जो चहाइ । गुण रागीबनो भाइ ॥
तासु गुण आकर्षाइ । तेरे पास आवेगा ॥
गुणवन्तो से गुणी मिले । गुणही गुण अटकले ॥
लेन देन गुणकाहो । दुणा बढ जावेगा ॥
बहू रत्नी वसुं धरा ॥ गुणी जन से रही भरा ॥
गुणीही गुणों को जाणे । तबही सर सावेगा ॥
जो गुणी गुणको सर साइ । गुणीहो जगमें पूजाइ
अमोल गुणानु वादी । सदा सुख पावेगा ॥ ५ ॥
धन्य सम्यक्त्व धारी । धन्य श्रावक शुद्धा चारी
धन्य साधु महावृती । धन्य अप्रमादी है ॥
धन्य ज्ञानी धन्य घ्यानी धन विनीत धन्य दानी
धन्य तपी जपी खपी । धन्य जो मर्यादी है ॥
धन्य पर उपकारी । धन्य सती ब्रह्मचारी ॥
क्षमावन्त दयावन्त । धन्य सत्य वादी है
यों सदा गुणानुवाद । करे जोहे गुणी जन ॥
अमोल गुणानुवाद । सदा सुख सादी है ॥ ६ ॥

गुणानुवादी की भावना—इन्द्र विजय छंद

आपही आपमें सोचलेरे नर तेरो तुझ क्या प्यारो लागे ॥
गुणानुवाद करे कोइ तेरातो तापर प्रेम तेरा कैसो जागे ॥
ताही को तूंतो अहो निश चहावेरुइ गुण प्रकाश करे तूं आगे ॥
तैसेही तूं करे अन्य के गुनतो अमोल महिमा होवे विन मांगे॥
जो कोइ तेरी निन्दा करे तो तेरे मन ऐसा विचार करीजे ॥
धोबी धोवे वस्त्र दामहू लेतेहै यह विन दामहू मेल हरीजे ॥
मेरे मल ले लगावत पोतेये । और बुरा ताको वहा कीजे ॥
योंअंतरमें निहाल अमोलक निन्दक ऊपर प्रेम धरीजे ॥ ८
तप जप कोटी किये कटे पातक ते पातक कटे क्षणके मांही
जो निन्दक मुखसे सुन अवगुण द्वेषकी बुद्धि जरा नहींलाइ
पाप पखालन घरबैठे गंग जान अमोल ये सन्मुख आइ ॥
मन धैर्य मुख मौन रही कर पूरा कृत अवसे ले न्हाइ ॥ ९
जो मन होवे निन्दा करनको तो कर आत्म निन्दा सदाइ ॥
जासुं आत्म पवित्र बने अरु आगे अजोग न बने कदाइ ।
पन मतकर कभी पारकी निंदा जो दोनोंमत्र है दुःख दाइ।
पाप को निंदे मत पापी कोनिंदोरे अमोल महिमा सुखदाइ
जो जाकोग्राहक सोसोइपावतगुण ग्राही गुण अवगुणी औगुण
दोनों वस्तु से विश्वभरा यह न पसंद को सुखने मन धुण ॥
तो तूं बने गुन सागर जावेरे लते जगत् में सद्गुण को तूण।
यह शिक्षा सद्गुरुकी अमोलख धारके होले सदाही निपुण

कथा—तीसवीं

गुणानुवाद के फलबताने वाली—श्रीकृष्ण वासुदेवकी

दोहा—देखो कृष्ण नरेश्वरू।गुण ग्राही गुण वंत ॥
सडी स्वानी अंगके । आप बखाणे दंत ॥ १ ॥

चोपाई

प्रथम स्वर्ग सौधर्मा मझार । शक्र सिंहासनें स परिवार ॥
बैठे शक्रेंद्र अवधी निहार । सब सुरों से यों करे उचार॥
शोरठ देशे द्वारका पुरी । कृष्ण वासूदेव नृपेश्वरी ॥
द्रढसम्यक्त्वी गुणानुरागी । नहीं अन्य दिखता ताकेलागी
क्रोडों दुर्गुण मेंगुण चुन लेय।निसार दुर्गुण सब तज देय ॥
सर्वदेवता कहे सत्य बचन।एक सुरके नहीं मानी मन ॥ ४ ॥
करण परिक्षा मृत्यु लोकआय।सडीश्वानी का रूप बनाय ॥
कृमि पडे हैं सब तन मांय।अतीही दुर्गंधरही गंधाय ॥५ ॥
रक्त पीरू वहे तांके अंग।देखतेही मन होजाय भंग ॥
द्वारानगर राजपंथ मांय । तहां पडी सो कूत्ती आय ॥ ६ ॥
दोहा—तासमें कृष्ण स्वारीसजी।वन क्रीडा कों जाय॥
मार्ग में ‘टेगडी पडी । लोक कहाडे वहूताय ॥

ताडी तरजी अती घणी । चिल्लाय ते नहीं जाय॥
सकल लोक थू थू करे । विद्रूप रही गंधाय ॥ ८॥

चोपाइ


कृष्ण शब्द सुन दया तस लाय।कहे सबसे ताडो मारो नाय
लोक कहे देखने नहीं योग्य।सडी दुर्गंध अति अमन्योग ॥
कृष्ण कहे यों निंदो नाय। पुद्गलोंका यों स्वभाव पलटाय॥
कृष्ण चली तस नजीक जाय।सर्व लोक दुर रहे नाकदबाय
कृष्ण नहीं दूभायो जरामन।पास खडे तस करे अवलोकन
दाडिम कलीसम तस मुख दाँत।वरोवर जमेसोहे भली भाँत
कृष्ण कहे देखो सब लोक।क्यों तुम निंदा करो हो फोक॥
दाँत पंक्ति यस कैसा सोभाए।एसा और कहो कहां दिखाय
सुण वयण सुरआते आश्चर्यपाय।तत्क्षण श्वानी रूपविरलाय
आकाश से देव प्रगट भये।कुंडलमुकुट वस्त्र दीप रहे॥१३॥
धन्य गुणग्राही यादव सिरदार।वार २ सुर करे नमस्कार ॥
नम्रहोय विनवे इस तरे । शक्रेंद्र तुम पर संस्या करे ॥१४ ॥
परीक्षा करी कूवी रूपवनाय।गुणग्राही तुम सा और नाय॥
सम्यक्त्वा के शूद्ध लक्षणधार।सफल प्राप्त थारो अवतार ॥
मेरे योग्य कुछ आज्ञा दीजो । कुछेक चाकरी मुझसे लीजो॥
कृष्णजी कहे तज दो मिथ्यात।धारो जैन धर्म सत्य दर्शात।
सम्यक्त्वी वन देव गुरु तत्त्व मान।मेरा ये मेटणा जान।

एक वक्त यह भेरी बजाय । जहां लग इसका शब्द सुनाय
तहां लग छे मांस लग तांय । मरी मारी रोग नहीं प्रकटाय
पर उपकारी तस जान । लानी कृष्ण हर्षा मन आन ॥ १
देव प्रणमी देवलोके जाय । महिमा अबी लग रहो फेलाय
कृष्ण आगे तीर्थंकर पद पाय । जग उद्धारी मोक्ष सो जाय

दोहा—गुण ग्राहक श्रीकृष्णजी । भेरीली यश प्रसार ॥
आगे तीर्थंकर पदबरी । करेंगे खेवोपार ॥ २० ॥
ऐसे सब निन्दालजी । गुणानुवादी लोक ॥
तोइहभव परभव विषे । मिलेंगे वांछित थोक ॥
निज परआत्म सुख वरन । पर परिवाद पाप उद्धा
ऋषि अमोलकने रचा । यह पन्दरवा अधीकार ॥

परमपूज्य श्रीकहानजी ऋषिजी महाराज
केसम्प्रदायके बाल ब्रह्मचारी
मुनिश्रीअमोलकऋषिजी
महाराज रचित
अघोद्धारकथागार
ग्रंथकापरपरी
वादपापउद्धार
नामेपन्दरवा
मंजल

समाप्तम्



मंजिल शोलवां–"रतिअरति पापोद्धार"

पूर्वविभाग–"प्रवृत्ति"

दोहा–पुद्गल परिचय अनादिसे । स्वभावे वृत्तिप्रवृताय ।
अशुभ शोक शुभमें हर्ष । सोरति अरति कहाय ।

चोपाइ

सब सकर्मी जगत् के जीव । कर्म स्वभाव पलटे हैं सदीव ॥
शुभका अशुभ अशुभ शुभहोय । प्रणति तासे परिणमावे लोय
शुभ माने जिन पद्गलों ताय । तासंयोग रति सुखपाय ॥
जिन पुद्गल को अशुभ ले मान । अरति उपजे होय दुःखखान
इन दोनों में से एकसदाही रहे । संकल्प विकल्प [illegible]
यह हीज है अज्ञानता स्वभाव । आत्मा [illegible] परम [illegible]
इष्ट वियोग अनिष्ट संयोग । रोगोदय और [illegible] भोग ॥

यह चउआरति उपजाय।सुलटे रति आर्त ध्यान ध्याय ॥
क्षण में हंसेत क्षणमें रोय। इस विचित्र तासे जन्म विगो
यहां दुःख आगे गतिकुपाय। रतिअरति पाप दुःख खदाय

प्रवृत्तिस्वरुप—मनहर छंद

स्वजन स्नेही धन धान और निज देही ॥
निज करी माने येही। वियोग नचावे हैं ॥
इनके नशाने जोग। मिले जोकदा संयोग।
चोर सिंह विष आदि। दृष्टी गत थावे हैं ॥
उनके संयोग अर्थ इनका वियोग चहाय ॥
संकल्प विकल्प यों चित्त उपजावे हैं ॥
यथा स्थिती रहे जाय। किया किसी का न थाय।
योंरती अरति पाप। जीव को सतावे है ॥ ७ ॥
सब जीव सुख चहावे। रोगादि से दूर रहावे ॥
तोभी कर्म तस सतावे। उदय जब आवे है ॥
३५०००००० उठकोटीरोम तन। एक एक रोग गिन ॥
पोने दोदो रोग लगे सर्व किते थावे हैं ॥
रुधीर ऊदर वीकार। होते रोग होवे जहार ॥
शीत उष्णर दी कफ। आदि केइ आवे है ॥

सातवेदनी में राति । असाता से ले अराति ॥
योंरति अरति पाप । जीवको सतावे है ॥ ८ ॥
रति उपजाने काज । मुढमति करे अकाज ॥
स्थावर त्रस जीवोंके जो घमशाण करावे है ॥
श्रवण नयन घ्राणा । फरस रसन पोषाण ॥
वाजित्र नाटिक गंध । रसादि निपावे है ॥
तान टूटे घर फूटे । विरस दुर्गंध छूटे ॥
वस्तुका स्वभाव नाशे । क्लेश मन पावे है ॥
जगत् के स्वभाव लारे । आत्मा विभाव धारे ॥
यों रतिअरति पाप । जीवों को सातावे है ॥ ९ ॥
संपति अन्य की देख । मन में झुरे विशेष ॥
याकी कैसी ऋद्धि । ऐसी मेरे क्योंनी थावे है ॥
यह अरति मिटायवा । केइ करे हावा धावा ॥
अपने भले को दूसरे का बुरा चावे है ॥
निज कृत्य अनुसार । पावे जग सुख सार ॥
यह बुद्धि विसार रतारति चित्त लावे है ॥
यों कुकर्म को उपाइ । जावे दुर्गति मांइ ॥
योंरतिअरति पाप । जीवों को सतावे है ॥ १०
रतिपाप वश्य रत । होकर करे अनर्थ ॥
भक्ष अभक्षण सेवे वेश्या पर नार के ॥

जुवा चोरी मदिरापान । मृगया सेहरे प्रान ॥
यह सातों खोटे व्यशन । सेवे दुष्टा चार के ॥
इनों से प्रगट आय । दुःख शोग रुप लाय ॥
रोग भोग से पीडाय । बुद्धि बल हार के ॥
घातकी यह सातों पाप । जान के तज देवो साप
कहत अमोल दीर्घ दृष्टी से विचार के ॥ ११ ॥

रतिअरति से दुःख–इन्द्र विजय छंद

रतिअरतिरुप रोगलगो जहां । तहां चित्त कोविश्रान्तीनाहीं
जोदेखे सुने वस्तु मनोगम । ताहीकों गृहण करन चित्तचाही॥
जेता पुण्य तेती वस्तुपावत । अधिक मिलेनहीं तबपस्ताही
प्राप्तहीजावेतोहीदुःखपावे ।अमोलक चित्तकीहै विकलताही
छत्तीवस्तु अतृप्ती से भोगत । उससे अधिकी जोसुनपाइ ॥
मनोग्य वस्तु अमन्योग लागत । अधिक गृहण करनसोधाइ
कूड कपट झपट केर केइ । पुण्य विना सोहाथान आइ ॥
अतिलालसा सो कर्मको संचतहोय अमोलचित्तकीविकलाइ
एकसे एक अधिक सुखदायक । नाना वस्तु हैजग के मांही ॥
सबही नमिले एकही जीवको । ताते कभी संतोप नआइ ॥
चिन्ताही चिन्तामें आयु करे छिन्नवय जीरण तृष्णनजिरणाइ
रतिअरति पाप के वशमें जन्म चिन्तामणी देत गमाइ ॥

कथा—इकतीसवी

रतिअरति के फल बतानेवाली—"ब्रह्मदत्तचक्रवर्तिकी"

दोहा—रति अरति पाप वश्ये । दुःख पावे संसार ॥
ब्रह्मदत्त चक्रीपरे । दोनों भव मझार ॥ ११ ॥

चोपाइ

कम्पिल पुर ब्रह्मनामें राय । चुलणी राणी अति सुखदाय॥
चउदे स्वप्ना ले जन्मापूत । ब्रह्मदत्त नाम रखा सुख सूत ॥
ब्रह्मराय असाध्य रोगी भयै।दीर्घराय मित्र बुलाकर कहे ॥
राणी पुत्र की तुमे संभाल।ब्रह्मदत्त संभाले वहां लग पाल ॥
दीर्घ दीयो संतोषब्रह्म कियो काल।मर्णक्रिया कर करे प्रतिपाल
चुलणी दीर्घ राय वश्य भइ।व्यभिचार सेवे ब्रह्मदत्त देखलइ
दीर्घ कहे पुत्र होगा दुःखकार।चुलणी कहे में न्हाखुं मार ॥
लाख को मेहल बना परणाय।दम्पती कों उस में सोवाय ॥
आधीराते दी आग लगाय । मन्त्रीय ख्वांथी सुरंग खोदाय।
उसमें से ब्रह्मदत्त गया निकल।प्रदेश फिर पाया राज सकल॥
चक्र वर्ती हो कंपिल पूर आया।मारी दीर्घ नृप सुखनिमगनाय
संचित पुण्य से जमा सब साज।भोगवे भोग पाम्ये सुखराज

दोहा—पुरमिताल नगरविषेशेट तनुज नाम चित्त ॥

सो पहिल भव पांच का। ब्रह्मदत्त का मित्र ॥ ८ ॥
दीक्षा ले ज्ञानी भये। भाइ समजाने काम ॥
आये काम्पिल पुर बाग में। ब्रह्मदत्त वंदे ताम ॥ ९ ॥

चोपाइ


मुनिवर तस सद्बोध सुनाय। पूर्व भव का सम्बन्ध बताय ॥
दशारण देशमें दोनों थ दास। मृग[1] हुवे कालंजर पर्वत पास
दोनों हंस[3] हूवे गंगानदी तीर। काशी नगरमें मातंग[4] शरीर॥
वहां सचीवने किया अन्याय। राय मारण दिया पिताकेतांय
उसे छिपा रखा अपने घर। उस ने अपन कों पढाये नेहधर
अपने ही घरकियाउसनेअन्याय। आप ननिकालदियाउसतांय
वो हथनापुर में हूवा प्रधान। अपन करने लगे पुर में गान॥
मोहित हो लोक कीये अभडाय। आपन को पुर बाहिर कढाय
अपमानित हो मरने काज। पहाड से पडते देखे मुनिराज॥
आपन वंदे उन दिया उपदेश। आपन संयम ले पेरा मुनिवेश
फिरते आये हथिना पुर बार। प्रधान देख किया उलट विचार
पुरमें जाते थे दिये अटकाय। आपन दिया संथारा ठाय ॥
तुम कोपी तेजूलेशा प्रकट करी। मैंतुम मुख हाथदिया तबधरी
धूम्र गोटा गया पुरके मांय। डरा चक्री राणी साथ ले आय
वंदत तुम देखा श्रीदेवी रूप। यह नियाणा तुमने किया भूप
देवलोक हो यहां ऊपने आय। नियाने जोग अलग जन्म पाय ॥
तव चक्री कहे करणीके के फल। मैं तो यह भोगुं हुं विमल ॥

तुमभी आवोराजक मांय।भोगवो सुख इच्छित सदाय ॥
मुनि कहे जिस से पाये सूख।उसे पूनः वरो मिटे सव दुःख
राज भोग रति नरक लेजाय।निश्चय एक दिनसव छिटकाय
मे भी पाया था वहुतही रिद्ध।छोडके करू आत्म कार्य सिद्ध
राय कहे यहतो अब छूटे।नाय।भारी कर्मी तस जानामुनिराय
दोहा—मुनिवर कियो विहारतव।ब्रह्मदत्त भोगे लुब्धाय
अति रति जिस जागा रहे।तहां अरति प्रगटाय ॥

चोपाइ

एक ब्राह्मण ब्रह्मदत्त ढिग आया।नामी कहे याद हैमहाराय॥
वनमें मार्ग बतावन हार । दियो वचन अव पाडो पार ॥
राय कहे मांगो जोतुमे चहाय।विप्र कहे आपभोजन मुझकराय
समजायो समजो न लगार।जिमाइ खीरउपजो महाविकार
घर आ कियो मात पुत्रीसे भोग।तन फटीयो उपज्योकुष्टरोग
कुवुद्धि चक्री पर क्रोधभराय।मारनचिंतन लगा उपाय ॥
एक वन में एक भील देखीया।एक वान वड पल वहुदीया
उसे वश्यकर कही मनकीवात।गो कहे में करूं राजाकीघात
वन क्रीडा को आया राजान । भील गलोल मारी तवतान।
फोडी दोनों आँख तत्काल । चक्री कोप्या जेसा काल ॥
भट भील को लियो पकड । उस ने विप्रकी वात दीकर ॥
कुबुद्धी जानी ब्राम्हण की जात।मरा कर उसकी ओगसंतान

मसली पगतले क्रोध आतिलाय। नित प्रतें यों ब्राह्मण मराय
सचीव योजी जोग उपाय। गुंदा फल बीज दे नित लाय॥
पग तले मसले विप्र नेत्र मान। रति अरति ध्यावे आर्तध्यान।
सातसो बर्ष आयू पूर्ण करी। सातमी नरक गया सो मरी॥
एक श्वास कें भोगवे सुख। त्रेपन पल्य लिये झाजेरे दुःख॥
सात सो बर्ष सूख का परिमाण। तें तीस सागर दुःख लियेजाण।
दोहा—रति अरति के पाप वश्य। ब्रह्मदत्तपायादुःख॥
यों जाणी निवृत्ति वरो। ज्यों मिले पूर्ण सुख॥





मजिल सोलवा-"रतिअरति पापोद्धार

उत्तरविभाग-"निवृत्ति

दोहा—पुद्गल परिणति मनकी । निवार निवृत्तिधार ॥
रतिअरति चितना धेरे । तेही सुखी संसार ॥

चोपाइ

रातिअराति पाप मझार । स्वभाविक मन करे परिचार ॥
उस स्वभाव को ज्ञान सेमोड । टाले यह अनादि खोड ॥
अनंत वक्तजो हुवा समवन्ध । उस ममतामें रहा मनबन्ध ।
उससे उसमे उपजनाहोय । भव भ्रमण मिटाना चहावेसोय
योजाने पुद्गलका स्वभाव । शुभाशुभ हाविक्षण मेंविभाव ॥
ता स्वभाव मे परिणमें नहीं । सोही निवृत्ति से निवृत्तिलही
यहीसरल है सुख उपाव । येह साधनता मोक्ष का दाव ॥

तत्त्वज्ञ योगी महानुभाव । करे खप होवे विश्वके राव ॥ ५

निवृत्तिस्वरूप—मनहरछंद

रतिअराति निवार । निवृत्ति भावकों धार ॥
पुद्गल परिणति विचार । चैतन्य स्वभावरे ॥
एक रुप जोनरहे । तासुं कैसे निभेनेह ॥
देखले तूं तेरी देह । खेले कैसा दावरे ॥
मेरी तूंतो ताको करे । तेनेह न तुझसे धरे ॥
पुद्गल की बनी अंतः पुद्गल मिलावरे ॥
कभीरोगी बृद्ध थाय । पोषत्तही गिरजाय ॥
दगादार फंद मांय । अमोल मत आवरे ॥ ६ ॥
मनुष्य समान बली । और कौन त्रणस्थली ॥
छोडदे कायरता तो । सिद्ध बने उपावरे ॥
जेहर को अमृत करे । अग्निकी उष्णता हरे ॥
गज सिंह जैसे क्रूर । कामोडे स्वभावरे ॥
स्थावर जंगम तीर्यंच का स्वभाव फेरे ॥
तोक्या ज्ञानी चैतन्यका नहोवे पलटावरे ॥
अडग होसाध काम । सब पूरे तेरी हाम ॥
रतिअराति मन भाव । कदापि मलावरे ॥ ७ ॥

निवृत्तिका उपाव—इन्द्रविजय छंद

रतिअरति जेहर निवारण। मंत्र ज्ञानी गून्थों में बतावे ॥
नित्य रखे अभ्यास वैराग्यका। पुद्गल परणति कदा नहीं ध्यावे
तासे भिन्नपना लखी आपना। निज स्वभाव तामे नरमावे ॥
निज आपो भज पर आपो तज। तोही अमोल सदा नन्द पावे
रेमन ज्ञानी! होजराध्यानी। बात ले मानी अभिन्न नहोइ ॥
जोकभी जोग बनाशुभ वस्तुका। तुझको शुद्धन करसके सोइ
अशुद्ध मिले तूं अशुद्ध नहोवता जो निज भाव को न पलटोइ॥
यह द्रढ ठान न आनरतारति। तोही अमोल परमानन्द जोइ
यम[1] नियम[2]आसन[3] प्राणायाम[4]। प्रत्याहार[5]धारणा[6] ध्यान[7] समाधी[8]
यह अष्टउपाव मनप्रसन्न करने। धारले पालेसोविधी आराधी
रोक केयोग कोयोगी वनामन। बाह्य आभ्यन्तर त्याग उपाधी
वुद्धहो शुद्धहो नहो विरुद्धतूं। योंही अमोल मेट सबव्याधी ॥
जिनेश्वर चक्री हलधर नरवर। खेचर भूचर विज्ञ बहूताइ ॥
रति उपजाने केसाज मिलेसव। अरति कारक तास लखाइ ॥
तज प्रवृति निवृति वरी वर। अमोल आत्म संपतिना पाइ ॥
संत अनंत वने शिवकंत। यही बात तंत महंत बताइ ॥ ११

कथा—बत्तीसवीं

रतिअरति से निवृत्तिके फल बताने वाली—"मेघकुमार"

दोहा—रति अरति कुं पर हरी । वरी निवृत्ति सन्ध ॥
जंबू कुमार के पड़ने से । कथु संक्षेप सम्बन्ध ॥१॥

चोपाइ

राज ग्रही ऋषभदत साहुकार । प्रभूत धनी धारणी नार॥
महा गुणी उनके जंबुकुमार।सुरूपसर्व कलामेंहोंश्यार ॥२।
आठ कुमारी संग सगपनकिया।ठ्यावन दिन बाकी कुछरय
तहां पधारे सूधर्मा अणगार।विद्या चरण करण गुण धार।
पांच सो साधु के परिवार । उतरे गुणशील वाग मझार।
वंदन आये लोक अपार । साथही आये जंबु कुमार ॥४।
श्री गणधर सद्बोध सूणाय । परिषदा सूणे चित्त लगाय।
अनंत पुद्गल परावर्तन किया । अनंत दुःख जीवे भुक्तिय।
अनंत पुण्ये पायो नर अवतार । अनंत सूखका आपनहा
इस से अधिक अनंती वार । ऋद्धी सूख पाये संसार ॥६
गरज सरी नही एकलगार।जहांलग नहीं मिलीसम्यक्त्वस।
यह अवसर मिलाहै अव। तारो आतमा भवी जन सव।
जो चूके तो गये सवहार । फिर पस्ताये न सार लगार
चे तो चे तो ! चतुर सुजान।इत्यादि वोध दिया भगवान
भव्यों वहुत किये त्याग पच्चखान।जंबु कुमर वैराग्य मनआन

घर आते पुर द्वार के मांय।तोप गोळा पडा पग विच आय
चम के।चिंते अबी पातामरण।धर्म विना जाता विन शरण
पुनः आये सुधर्मा गुरू पास।श्रावक के वृत धारे ऊलास ॥
सर्वथा करे अब्रह्म पचखान।आमातपिता ढिग कहे नर मान
आज्ञा देवो लेवूं संयम भार।सुन मावित्र दुःख पाये अपार॥
कहे अबल तुम करो अवीव्याव।हमारे मनका पूरो उत्साव
जंबु कहे आठों कों दो चेताय।परण के दिक्षा लेवूंगा मैं जाय
आठों सुन कहे फिकर न लगार।हम समर्थ तो रखेंगी भरतार
ओत्सव कर परणे आठों नार। सयन घर में वैराग्य सोधार
मुनि परे बैठे ध्यान लगाय।रतारती तजी निवृत्ती ध्याय ॥
आठों अचंभीकहेकरीप्रणाम।क्यागुन्हा कियानबोलावो श्याम
लायो जैसा करो निर्वाह।धन यौवन लाभ लो उत्साह॥१४॥
जंबु कहे येही मेरा परिणाम।जन्म विषय में न करूं निकाम
आठ कथा जुदी २ नारी कही।कथा युक्त उत्तर जंबु नसही।

दोहा—चोर प्रभवा ने सुणा। जंबु नाम कुमार ॥
कोड निन्याणव डायजा। लाये घर मझार॥ १६ ॥
पाच सो चोर ले आवीयो। विद्यासे सब को सोवाय
पेटा जंबु सदन में। धनकी गांठडी बंधाय ॥१७ ॥

शक्रेन्द्र आसन चला।देखी चिंते मन ॥
कल दीक्षा जंबु लिये। लोक करेंगे चिंतन ॥
धन गये से उदास हो।साधु हुवे कुमार
यह अपवाद निवार ने। स्थंभे चोर उसवार ॥१९॥

चोपाइ


जंबु त्रिया युत जागते जोय।चिंते मुझ विद्या चाली न कोय।
पांचसे चोर स्थंभे निहार।जाने जंबु विद्या बली अपार ॥
विद्या लेने आया जंबु पास।अति नरमी यों करे अरदास ॥
निद्रित करण ताला तोडन।दोनों विद्या आप लो मुझ कन ॥
स्थंभन विद्या कृपाकर दीजीये।जंबु कहै इने क्या कीजीये ॥
में फजर लेवूंगा संयम भार।सून तस्कर अचंभा अपार ॥
कहे समजा ऐसा करना नाथ।विलसो तरुणी संपदा पाथ ॥
एक कथा प्रभवे कही। कथा युत उतर जंबू तस दही ॥
सूनी प्रभवा पाया वैराग्य।कहे में दीक्षा लेवुंगा महा भाग्य
पांचसों चोरों से कहे जावों घर।हम तो साधु होवेंगे फजर॥
पांचसो ही कहे हम भी तुमलार।हुवा सब का एकही विचार
प्राते जंबू के मात पिता आया।सब को वैरागी देख अचंभाय

कन्याके तात मात कों बुलाय।सोलही मिल सोभी आय ॥
जंबू कहे बाल बैरागी भये।वृद्ध हो लोभाइ तुम क्यों रये ॥
इत्यादि सून समजे सबजन।पांचसोसतांवीस का हुवाएकमन
सुण कोणिक आश्चर्य नन्द पाय।सब ऋद्धी से महोत्सवकराय
लिया संयम सूधर्मोजी पास ।ज्ञान ध्यान तप किया अभ्यास
जंबूजी पाया केवल ज्ञान। महा उपकार कर पाये निर्वाण ॥
और गये सब स्वर्ग मझार । लागे मोक्ष पावेंगे सार ॥
रति अरति त्यागन के फल । जान के भव्यो बनो विमल ॥

दोहा–योंजाणी सुखार्थियों । रतिअरति त्याग ॥
जंबुजी परे सुखवरो । धरो चित्त वैराग ॥ ३० ॥
निज पर आतम सुवखरन । रतिअरति पाप उद्धार
ऋषि अमोलख ने रचा । यह सोलवा अधिकार ॥

परमपूज्य श्री कहनजी ऋषिजी महाराज
केसम्प्रदाय के बाल ब्रह्मचारी मुनि श्री
अमोलख ऋषिजी महाराज रचित
अघोद्धार कथागार ग्रंथका
रतिअरति पापोद्धार नामे
सोलवा—मंजल

समाप्तम्



मंजिल सतरवां-माया मोसोपापोद्धार

पूर्वविभाग—"गुढ-असत्य"

दोहा—दूसरा नवमां पाप मिल।पाप सतरवां होय ॥
एकही अति दुःख दाइ है।तो दो की गति लो जोय

चोपाइ

माया मोसा मेटा है पाप। इस के अंदर मिथ्यात्व की छाप
कहलाते उतम स्थान मांय। यह पाप वहां रहां छिपाय॥
ऊपर से वनते भक्त राज। मन में मेले करें अकाज॥
भक्त महात्मा नाम धराय। लोक ठगन केइ भेष वनाय॥
पोथा थोथा संग्रह करे घना।लोभावे मन कामी लोभी जना
मार गपोडे शभा को हंसावे।मिथ्या लाभ वता ललचावे॥
सत्य के आगे पडदा डालीया।कलयुग में पाखंड मालीया

एक धर्म के हूवे अनेक भेद।धर्म भरम बना उपजे खेद ॥
हरामखोर बने महात्मा भक्त।दुर्गति में सजा वो भुक्तेगे शक्त
अनंत काल रूले जग मांय।इस माया मोसा केही पसाय॥

माया मोस के लक्षण—मनहर छंद.

कपट कर बोले झूट।धर्मी धर्म को दे पूठ ।
लोकार्थि बनी घनी।पोल जो चलावे है
केइ श्वेत वस्त्र धारी।केइ केशरीये भलकारी ।
भगवे काले गुलाबी आबी तन को सजावे है ॥
केइ नग्न रहे सदाइ । केइ भभूती रमाइ ॥
जटा वडा मूंड मुंडाइ । छापा तिलक लगावे है ॥
मोटे मणिये मोटी माला । शिर कर गले वाला॥
मोटा चिमटा चिलम।केइ ढोंग यों जमावे है॥१॥
दोहा छंद चोपाइ । सुना सिद्धांतो बनाइ ॥
केइ धरो घर गाइ।केइ सभामें गुंजावे है ॥
केइ धर रहे ध्यान । केइ वांचे वेद पुराण ॥
केइ स्मरण मांही।आँखों मीच गणणावे है
पूछे कहे शुद्धाचार । हमही है पालन हार ।
और सब ढोंगी जानो हमे आचार्य कहावे है ॥
ऊपर शुद्धता जनावे । अंदर पोल जो चलावे ॥

अहंताममता बिन मारे।माया मोसा जोलगावेहैयुग्म
ऐसे केइ साधु यती।रखे ओगा रू मुहपती।
केइ शुभ्र केइ मैले।वस्त्र धारी ही देखावे हैं॥
ऊंचे पाट पर विराजें। शास्त्र कथा कंथे गाजे।
केइ एकांत उत्सर्ग। केइ अपवाद ठसावे है
पोते पाले न पलावे। श्रद्धा भृष्ट जो करावे॥
चलके बगले की चाल। आल अन्य पे चढावे है॥
आप थापी महापापी।मिले मुक्ति न कदापी।
ऐसे महात्मा कहाइ। माया मोसा जो लगावेहै॥

इन्द्रविजय-छन्द.

बने भक्त राज शिरताज से साज केइ अवाज मधुर उचारे
शुभ्र पोशाक सुपाग धरे तिलक छापे लगाये विचित्रप्रकारे
गले कर माल छोटी बडी गुल बैठे उंची गादी बने गहकारे
बात २ में इश का नाम कहे इस ढोंगसे अपना मतलबसारे
माया मोसीभाइ करत ठगाइ।स्वभाव पडे अडे धर्ममें आ
महीमा बधारन ढोंग रचे केइ होवैठे सागे बगलाके साइ
मोठे जीकारे व्याख्यान सूने श्रद्धे नहीं जरा आंच लगाइ
अकृत्य करे भंडार भरे पापी। ज्ञान गुरू और धर्म लजाइ
सतमंहत को ठगे माया मोसी।वात वनाव करी नम्रताइ

अहार पानी वस्त्र औषधकी । अति आग्रह करी भावनाभाइ
द्वार लगाइ बैठे घर अन्दर।योग्य वस्तू को असुजती ठाइ ॥
गुप्त अपमान करे मुनि राजको।पापी ऐसे वज्र कर्म बंधाइ।
पूर्ण पुण्य से माया मोसी की।कदाक कीर्ती जगमेंफलाही॥
माया मोसा महा पाप सेवनसे।संचित पुण्य खुटे क्षण माही
उसही भवे जो फल लगे तो होय निंदा बहुतही शरमाइ ॥
पर भव में होवे नारी नपूंशक कटुवचन दीनता दुःखपाइ॥
भक्त बने केइ ठगे भगवान को।ढोंगी भक्ती रचे भाव देखाइ
गुणानुवाद करे छंद बंधही।नमन खमन गुणभी दरसाइ ॥
यश सूख लक्ष्मी चहाय धरे।नहीं आत्म के हित की चिंताइ
फीकी भक्ती में शक्ति कहां रहे।माया मोशी ठगे ईसके तांइ

कथा तेंतीसवी

माया मोसाका फल बताने वाली "[illegible] नाइकी"

दोहा—माया मोसी मानवी हित साधन करे पाप ॥
खाडा खोदे और को । उसजें डूबे आप ॥ १ ॥
जग जन सहुकहत हैं । दगा सगा नहीं होय ॥
इनाम पुरोहित को मिला।नाइ नाक दिया खोय॥

चौपाइ

वसंत पुर पिशुन जय राजा राणी [illegible] पुरोहित [illegible] ॥

वाक्य पटुत्व रीझे राजान । नवी २ कथा नित्य सुनेकान
फुरसत राते पुरोहित जी आय।कथा सुना रुका लेजाय ॥
प्राते भंडार से नाणो पाय। उस से सुखे निज खरचचलाय
काल्लूनावीक राजा का दास।राते पग चंपी करावे तस पास॥
रशीली कथा पुरोहित जी सुनाय।निशा उसी में बहू बीताय
पग दाबता नाइ थक जाय।क्रोध पुरोहित प.सो लाय ॥
चिंते करूं नृप विप्र विरोध।कहाडू उपाय ऐसा कोइ सोध॥
एकदा पुरोहित किस कामे गये।नृपति नाविक दोनों हीरये॥
माया मोसा नाविक तब करे । बहुत नरमी वचन प्रचरे ॥
धन्य २ श्वामी आप के ताद।आप जैसे कोइ गुणवंत नाद
अवगुनी ऊपर करो उपकार । जीव से ज्यादा रखते प्यार
पुरोहितजी है गुण के चोर।निंदा करे आपकी ठोरठोर ॥
कहे राजाजी करे मदिरा पान।उसमें मस्त अछे नहीं ज्ञान
मुख भी उनका अति गंधाय । पास मेरसेबैठा नहीं जाय
करूं क्या पडा पेट के वश्य ।कथा सुनाने लगा राय कार
गये ।विना तो चालेही नहीं । मुख बांध अब जावुंगा सही
दूर बैठ देवुंगा कथा सुना ।एसी वात में ने सुनी महाराय
नृपति कहे देखें गे काल।तो सच्च मानेंगें तेरे कहे हाल
सुनकर नाइ मन हर्षाय । अब देवूं पुरोहित को सयजाय

दोहा—पहर निशा ढलतांथका।आया पुरोहित पास।
लूली २ नमन किया।मधुरी करे अरदास ॥ १३।

चोपाइ

रात आपको जगाके आज । सो गुन्हा माफ करो महाराज
आप गुरू मेरे आप हित काज। इस वक्त आया गुत लाज॥
आज आप नहीं पधारे दरवार।आपकी वात करी सिरकार
पुरोहित आता नित्य कांदाखाय।जिससे मुख उसका गंधाय
सदा आकर बैठे मेरे पास । ब्राह्मण जाण न बोलुं तास ॥
समझे नहीं सो पढकर ज्ञान।कल करूंगा मैं तस अपमान॥
यह सुन लागा मुझे अति दुःख। तुर्तही आ कहा आपसन्मुख ।
देखो आपका कहां उपकार। देखो राजा का कैसा विचार ॥ ६
कल से दूर बैठना आप । मुख पर बंध कोइ वस्त्र साफ ॥
यह चेताया आपके हितकाज। रखे बुरा मानो महाराज ॥
तरल विप्र कहे भली चेताइ। उपकार कोइ वक्त करूंगा भाइ
कल मुख बांध आवूंगा शभामांइ । अदबसे रहूंगा अब सदाइ
[illegible]नावी आया निज घरे। कलतो मजा देखूंगा भलीपरे
[illegible]रे दिन विप्रतैसाहि किया।राजा नावी का कहा सच लिया
[illegible]रोहित रसीली कथा सुनाय। राजा क्रोधसें गये भराय ॥
[illegible]का लिख्या सण कर दिया। पुरोहित उठ तब निज घर गया
[illegible]निक भी गया उनके लार। कहे देखा क्रोध नृपका [illegible] ॥
[illegible]रोहित कहे राखी रोजी थें मुझ। आज का इनाम [illegible]
[illegible]रक्का नावीक को दिया। नावी हर्ष कर निज घर गया ॥
[illegible]रोहित सुखे सूते घर सांच । [illegible]

दोहा—प्राते नावी [illegible] । [illegible] ॥

बांची भंडारी अचंभीयो ।छुरी गुप्त कर लेय ॥
एकान्त लेइ नाइ कों । दीनो नाक उडाय ॥
मैंनही मैंनही करतही । नावीक नकटो थाय ॥

चोपाइ

नावीक पुकार राय पे करी । राय कहे क्यों थे चिट्ठी गिरी ॥
नावीकतत्र गयोमन मुरझाय । राजातब पुरोहीत कोंबुलाय
पूछे क्यों रुक्कानाइको दिया । पुरोहितकहे उपकार उसनेकिया
नृपपूछेक्या किया उपकार । विप्र कहेन हुवा आपकागुन्हेगार
मुझ मुख गंध आपका मन दुभाय ।उसने चेताया बैठादूरआय
सुणी नावीक मायामोसीनृपजाण।जानापापीकीपापसेहाण ॥
निकला दियानावीको गामबार । पुरोहीतजीका कियासत्कार
कहे पुरोहीत सुनियोसिरदार।एक दोहा मुझ उपजाइसवार॥
दोहा—दगा किसीका सगा नहीं ।करदेखारे भाइ ॥
रुक्काती भटजी कोंपाया । नाक कटाया नाइ ॥

चोपाइ

योंसुन समजे सवहीमन मांय । सुज्ञमाया मोषादियाछिटकाय
जिसने छोडात्रो सुखिया भया । सुन हुवा दृष्टान्तयह कया ॥
दोहा—किंचित माया मोपासेनावीक पाया दुःख ॥
सदा करे ताकी कागति । जानी तजो वरो सुख ॥



मंजिल सतरवां-"माया मोसा पापोद्धार

उत्तारविभाग-सरलसत्य"

दोहा—आत्म सुखार्थी प्राणीयों। माया मोसा छोड ॥
सरलता सत्य समाचारे। भांगे अनादि खोड ॥१॥

चोपाइ

अंतरंग के शूद्ध परिणाम। सत्य सदा वर्तें सब ठाम ॥
एकांत सब का हित जो चहाय। सद्बोध कथे शसांक सांय ॥
उत्सूत्र का जबर है पाप। फरमाया जिनेश्वर आप ॥
एक अक्षर उलट पलट जो करे। तो अनंत संसारमें फिरे ॥
ऐसे जूल्म से डर गुणवंत। उत्सुत्र कदापि न वदंत ॥
यथा तथ्य जो सुत्र फरमाय। निज दुर्गुण जरा नहीं छिपाय।
जो न पल सके शुद्ध आचार। तो तिसा होवे सुन्न [illegible]॥
पण नहीं दुर्गुण को सद्गुण बनाय। नहीं मन [illegible]

संरलसत्यकोलथे प्रबोध-मनहर छंद

समय के अनुसारी । शक्ति नर के मझारी ॥
बने तैसेही आचारी । आत तैसेही विचारी है॥
जिसमें वशनलगारी । उसमें नहीं गुन्हे गारी ॥
कैसे बजन उठे भारी । जोहीन शक्ति धारी है॥
खपे करण अधिक तारी । गोपे शक्ति न लगारी।
तो भी नहीं पहोंचे पारी । तहां तो दरजा लाचारीहै
मत निन्दो नर नारी । वंदो गुनी वारम्बारी ।
सो अमोल तिरे तारी । कलयुग के मझारी है ॥६
जाने निजात्म सुधारी । सोही पर को उगारी ।
बिना छिद्र की नावारी । पोते तरे पर तारी है ।
कहा साधु कहा संसारी । लिंग तो परमीत कारी ।
नहीं भेष करे पारी । करे गुन भव पारी है ॥
गुन भेष दोनो मिले । तो निश्चय व्यवहार पले ।
शीघ्र भव फेरा टले । ऐसी जिनजी उचारी है ।
वाह्याभ्यन्तर विशुद्ध । येही मत श्री बुद्ध ।
अमोल यों धार पार । पाले गति चारी है॥७॥
कितने ही संसारी । डर उभय भव धारी ।
जो निवारी माया चारी । बने सचेही व्यापारी है ।
फक्त उदर पूर नारी । करे कार्य हो वेजारी ।

रमें धर्म में संसारी । मनसा नमति हारी है ॥
करे निजात्म निन्दारी । रटे गुणी गुण धारी ॥
सोहे जग में साधु सारी।जावूं ताकी वली हारीहै
माया मोषा जो निवारी । सोतो सदाशुद्धाचारी
अमोल यह संसारी । रहे धर्म को दीपारा है ॥ ८

इन्द्र विजय छंद

माया मोसा वस्य लोभ माने कस बातको सत्यनही दरसावे
मानी यश व धारण कारण धारी माया मीटी वातवनावे ॥
लोभी फसी महा आसकी फास खरी मेंखोटी वस्तु मिलावे
ज्ञानी जानी इन गुप्त ठगारों कोआन नदे पास सावध रहावे
पडे मानमें अकड सकड कर । एव छिपा निज श्लाघा उचारे
करे राइ और पहाड वतावत । खोटेको औपदे खर देखाडे ॥
धर्मी इसे जाने दुर्गति कारण । इह भवमें भी सति विगडे ॥
नकरे मान जो माया मोसाधर । अवसर आत्मा जानउद्धारे
सत्य आचर रुसत्य विचार है ; सत्य उचार करे जो नवाडे।
अवगुण गुण यथातथ्य जानत वखाणत उचित अवसर [illegible]
डर खुशामदी नकरे किनकी । नधरे गुनकी मन में [illegible]
मध्यस्त वृति स्मृति वहे लहसो अमोल भंपन [illegible] ।
सोही मुनीज्ञानी ध्यानी जगनमें [illegible] साधु [illegible]
संत महंत पदे सोभित नर सुरगन में [illegible] ॥

शाहा बादशाह की लायकी तामेही गुरु शिष्यसोहीगुणपाइ
जहां नहीं माया मोसा अमोलक तेही पुनित सदा सुखदाइ

कथा--चौतीसवीं

सरल सत्य के फल बतानेवाली-"केशी गोतमकी"

दोहा—अनेक ग्रही साधु गुनी।माया मोसा छोड ॥
आत्म परमात्म रूप करा।हुवे जग जंतु मोड ॥ १॥
अबी चतुर्थ काल में।केशी गौतम महाराज ॥
सरल भावसत्य आदरी।कर चरचा मिला समाज॥
श्रीउत्तराध्येन सूत्र के।तेवीस अध्याय अनुसार ॥
कथाकथुं सो सुणगुणी।करो ते कली में प्रसार ॥

चोपाइ

श्री पार्श्व प्रभुजी मुक्ति गया।श्री महावीर साशनसूरू जबभया
तब पार्श्व प्रभू के संतानिये।केशी कुमार श्रमण बखानिये॥
विद्या चरण गुण के सागर।पांचसो मुनि के संग परिवर ॥
आयेथे सावथी नगरी बारा।उतरै तिंदुक बाग मझार ॥५ ॥
उसी वक्त श्री गौतम स्वाम।महावीरके शिष्य गुण धाम ॥
पांच सो शिष्य सावत्थी बारा।उतरे कोष्टक बाग मझार ॥६
दोनों केसाधु मिल आपसमांय।देख भिन्नता संकित थाय ॥
लोकों केमन में भी भ्रम भया।दोनों जैन सत्य कोनसेरया॥

एक कहेथे महा वृत चार । दूसरे पंच महावृत के धार ॥
एक के वस्त्र है बहु मोल । एक के परिमाणिक धरे तोल॥
दोनों के परूपक जिनराज।दोनोंही खपते मुक्तिके काज ॥
निर्णय इसका होय तो भला।जरूर मिटा चाह गलवला॥
गोतम मन पर्यय ज्ञान धार।जाना साधू श्रावकका विचार॥
निर्णय करन का निश्चय करी।विनय भाव दिल में आदरी।
पहिले हुवे पार्श्व जिन मोटे जान।गोतम गये केशीजी स्थान
केशी गोतमका किया सत्कार।दोनों के मिले साधु हजार ॥
और नर नारी देव भरे अपार।कौतुक धरे केइ मन मझार॥
केशी गोतम दीपे शशी रवी परे।गणी गणधर का पद धरे

दोहा–केशी श्रमण तीन ज्ञानधर।गोतम धरे ज्ञान चार ॥
केशी श्रमण पश्नोकरे।अधिक ज्ञानी तस धार ॥

१ पार्श्व प्रभु कहे महाव्रृतचार।महावीर पंच महाव्रृत उच्चार
दोनों जिनेश्वर फेर क्यों यह।गोतम स्वामी उत्तर [illegible] ॥
पहिले जिन के साधु सरल जड।समझे दुर्लभ [illegible]॥
छेले जिनके मुनिजड और वक्र। दुर्लभ समजे [illegible]
इस लिये पंच महावृत किये। कनक कामणी [illegible] ॥
बाइस जिन मुनि सरल बुद्धिवंत।थोडेमें समझे [illegible] ॥
ममत्व त्याग चोथा महाव्रृत।करी कनक नारी [illegible]
अहो गोतम जी महा बुद्धिवान।पहिले प्रश्न का [illegible]
२ दुसरा प्रश्न वस्त्र आसरी। [illegible] ॥

गोतम कहे धर्म साधनलिंग होय।मूक्तिका कारण नहींहैसोय
लिंग से लोकको परतीत आय।मोक्ष साधन सहायक भीथाय
ज्ञान दर्शन चारित्र मोक्षदेय । दूसराभी मिट गया संदेह ॥
३ अनेक वैरीयोंके गणमें रही।कैसे उन्हेतुम जीतो सही ॥
गोतम कहे एक मनवश करे। तो इंद्रि कषाय सब वैरी डरे॥
४ अहो गोतम इस लोक के मांय।बहूतलोक फासमें रहेबंधाय
तुम फासकोछेदके विचरोकैसे।गोतम कहे सुनो केशीजीऐसे
जिनाज्ञा तीक्षण शास्त्र गिरी।राग द्वेष स्नेह पासछेदकरी ॥
हलका हो में विचरूं सदा । समझे चौथे प्रश्नका मुदा ॥
५ हृदय में लता अति बढ रही।विष भक्षण सम फल तसकही
सभूल नाश तस कैसे किया।गोतम केशी को उत्तर दिया॥
भव तृष्णा वेल अनंतहे ताय।जिनाज्ञा सम शस्त्र साय ॥
तस छेदी संतुष्ट सुखी रहुं । केशी कहे वली प्रश्न कहूं ॥
६ महाप्रज्वलितज्वाला तन मांय।बुद्धि बल सब गुण जलाय।
आश्चर्य तूम कैसे दीनी बूझाय।कहे गोतम सुनो सो उपाय
तीर्थंकर महा मेघ से हुइ बर्षाद।सुत्र धाराशीतल अगाध
कषाय अग्नि वुझा शीतल भयो।प्रश्न छठा को उत्तर कयो
७ दुष्ट अश्व वायू वेगी धाय।अरूढ हो चलावो आज्ञामांय।
आश्चर्य कारी तुम करो उपाय।गोतम तब उपाय बताय॥
मन घोडा सुत्र वचन लगाम।धर्म शिक्षण पलाण सुठाम॥
कुमार्ग तज सुमार्ग चलंत । केशी श्रमण सुणके हर्षंत ॥


८ बहूत जीव कुमार्गे जाय । सुमार्ग तुम रहे लगाय ॥
कारण किसा? गोतम फरमाय। सो सब मार्ग मूझे जणाय
तीनसो त्रेसठ पाखंड जेह । सर्व उन्मार्ग वरते तेह ॥
जिनाख्यात सन्मार्गे चलुं। कहे केशी कहयो यह भलुं ॥
९ महा पाणीके वेगके मांय। प्राणी तनाय बहूत दुःखपाय
तास शरण को है कोइ स्थान। कहे गोतम हां है जीसुजान ॥
जरा मरण भव सिंधु विषे। जीव बहूत तनाते दिशे ॥
धर्मद्वीप सरण सुख दातार। कहे केशी सत्य आप उचार ॥
१० नांवा एक महा समुद्रमझार। तामें गोतम तुम हो स्वार
किस विध होवेंगे सागर पार। कहे गोतमसुणो केशी कुमार
आत्म नावां में जीव सवार। रोके छिद्र सब आश्रव द्वार ॥
इस विध होवूं भव सिंधु पार। हर्षी केशी और पूछे सार॥
११ महा अंधकार जगत् के मांय। बहूत जीव रहे मुरझाय॥
प्रकाश करनेवाला कोन कहो। एकादश प्रश्नका उत्तर लहो
हूयेजिनेश्वर सूर्यप्रकाश। मिथ्यात्व तिमिर का हूवा नाश ॥
हिताहित देखत लगे भव्य जीव। उलुक सम सो पाखंडीव
१२ शारीरी मानसी दुःख मझार। पडरहे पीड मर्या संसार॥
क्षेम का स्थान कोनसा कहो। बारमें प्रश्न का उत्तर लहो॥
लोकाग्र ध्रुव है सिद्ध स्थान। खेम सिव अक्षय निर्वाण ॥
प्राप्त करन दुष्कर अतिकहा। प्राप्त किया सो सदा सुखी रहा॥
यों द्वादश प्रश्नोत्तर अन्त। केशी गोतम कोनसन ..... ॥

समय पलटा उसके अनुसार । केशी समण सर्व परिवार ॥
चार महावृतके पंच महवृत किये । हजासाधु सर्व एकत्रभये
सर्व लोक अति पाये आनन्द । गुण उचारे गये घर पगवंद ।
गोतम केशीरहेवीर ढिगआय । बहूत उपकार कियाजगमांय
दोनों मोक्ष पाये भगवंत।नाम लिये ही सुख वरतंत ॥

दोहा—माया मोसा तज कर।सरल सत्यता धार ॥
गोतम और केशी गुरू । पाये सुख अपार ॥४३॥
तैसे सब शरल सत्य धर।वरतो जग मझार ॥
तो दोनों भव सुख लहो।आखीर खेवा पार ॥
निज परात्म सुख वरन । माया मोसा पाप उद्धार
ऋषि अमोलख ने रचा।यह सतरवां आधिकार।४५

परम पूज्य श्री कहानजी।ऋषिजी महाराजकी
सम्प्रदायके बाल ब्रह्मचारि मुनि श्री
अमोलख ऋषीजी महाराज रचित
अघोद्धार कथागार ग्रंथका
माया मोसा पापोद्धार नामे
सतरवां—मंजल

समाप्तम्



मंजिल अठारवां
मिथ्यादंशण शल्य पापोद्धार
पूर्वविभाग—"मिथ्यात्व"



दोहा—पाप सतरे शिर शेहरो। मिथ्या दंशण शल्य ॥
काल अनादिसे जीवकोलगा यह महा मल्य ॥१॥
वार अनंती त्यागिये।जीव सत्तरेही पाप ॥
अठारवां त्यागे विना । तरीन आतमा आप ॥ २ ॥

चोपाइ

[illegible]था सो झुटा कहे वाय।दंशाण-श्रद्धा जो मन मांय ॥
[illegible]य रया कॉटे सा खुचाय । अष्टादशवा पाप [illegible] [illegible]॥
[illegible]थ्यात्व के मूल पंच प्रकार।अभिग्रह अनभिग्रही [illegible] ॥
[illegible]भिनिवशिक संशयी अनाभोग।यह अनादि [illegible] [illegible]॥
अभिग्रही मिथ्यात्वी वोही कहाय।निजग्रही मन [illegible]
[illegible]न्य सत्य पक्षीसे मिले नाया[illegible] सर्व श्रद्धा [illegible] [illegible] ॥

२ अना अभिग्रहो निर्बुद्धि होय । सत्यासत्य नहीं समझे सो
सर्वमत को माने एकही सार । समझायो नहीं समझे गींवार
३ अभिनिवेशिक अभीमानी नर । अपनो मत मिथ्याजान कर
गर्धव पूंछ ज्यों छोंडे नहीं । उत्सूत्र की अधिक वढाय ॥
४ संशयिक सत्य पक्षी सही । परन्तु मतिकी नुन्यतालही ॥
सर्वज्ञ कथित को मिथ्य. करे । शंकासे सम्यक्त्व कों हरे ॥
५ अनाभोग अन जाने लगे । चोबीस दंडमें खाली नहीं जा
डूबे इस वश्य में पडेजीव । भोगे अनंत संसार मे रीव ॥ १

दोहा—दोभेद मिथ्यात्य के । लोकीक लोकोत्तर जान
लोकीक लगे अन्य मतमें । स्वमत लोकोत्तर मान
एकेक के भेद तीन तीन । देव गुरु और धर्म ॥
सु-कुभेद मानता विषे । वरणु ताका मर्म ॥ ११

कुदेव गुरु वरणन्—मनहर छंद

मिथ्या मति प्राणी । अज्ञान मदिरा छकाणी ॥
देव गुरु धर्म खोटे । सत्य रहे मानी है ॥
ज्ञानादिक गुन विन । देव गुरु स्थापन किन ॥
हिंसा झूठ चोरी रत । पास राखे रानी है ॥
वस्त्रभूषण सजाय । फल फूल भीचाडाय ॥
धूप दीप अंतरादिक । सोभा बहू सजानी है ॥
भोग उपभोगरत । वहा कैसी वैरग्य मत ॥

देव गुरुये असत्य । अमोल मन ठानी है ॥ १२ ॥
मट्टी कष्ट धातु पाषाण । कारी गर घड ठाण ॥
जडको चैतन्य समान । मानत अज्ञानी है ॥
सजीवन मंत्र सुनाय । सोही ताको गुरु थाय ॥
तोभीज्ञान नहीं आय । रहे बिन ज्ञानी है ॥
जोग मुद्रा ताकी सजे । जाके आगे भोगलेग
ऐसी मोहदिशा जगे । कर्म बल वानी है ॥
कौनदेव कोन गुरु । गुन बिन जान करूं ॥
भरमायो भूलो जग । कैसे समजे ज्ञानी है ॥ १३
गुनसे विचार यार । सत्या सत्य निरधार ॥
कामी है सोही प्रत्यक्ष । जाके पास नारी है ॥
शत्रुवाले शस्त्र धरे । वाजिंत्री उदासधरे ॥
माला वाले बुद्धि हीन । सहाय निरा धारी है ॥
स्नान करे सोमलीन । जीव भक्षी दया हीन ॥
गंध इच्छि अन्नपत । लोभी व्याभिचारी है ॥
रुष्टदुःख तुष्ट सुख । देवे सो राग द्वेष युक्त ॥
लक्षणी जो ऐसे देवे । कैसे वो पुजारी हैं ॥
देवी जग अम्बा बजे । भैरु बाबा जग भजे ॥
मात तात जाग के कही । बनावे भिखारी हैं ॥
बकरे भैंसे कुकडे । घात ताके आगे करें ॥
रक्तको चढाय ताको । आप मांस आहारी हैं ॥

झूला झूली कोहै ख्याल । तामें धर्म माने बाल ॥
महा अनर्थ निपाय । कैसी अक्कल गइमारी है ॥
घूमे अंग देव लाय । केइ ढोंगतहां जमाय ॥
तोभी भोपा रु पुजारे । सदा देखते भिख्या रीहै ॥
जो अन्य को सताय । सोस्वपने नसुख पाय ॥
थापी मानी दो डूबाय । यामे वैम न लगारी है ॥
जड पूतला बनाय । वस्त्र भूषणे सजाय ॥
केइ ठाठ को जमाय । फेरे ग्रामके मझारी है ॥
नाचे हींजडे की तरे । ताता थै लटके करे ॥
गान तान नाना परे । ढोल जंजीरे झणकारी है ॥
छत्र चामर धराय । गुलाल अंतर उडाय ॥
प्रभु कर के बोलाय । खुशी ताकी करण धारी है ॥
धर्म प्रभावना समजाय । देखी आश्चर्य आय ॥
ऐसे बाल ख्याल रचे । कहो कैसे पावे पारी है ॥

कुगुरु लक्षण—मनहर छंद

कहूं गुरु गत भाइ । केत्ते इस जग मांही ॥
साधु शंन्याशी कहाइ । जोगी यति भीवजाइ है
षट काय को हनाइ । मृषा भाषा जो बोलाइ ॥
चोरी करे रुकराइ । करे संघटा जो नारी है ॥
धन का संचय करे । क्रोध मान माया धरे ॥

लोभे रागे द्वेष पडे । कलह कुआल ठारी है ।
चुगली निन्दा जो करे । हर्ष शोक कपट झूठवेर
ऐसे मिथ्यामति ताको कैसे गुरु धारी है ॥ १७ ॥
हुवे जगत् केपूज । रहे जगत् से धूज ॥
पेट के अर्थी अबूज । निज सूजन लगारी है ॥
परम्परा चली आइ । तैसा भेष लेवनाइ ॥
भेद भावन समजाइ । गावे राग ललकारी है ॥
वने कोडीके लाचार । फिरे सदा द्वारो द्वार ॥
साथ छोरा छोरी नार । और भार सिर भारी है॥
तेतो कहलाते महाराज । सजे वेगारी कासाज ॥
ताहे देखे आवे लाज । एक येही रुज गारी है ॥
केइ जटा कों बढाय । केइ मूंड जो मुडाय ॥
केइ भभूती रमाय । केइ नग्नही रेवता ॥
